

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,बुधवार 23 सितंबर 2026 ■ भाद्रपद शुक्ल पक्ष-12 ■ वर्ष -42 ■ अंक-175 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 24 सितंबर 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## ईसीआई का स्वतंत्र होना काफी नहीं; दिखना भी चाहिए

### विवादों के बीच जस्टिस दीपांकर दत्ता की बड़ी टिप्पणी




**नई दिल्ली,23 सितंबर।** सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों का चयन करने संबंधी 2023 के उस कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को बड़ी पीठ के पास भेजने के मामले में विभाजित फैसला सुनाया है, जिसके नियुक्ति पैनल से प्रधान न्यायाधीश को बाहर रखा गया है। मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एससी शर्मा ने मामले में अपनी अलग-अलग राय दी है, जिसके बाद अब यह मामला संविधान पीठ को भेजा गया है। इससे पहले बेंच की अध्यक्षता कर रहे जस्टिस दीपांकर दत्ता ने केंद्र की इस दलील को मानने से इनकार कर दिया कि याचिकाएं संवैधानिक महत्व के अहम सवाल उठाती हैं और उन्हें पांच जजों की संविधान पीठ के पास भेजा जाना चाहिए।

हालांकि, बेंच में शामिल दूसरे जज जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा, जस्टिस दत्ता की राय से सहमत नहीं थे। हालांकि, दोनों जज इस बात पर सहमत थे कि मामले को प्रशासनिक स्तर पर सीजेआई के सामने रखा जाए ताकि प्रभावी और अधिकारपूर्ण फैसले के लिए उचित संख्या वाली बेंच का गठन किया जा सके। इसके बाद हालांकि, दोनों जज इस बात पर सहमत थे कि मामले को प्रशासनिक स्तर पर सीजेआई के सामने रखा जाए ताकि प्रभावी और अधिकारपूर्ण फैसले के लिए उचित संख्या वाली बेंच का गठन किया जा सके।

जस्टिस दीपांकर दत्ता ने शुरुआती तौर पर कहा है कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़ा 2023 का कानून एक स्वतंत्र चयन प्रक्रिया सुनिश्चित करता हुआ नहीं दिखता। जस्टिस दत्ता का कहना है कि चयन समिति में प्रधानमंत्री द्वारा नामित व्यक्ति से यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि वह प्रधानमंत्री की बात न माने। उन्होंने कहा, "कैबिनेट मंत्रियों को शामिल करने से वह स्वतंत्र संतुलन नहीं बन पाता जो एक निष्पक्ष चयनकर्ता से मिलता। यह प्रक्रिया काफी हद तक केवल दिखावटी बनकर रह जाती है। जस्टिस दत्ता ने आगे टिप्पणी की, "स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव पूरी तरह से स्वतंत्र ईसीआई पर निर्भर करते हैं। ईसीआई का स्वतंत्र होना ही काफी नहीं है; उसे स्वतंत्र दिखना भी चाहिए।"

#### 2023 में संसद ने पलटा था कानून

2 मार्च 2023 को, सीईसी और ईसीएस की नियुक्ति को कार्यपालिका के दखल से बचाने के मकसद से दिए गए एक अहम फैसले में, पांच जजों की संविधान पीठ ने आदेश दिया था कि उनकी नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा एक समिति की सलाह पर की जाएगी, जिसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और सीजेआई शामिल होंगे। इसके बाद उसी साल सरकार ने अगस्त 2023 में एक बिल लेकर आई, जिसमें सीजेआई की जगह एक कैबिनेट मंत्री को पैनल में शामिल करने की बात थी। संसद ने इस बिल का पारित कर दिया और महीने के अंत तक राष्ट्रपति ने उस पर दस्तखत कर दिए। इसके बाद जनवरी 2024 में उस कानून को चुनौती दी गई थी।

#### पीएम मोदी फ्लोरिडा G20 समिट में शामिल होंगे

**नई दिल्ली,23 सितंबर।** पीएम नरेंद्र मोदी अमेरिका जा सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के दिसंबर में अमेरिका के फ्लोरिडा जाने की चर्चा है। सूत्रों के मुताबिक पीएम मोदी फ्लोरिडा G20 समिट में शामिल हो सकते हैं। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ मुलाकात भी हो सकती है। हालांकि यात्रा को लेकर फिलहाल भारत सरकार ने कोई भी आधिकारिक घोषणा नहीं की है। दरअसल2026 का G20 लीडर्स समिट 14 और 15 दिसंबर को फ्लोरिडा के ट्रंप नेशनल डोरल मियामी में होना है। इसकी मेजबानी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप करेंगे। इधर अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर भी कह चुके हैं कि पीएम मोदी दिसंबर में G20 के लिए अमेरिका आएंगे। हालांकि, भारत के विदेश मंत्रालय ने अभी पीएम मोदी की यात्रा का आधिकारिक ऐलान नहीं किया है। अगर पीएम मोदी फ्लोरिडा जाते हैं तो ट्रंप के साथ उनकी द्विपक्षीय बैठक भी हो सकती है।

#### ट्रंप पर आगबबूला हुए ईरान-क्यूबा

**वाशिंगटन,23 सितंबर।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाषण के दौरान ईरान और क्यूबा को धमकी देने पर दोनों देश भड़क गए हैं। ट्रंप के भाषण से आगबबूला होकर ईरान-क्यूबा ने बड़ा कदम उठाया। डोनाल्ड ट्रंप के संयुक्त राष्ट्र महासभा में संबोधन के दौरान ईरान और क्यूबा के प्रतिनिधियों ने सदन से वॉकआउट किया। दरअसल संयुक्त राष्ट्र महासभा में अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान के साथ संभावित समझौते और सैन्य कार्रवाई को लेकर कड़ा बयान दिया। ट्रंप ने ईरान के साथ पिछले छह महीनों से चल रहे सैन्य अभियानों और दोनों देशों के बीच संभावित समझौता ने होने पर सैन्य कार्रवाई की धमकी दी। ट्रंप ने अपने संबोधन में ईरान को लेकर कहा कि उनके सामने बड़ा फैसला है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या ईरान के साथ ऐसा समझौता किया जाए, जिससे वह दोबारा निर्माण कर सके और पहले से कहीं ज्यादा मजबूत देश बन सके। ट्रंप ने इसके साथ यह भी कहा कि दूसरा विकल्प इस्लामिक रिपब्लिक को तेजी से खत्म करना है, ताकि उसे दोबारा लोगों और देशों को नुकसान पहुंचाने का मौका न मिले। उन्होंने कहा, क्या मैं उन्हें बिना किसी भविष्य और आने वाली पीढ़ियों की उम्मीद के नरक में धकेल दूं? ट्रंप के इस भाषण से नाराज होकर ईरानी प्रतिनिधिमंडल के सदस्य सभा से बाहर निकल गए। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन और विदेश मंत्री अब्बास अराघची वार्षिक महासभा के लिए न्यूयॉर्क में मौजूद थे। हालांकि, ट्रंप के भाषण के दौरान दोनों महासभा के मुख्य कक्ष में मौजूद नहीं थे।

#### विधायक का मोबाइल हैक!

**कोरबा,23 सितंबर।** साइबर ठगी के मामलों से बचने के लिए पुलिस लगातार लोगों को सतर्क रहने की सलाह देती है। इसी बीच छत्तीसगढ़ से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। कोरबा में साइबर ठगों ने विधायक को भी नहीं छोड़ा। शातिर ठगों ने कोरबा जिले के पाली-तानाखार विधायक और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलेश्वर हीरासिंह मरकाम को निशाना बनाते हुए उनका मोबाइल हैक कर लिया। फिलहाल मोबाइल हैक होने के मामले की सूचना पुलिस साइबर अपराध से जुड़े पहलुओं की जांच की जा रही है।

## रक्तदान महादान महाकुंभ में बना वर्ल्ड रिकार्ड



रायपुर,23 सितंबर। रायपुर के बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयुर्वेद सेवा सम्मेलन के तहत रक्तदान महादान महाकुंभ का आयोजन किया गया. आयोजन में 3 हजार से ज्यादा लोगों ने रक्तदान किया. इनमें करीब 1100 महिलाएं और 2 हजार पुरुष शामिल रहे. बड़ी संख्या में महिलाओं के रक्तदान करने को आयोजन की खास उपलब्धि के तौर पर देखा गया. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए. इस दौरान डिप्टी सीएम अरुण साव, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, मंत्री केदार कश्यप, मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल समेत कई विधायक और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे. आयुर्वेद सेवा सम्मेलन में रक्तदान के लिए लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला. रक्तदान महादान महाकुंभ का आयोजन गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है. इस आयोजन को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा संकल्प अभियान के रूप में मनाया जा रहा है. इसी कड़ी में आयुर्वेद सेवा सम्मेलन का आयोजन किया गया है.सम्मेलन में रक्तदान के साथ-साथ अंगदान और देहदान के लिए भी लोगों को प्रेरित किया जा रहा है. इस आयोजन में 31 लोगों ने अंगदान का संकल्प लिया है, जिसमें अनुज शर्मा भी शामिल हैं. सीआरपीएफ और कलेक्टर ने पत्नी के साथ देहदान का संकल्प लिया है. भारत में प्राचीन काल से ही आयुर्वेद का विशेष महत्व रहा है. केंद्र सरकार ने आयुष मंत्रालय का गठन कर आयुर्वेद को बढ़ावा देने का काम किया है. देशभर में आरोग्य मंदिर बनाए जा रहे हैं. छत्तीसगढ़ सरकार भी स्वस्थ छत्तीसगढ़ की दिशा में लगातार काम कर रही है.

#### जम्मू-कश्मीर में दो पुलिसकर्मी कार में मृत पाए गए

**श्रीनगर,23 सितंबर।** जम्मू-कश्मीर में दो पुलिसकर्मियों की हत्या से हड़कंप मच गया है। जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले के बटोट में दोनों पुलिसकर्मी कार में मृत पाए गए। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वहीं मामले की जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। दरअसल हेड कांस्टेबल फरीद अहमद (नंबर 408/आरबीएन) और सिलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल (एसजीसीटी) मोहम्मद याकूब (नंबर 309/आरबीएन) 22 सितंबर की शाम रामबन जिले के बटोट में में एक कार के अंदर बेहोशी की हालत में मिले थे। लोगों ने दोनों को जिला अस्पताल रामबन पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दोनों जिला पुलिस लाइंस (डीपीएल) रामबन में तैनात थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार घटना का पता रात करीब 8:30 बजे चला।

## 9 टुकड़ों में मिला भारतीय का शव

### शारजाह में कर्नाटक के शख्स की नृशंस हत्या, मृतक की पत्नी और बेटे भी गायब

**दुबई,23 सितंबर।** संयुक्त अरब संयुक्त अरब अमीरात ग़ानी यूएई में भारतीय शख्स की नृशंस हत्या की गई है। यूएई के शारजाह में भारतीय की हत्या कर दी गई। भारतीय का शव 9 टुकड़ों में मिला। वहीं मृतक की पत्नी और बेटे के बारे में कोई जानकारी है। दोनों घटना के बाद से लापता हैं। कर्नाटक के उडुपी के रहने वाले अल्विन प्रकाश कुंदर पिछले 14 सालों से शारजाह एयरपोर्ट पर काम कर रहा था। अल्विन प्रकाश के भाई अनिल प्रशांत कुंदर ने बताया कि उनकी पत्नी टीना कुंदर जो मूल रूप से उडुपी के उद्यावर की रहने वाली हैं, वो शारजाह में टीचर के तौर पर काम करती हैं। उनका बेटा अभी वहां 10वीं कक्षा में पढ़ रहा है। दरअसल यह मामला तब सामने आया जब उनके परिवार को उनके लंबे समय तक गायब रहने की चिंता हुई। उनके भाई, जो भारत में हैं, ने उन्हें एक वॉइस मैसेज भेजा, लेकिन उन्हें हमेशा की तरह वॉइस रिप्लाई के बजाय एक टेक्स्ट मैसेज मिला। इस अजीब बातचीत से परिवार के सदस्यों को शक हुआ। इसके बाद रिश्तेदारों ने प्रकाश के काम की जगह पर संपर्क किया। उन्हें बताया गया कि वह भारत लौट आया है, जो गलत था। इसके बाद शारजाह में रहने वाले रिश्तेदारों ने पुलिस से संपर्क किया और गायब होने की फॉर्मल जांच की



मांग की। अपनी जांच के दौरान, पुलिस को कथित तौर पर प्रकाश की कार मिली और उसकी डिक्की में शव काटकर रखे गए थे। अल्विन प्रकाश कुंदर के भाई अनिल ने बताया कि जांच के दौरान ओमान जाने वाले रास्ते पर खड़ी कार की डिक्की के अंदर अल्विन प्रकाश का शव मिला। शव को 9 टुकड़ों में काटकर 2 बैग में भरा गया था। अनिल ने कहा कि परिवार को सोमवार को ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिली, जिसके बाद वे उडुपी में स्थानीय पुलिस के पास गए। हत्या के पीछे का मकसद अभी तक पता नहीं चल पाया है। अनिल ने कहा कि CCTV फ़ुटेज में 2 पुरुष और 1 महिला को इमारत से निकलते हुए देखा जा सकता है।

## ड्राइविंग लाइसेंस वैध नहीं तो भी पहले देना होगा मुआवजा

### हाईकोर्ट ने बीमा कंपनी को दिया 'पे एंड रिकवर' का आदेश

बिलासपुर,23 सितंबर। सड़क हादसे में वाहन दुर्घटना के मुआवजे को लेकर हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि वैध ड्राइविंग लाइसेंस नहीं होने पर बीमा पॉलिसी की शर्तों का उल्लंघन माना जा सकता है, लेकिन यदि हादसे के समय वाहन का बीमा वैध था, तो बीमा कंपनी को पहले मुआवजा देना होगा और बाद में वाहन मालिक-चालक से रकम वसूलने की छूट रहेगी। जस्टिस संजय कुमार जायसवाल की सिंगल बेंच ने दो अलग-अलग मोटर दुर्घटना मामलों में सुप्रीम कोर्ट के 'पे एंड रिकवर' यानी 'अदायगी एवं वसूली' के सिद्धांत को लागू करते हुए पीड़ित परिवारों को 28 लाख रुपये से अधिक का मुआवजा देने का आदेश दिया है। दंतेवाड़ा में 10 अक्टूबर 2018 की रात 19 वर्षीय हलधर बघेल दोस्तों के साथ पैदल दंतेश्वरी मंदिर जा रहा था। इसी दौरान बाइक क्रमांक सीजी 4-केपी 2757 ने उसे टक्कर मार दी। अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। माता-पिता संपत बघेल और दयामती ने मोटर यान अधिनियम की धारा 166 के तहत दावा किया। जगदलपुर के प्रथम अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने 15 जुलाई 2022 को 12.55 लाख रुपये और नौ प्रतिशत वार्षिक ब्याज देने का आदेश दिया। जांच में सामने आया कि चालक सुखचंद कश्यप द्वारा पेश किया गया ड्राइविंग लाइसेंस दंतेवाड़ा परिवहन कार्यालय से जारी नहीं हुआ था।

## पेशाब करने के बहाने बाहर निकला 354 का आरोपी फरार

**कोरबा,23 सितंबर।** पसान थाना पुलिस की अभिरक्षा में मौजूद एक स्थायी वारंटी पुलिसकर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया। आरोपी ने पेशाब करने की बात कहकर पुलिस से बाहर जाने की अनुमति ली और मौका मिलते ही वहां से भाग निकला। घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। फरार आरोपी की पहचान खीरचंद, पिता केवल सिंह, निवासी कुम्हारीसानी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ धारा 354 के तहत मामला दर्ज था और वह इस प्रकरण में स्थायी वारंटी था। इसी मामले में पुलिस उसे अपनी अभिरक्षा में लेकर कार्रवाई कर रही थी। पुलिस के मुताबिक अभिरक्षा के दौरान आरोपी ने पेशाब करने की बात कही। पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में बाहर जाने के दौरान उसने मौका देखकर वहां से दौड़ लगा दी और पुलिस की पकड़ से निकल गया। पुलिसकर्मियों ने आरोपी का पीछा कर उसे पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह फरार होने में कामयाब रहा। पुलिस अभिरक्षा से भागने के मामले में पसान पुलिस ने आरोपी खीरचंद के खिलाफ BNS की धारा 262 के तहत अलग से अपराध दर्ज किया है। अब पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है। फरार वारंटी की तलाश के लिए पुलिस की टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

पुलिस आरोपी के रिश्तेदारों और परिचितों से भी जानकारी जुटा रही है।

## कोहकामेटा में अवैध भरमार बंदूक बनाने का खुलासा, दो भाई बंदी

**नारायणपुर,23 सितंबर।** कोहकामेटा थाना क्षेत्र के ग्राम किहकाड़ में अवैध रूप से भरमार बंदूक बनाने और रखने के मामले में पुलिस ने दो भाइयों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध हथियारों के साथ हथियार निर्माण में इस्तेमाल होने वाली सामग्री भी बरामद कर जब्त की है। दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, 22 सितंबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम किहकाड़ निवासी जयराम पोयाम उर्फ करवो अपने भाई रामू पोयाम के साथ मिलकर अवैध रूप से भरमार बंदूक का निर्माण कर रहा है और हथियार अपने पास रखे हुए है। सूचना की तस्दीक के लिए थाना प्रभारी कोहकामेटा विनोद पासवान के नेतृत्व में पुलिस टीम ग्राम किहकाड़ पहुंची और संदिग्ध जयराम पोयाम के घर की घेराबंदी कर उसे पकड़ा। पूछताछ के दौरान जयराम ने अपने भाई रामू के साथ मिलकर अवैध रूप से भरमार बंदूक बनाने की बात स्वीकार की। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध हथियार एवं हथियार निर्माण में प्रयुक्त सामग्री बरामद कर विधिवत जब्त की। पुलिस की कार्रवाई में चार भरमार बंदूकें बरामद हुई हैं। इसके अलावा हथियार बनाने में




इस्तेमाल होने वाली अन्य सामग्री भी जब्त की गई है। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि आरोपियों द्वारा तैयार किए जा रहे हथियारों का इस्तेमाल किसी अन्य आपराधिक गतिविधि में किया गया था या नहीं।

मामले में कोहकामेटा थाने में अपराध क्रमांक 08/2026, धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत




## स्मृति ईरानी छग भाजपा प्रदेश प्रभारी, सिद्धार्थ शंभू सह प्रभारी

**रायपुर,23 सितंबर।** स्मृति ईरानी को छत्तीसगढ़ भाजपा की नई प्रदेश प्रभारी बनाया गया है। उन्हें हरियाणा का भी प्रभार दिया गया है, जबकि सिद्धार्थ शंभु को सह प्रभारी की जिम्मेदारी मिली है।

श्रीमती स्मृति ईरानी जी को छत्तीसगढ़ की प्रदेश प्रभारी नियुक्त किए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रकट की। इससे पहले भाजपा की नई टीम में स्मृति ईरानी को राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया था। संगठनात्मक राजनीति में उनकी सक्रिय भूमिका और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान को देखते हुए उन्हें महत्वपूर्ण राज्यों की जिम्मेदारी दिए जाने की चर्चा थी। सुनील बंसल को तेलंगाना और पश्चिम बंगाल, गजेंद्र पटेल को झारखंड और हरीश द्विवेदी को बिहार और कर्नाटक की जिम्मेदारी दी गई है। डी. पुरंदेश्वरी के बाद स्मृति ईरानी छत्तीसगढ़ बीजेपी की दूसरी महिला प्रदेश प्रभारी हैं। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार है और संगठन के लिहाज से प्रदेश प्रभारी की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है। नए प्रभारी को सरकार और संगठन के बीच बेहतर समन्वय, कार्यकर्ताओं से संवाद और आगामी राजनीतिक रणनीति तैयार करने की जिम्मेदारी संभालनी होगी। छत्तीसगढ़ गठन के बाद भाजपा के प्रदेश प्रभारियों में माया सिंह और शुरुआती दौर में नरेंद्र मोदी का नाम रहा। इसके बाद धर्मेंद्र प्रधान (2007-2010), जे.पी. नड्डा (2010-2014), रामशंकर कठेरिया (2014-2015) और अनिल जैन (2015-2020) ने संगठन की जिम्मेदारी संभाली। 2020 से 2022 तक डी. पुरंदेश्वरी, 2022 से ओम प्रकाश माथुर और जुलाई 2024 से सितंबर 2026 तक नितिन नवीन प्रदेश प्रभारी रहे। नितिन नवीन को भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया। अब सितंबर 2026 से स्मृति ईरानी को प्रदेश प्रभारी और सिद्धार्थ शंभू को सह प्रभारी बनाया गया है। श्रीमती स्मृति ईरानी जी का दीर्घकालिक राष्ट्रीय अनुभव, राष्ट्रसेवा एवं संगठन के प्रति समर्पण निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ में हमारे संगठन और जनसेवा के संकल्प को और अधिक सशक्त बनाएगा।श्री सिद्धार्थ शम्भू जी को भी छत्तीसगढ़ के सह-प्रभारी का दायित्व मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। आपके सक्रिय सहभागिता से संगठनात्मक कार्यों को और गति मिलेगी।विभिन्न राज्यों में नवनियुक्त प्रदेश प्रभारियों एवं सह-प्रभारियों को भी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

- 1998- फेमिना मिस इंडिया प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इसके बाद मॉडलिंग और मनोरंजन की दुनिया में सक्रिय रहीं।
- 2000- टीवी सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' से घर-घर पहचान मिली।
- 2003- भाजपा में शामिल हुईं और सक्रिय राजनीति की शुरुआत की।
- 2004- भाजपा युवा मोर्चा से जुड़ी संगठनात्मक जिम्मेदारियां निभाईं और चुनावी राजनीति में सक्रिय हुईं।
- 2010- भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनीं।
- 2011- गुजरात से राज्यसभा पहुंचीं।
- 2014- अमेठी से लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव लड़ा। चुनाव हारने के बावजूद राष्ट्रीय राजनीति में उनकी भूमिका प्रमुख हुई। इसी साल नरेंद्र मोदी सरकार में मानव संसाधन विकास मंत्री बनीं।
- 2016- कपड़ा मंत्री का कार्यभार मिला।
- 2017-18- सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की जिम्मेदारी भी संभाली।
- 2019- अमेठी से दोबारा चुनाव लड़ा और राहुल गांधी को हराकर लोकसभा पहुंचीं। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में महिला एवं बाल विकास मंत्री बनीं।
- 2022- अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार संभाला।
- 2024- अमेठी से लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के केएल शर्मा से हार गईं। इसके बाद केंद्र की मोदी सरकार में मंत्री पद पर नहीं रहीं।
- अगस्त 2026 - भाजपा के राष्ट्रीय संगठन में वापसी—राष्ट्रीय महामंत्री नियुक्त की गईं। उन्हें उत्तर प्रदेश का प्रभारी बनाया गया।
- 23 सितंबर 2026 - भाजपा ने स्मृति ईरानी को छत्तीसगढ़ और हरियाणा का प्रभारी बनाया है। यह उनकी संगठनात्मक भूमिका में नया विस्तार है।

#### सांसद अनिल बलूनी ाजपा संचार विभाग के राष्ट्रीय समन्वयक व आशीष राष्ट्रीय मीडिया संयोजक बनने

वरिष्ठ भाजपा सांसद अनिल बलूनी को संचार विभाग का राष्ट्रीय समन्वयक व आशीष उषा अग्रवाल को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय मीडिया संयोजक नियुक्त किए जाने पर भाजपा प्रदेश मुख्य प्रदेश प्रवक्ता एवं सांसद संतोष पाण्डेय ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं। भाजपा मुख्य प्रदेश प्रवक्ता एवं सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि श्री बलूनी व श्री अग्रवाल के मार्गदर्शन में मीडिया के क्षेत्र में नवाचार होगा और संगठन की विचारधारा एवं जनहितैषी कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुँचाया जा सकेगा। उनका अनुभव और कुशल नेतृत्व निश्चित रूप से पार्टी के मीडिया कार्य को नई दिशा प्रदान करेगा।




#### गोमती साय गुजरात व सौरभ सिंह झारखंड के सह-प्रभारी

रायपुर। भाजपा ने छत्तीसगढ़ के पत्थलगांव विधानसभा क्षेत्र से विधायक गोमती साय को गुजरात का सह-प्रभारी नियुक्त किया है। वहीं, अकलतरा के पूर्व विधायक सौरभ सिंह को झारखंड का सह-प्रभारी बनाया गया है। भाजपा की ओर से जारी नियुक्तियों के अनुसार, गुजरात में तरुण चुघ को प्रभारी बनाया गया है, जबकि गोमती साय और अजय महावर को सह-प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं झारखंड में गजेंद्र पटेल को प्रभारी नियुक्त किया गया है। झारखंड के सह-प्रभारियों में छत्तीसगढ़ के पूर्व विधायक सौरभ सिंह और बिहार की निवेदिता सिंह को जिम्मेदारी दी गई है।




#### कोई फर्क नहीं पड़ेगाः विकास

स्मृति ईरानी को बनाया गया छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश प्रभारी मामले में पूर्व विधायक विकास उपाध्याय का बयानछत्तीसगढ़ प्रदेश का प्रभारी किसी को भी बनाएं कोई फर्क नहीं पड़ता भारतीय जनता पार्टी ने और अच्छा कर दिया आज पूरे देश की महिला स्मृति ईरानी को खोज रही हैक्योंकि जब यूपीए की सरकार थी प्याज की माला पहनकर आंदोलन गैस के दाम बढ़े थे तो गैस की टंकियां को हाथों में उठाकर प्रदर्शन करती थीकेंद्र में आज 12 साल से भारतीय जनता पार्टी की सरकार है महंगाईचरम पर हैप्रदेश की महिलाएं महंगाई को लेकर स्मृति ईरानी से सवाल पूछेंगी 2028 में कांग्रेस की सरकार बनेगी भारतीय जनता पार्टी में आपसी में मतभेद और मनभेद है.

## एक नजर

### हिंदी पखवाड़े में इंद्रधनुष रंग है अनेक,भाव है एक का आयोजन

**भिलाई, 23 सितम्बर (तछसं.)।** साहित्य समिति आरंभ की ओर से हिंदी पखवाड़े के उपलक्ष्य में इंद्रधनुष रंग हैं अनेक, भाव है एक का आयोजन 27 सितंबर रविवार को किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य सलाहकार आचार्य महेशचंद्र शर्मा करेंगे। मुख्य अतिथि शिक्षाविद प्रो. डॉ. देवेंद्रनाथ शर्मा होंगे, व्यंग्यकार विनोद साव अतिथि वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। तारकनाथ चौधुरी विषय प्रवर्तन करेंगे। मुख्य संचालन राकेश गुप्ता रुसिया तथा संचालन महासचिव शायरा नुरूस्सबाह खान सबा करेंगी। संध्या साटकर सरस्वती वंदना प्रस्तुत करेंगी एवं स्वागत उद्बोधन अध्यक्ष प्रदीप भट्टाचार्य देंगे, अमृता मिश्रा आभार प्रदर्शन करेंगी। प्रवक्ता जाविद हसन भाईजान ने बताया कि संस्था के रचनाकार शब्दों और भावों के विविध रंगों को एक मंच पर प्रस्तुत करेंगे।

### प्राणघातक हमला,एक गिरफ्तार



**भिलाई, 23 सितम्बर (तछसं.)।** ट्रक में डीजल भरवाने के दौरान वाहन को पीछे हटाने के बात को लेकर विवाद के बाद हल्पर व ट्रक चालक ने प्राणघातक हमला करने के मामले में पुलिस ने एक को गिरफ्तार किया है जामुल टीआई राकेश खुटेश्वर ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड भिलाई निवासी धनंजय शर्मा ट्रक में डीजल डलवाने के लिए राहुल पेट्रोल पम्प जामुल पहुंचा था पेट्रोल पम्प पर पूर्व से खड़े ट्रक सीजी 04 क्यूबी 1851 के चालक हेल्पर ने ट्रक हटाने की बात को लेकर पीड़ित पक्ष के चालक नितीश कुमार से विवाद और गाली गलौज हो गई तभी हेल्पर ने हाथ-मुक्का से मारपीट करना शुरु कर दिया ट्रक चालक ने जान से मारने की धमकी देकर धारदार हथियार से नितीश कुमार के सिर पर हमला कर चोट पहुंचाया विवेचना के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश कर घेराबंदी कर ईडब्लूएस 410, हाउसिंग बोर्ड जामुल निवासी लखविंदर सिंग उर्फ पिंटू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लोहे का धारदार हथियार जब्त किया है जिसे न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया वहीं फरार आरोपी जसनदीप सिंग जामुल थाने पुलिस पकड़ से बाहर है जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है ।

### अवैध शराब बरामद, आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 23 सितम्बर (तछसं.)।** भिलाई कुम्हारी थाना क्षेत्र में पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि केवलचाम रोड परसदा कुम्हारी क्षेत्र में एक व्यक्ति अवैध रूप से देशी शराब की बिक्री कर रहा है सूचना पर पुलिस टीम मौके पर घेराबंदी कर आरोपी डालेन्द्र उर्फ डालू सेन (20 साल ) निवासी वार्ड -16, परसदा थाना कुम्हारी को पकड़ा आरोपी के पास रखी सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी की तलाशी लेने पर उसमें 30 पौवा शोले देशी मसाला शराब मिली आरोपी के कब्जे से शराब बिक्री की रकम 100 भी बरामद की है।

### आयकर टीम ने मकान सील किया

**भिलाई, 23 सितम्बर (तछसं.)।** कोल लेवी घोटाले के आरोपी सूर्यकांत तिवारी से जुड़ी भिलाई के जुनवानी स्थित ए-1 सूर्या रेजिडेंसी की एक संपत्ति पर आयकर विभाग ने कार्रवाई की है विभाग की टीम ने करीब 200 वर्गमीटर में फैले मकान को सील कर अपने कब्जे में ले लिया कार्रवाई के दौरान आयकर विभाग के अधिकारियों के साथ तहसीलदार और पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा बेनामी संपत्ति मामले में कार्रवाई आयकर विभाग ने इस संपत्ति को बेनामी संपत्ति से जुड़े मामले में कार्रवाई करते हुए सील किया है. मकान में पहले मनीष उपाध्याय रह रहे थे विभाग की ओर से पहले उन्हें नोटिस जारी किया गया था इसके बाद मकान को खाली करा लिया गया मुनादी कर मकान सील करने की कार्रवाई कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आयकर विभाग की टीम संपत्ति को सील करने पहुंची सुरक्षा के मद्देनजर मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था कार्रवाई के दौरान ढोल बजाकर प्रॉपर्टी सील करने की मुनादी भी कराई गई टीम ने मकान को विधिवत सील करने के बाद संपत्ति को अपने कब्जे में ले लिया कोल लेवी घोटाले में आयकर विभाग की बड़ी कार्रवाई बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई कोल लेवी घोटाले से जुड़े मामलों में आयकर विभाग की ओर से की जा रही संपत्तियों की जांच और कार्रवाई का हिस्सा है विभाग की टीम ने संबंधित दस्तावेजों और कानूनी प्रक्रिया के आधार पर यह कदम उठाया है. जुनवानी की इस संपत्ति पर हुई कार्रवाई के बाद इलाके में काफी चर्चा रही. फिलहाल मकान आयकर विभाग के कब्जे में है और उसे सील कर दिया गया है।

### संदिग्ध जोड़े से पुलिस ने की पूछताछ

**भिलाई, 23 सितम्बर।** भिलाई के खमरिया में बने पीएम आवास से मिल रही अवैध गतिविधियों की जानकारी आज दुर्ग पुलिस ने वहां सुबह सरप्राइज चेकिंग की भिलाई नगर सीएसपी निशांत पाठक के नेतृत्व में तीन थाना प्रभारी की टीम ने यहां सुबह 5 बजे दबिश दी इधर चेकिंग के दौरान यहां पर संदिग्ध रूप से रह कपल्स से पुलिस ने पूछताछ की इन प्रधानमंत्री आवास को मकान मालिक ने किराए पर दे रखा है, जिसमें कई युगल जोड़े लाइव इन में रह रहे हैं। इन लोगों ने यह मकान कब से और किनसे से किराए में लिया है यह पूरी जानकारी पुलिस जुटा रही है भिलाई नगर सीएसपी निशांत पाठक ने बताया कि पीएम आवास को किराए में नहीं दिया जा सकता और इस कॉलोनी में कई लोगों ने अपने मकान को किराए पर दे रखा है। जिसके चलते यह पूरी कार्रवाई की जा रही है उन्होंने बताया कि इसकी एक सूची बनाकर निगम को सौंपी जाएगी,

# भिलाई के 70 वार्डों में संगठन मजबूत करने जिला भाजपा ने बनाई रणनीति




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 23 सितम्बर।** आगामी नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भाजपा जिला भिलाई ने मंगलवार को कला मंदिर में भिलाई नगर निगम के सात मंडलों की बैठक आयोजित की गई। शुभारंभ भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा कि चुनावी तैयारी निरंतर चलने वाली संगठनात्मक प्रक्रिया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर संपर्क अभियान शुरू कर बूथ और मोहल्ले के प्रत्येक परिवार तक पहुंचाने का आह्वान किया। प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने कहा कि सभी 70 वार्डों में संगठन को मजबूत करने के लिए वार्ड और बूथ स्तर पर स्पष्ट कार्ययोजना के साथ काम करना होगा। क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी ने सरकार के विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों की जानकारी जनता तक पहुंचाने की बात कही। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय ने कार्यकर्ताओं को लगातार जनता के बीच रहने तथा मतदाता सूची के अध्ययन के साथ पात्र नागरिकों को निर्वाचन प्रक्रिया में आवश्यक सहयोग देने पर जोर दिया। सांसद विजय बघेल ने बूथ स्तर की तैयारियों को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर दुर्ग संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही, जिला भिलाई प्रभारी रामजी भारती, जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष राकेश पांडेय, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, भिलाई नगर विधानसभा प्रभारी इन्द्रजीत सिंह गोल्डी सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष-महामंत्री, निगम पार्षद एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सेक्टर-10 गणेश पंडाल में अवैध पार्किंग शुल्क वसूली पर निगम ने की कार्रवाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 23 सितम्बर।** सेक्टर-10 स्थित गणेश पंडाल में अवैध रूप से पार्किंग शुल्क वसूले जाने की शिकायत पर नगर निगम की टीम ने कार्रवाई की। आयुक्त सुरुचि सिंह के आदेश एवं जोन आयुक्त येशा लहरे के निर्देश पर निगम की टीम ने संध्याकाल में स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शिव मानस गणेशोत्सव समिति द्वारा किसी प्रकार का पार्किंग शुल्क लिया जाना नहीं पाया गया। वहीं सिद्धि विनायक गणेशोत्सव समिति, सेक्टर-10 द्वारा 'स्वास्तिक सायकल स्टैंड' के नाम से दुपहिया एवं चौपहिया वाहनों से 10, 20 और 30 रुपये पार्किंग शुल्क वसूले जाने की पुष्टि हुई। निगम की टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए पार्किंग शुल्क वसूली में इस्तेमाल की जा रही 5 कट्टा रसीदें जब्त कर लीं। समिति के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से पार्किंग शुल्क की वसूली बंद करने की हिदायत दी गई। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भविष्य में इस प्रकार की अवैध वसूली करते पाए जाने पर संबंधितों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम द्वारा गणेशोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं और नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी की जा रही है। निगम ने गणेशोत्सव समितियों से निर्धारित नियमों का पालन करने तथा श्रद्धालुओं से किसी भी प्रकार की अनधिकृत राशि नहीं वसूलने की अपील की है। कार्रवाई के दौरान नगर निगम भिलाई जोन क्रमांक-5 के सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम सहित पुलिस प्रशासन भिलाई नगर की टीम मौजूद रही।

## आस्था का श्रीगणेश विसर्जन महोत्सव और पुरस्कार वितरण 25 सितंबर को

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 23 सितम्बर। आस्था रथ सांस्कृतिक मंच द्वारा श्री गणेश विसर्जन महोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह 25 सितंबर को आयोजित होगा। कार्यक्रम शाम 7 बजे से सेल परिवार चौक, सिविक सेंटर में होगा। इससे पहले शहर में स्थापित भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं को समितियां झांकियों के रूप में सेंट्रल एवेन्यू से लेकर निकलेंगी। आयोजन अध्यक्ष मिथलेश ठाकुर एवं संयोजक अनुभूति भाकरे ठाकुर ने बताया कि आयोजन में शहर के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और गणेशोत्सव समितियों के पदाधिकारी शामिल होंगे। आयोजन को आकर्षक बनाने के लिए सीनियर एवं जूनियर वर्ग में सर्वश्रेष्ठ पंडाल, सर्वश्रेष्ठ प्रतिमा, सर्वश्रेष्ठ पूजन समिति और सर्वश्रेष्ठ झांकी सहित विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। आयोजन में शामिल होने वाली सभी समितियों का भी सम्मान किया जाएगा। समाज में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पांच विशिष्ट व्यक्तियों को भिलाई रत्न सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। वहीं स्व. प्रकाश भाकरे एवं स्व. बीरा सिंह की स्मृति में दो लोगों को सहयोग राशि प्रदान की जाएगी। आयोजन अध्यक्ष मिथलेश ठाकुर ने बताया कि हर वर्ष कार्यक्रम की अलग थीम रखी जाती है। इस वर्ष आयोजन में छत्तीसगढ़ के नक्सल मुक्त होने की खुशियां मनाई जाएंगी।

### 25 सितंबर से 6 अक्टूबर तक होगा आंगन मिलन उत्सव

धमतरी, 23 सितंबर । सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में 25 सितंबर से 6 अक्टूबर 2026 तक आंगन मिलन उत्सव आयोजित किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा इस संबंध में जिले की समस्त एकीकृत बाल विकास परियोजनाओं के परियोजना अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## कफ सिरप तस्करी मामले में दो को 15-15 साल की सजा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 23 सितम्बर।** नशीली कफ सिरप की तस्करी के मामले में दुर्ग की विशेष एनडीपीएस अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है कोर्ट ने अंकित यादव और केवल देवांगन को दोषी ठहराते हुए दोनों को 15-15 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दोनों पर 1-1 लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर दोनों दोषियों को एक-एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा

### 2022 में पकड़ा गया था कोडीनयुक्त कफ सिरप

मामला वर्ष 2022 का है मोहन नगर थाना पुलिस ने आदित्य नगर के पास कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को पकड़ा था। पुलिस के अनुसार, उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में कोडीनयुक्त कफ सिरप बरामद की गई थी मोहन नगर थाने पुलिस ने जब्ती और अन्य साक्ष्यों के आधार पर दोनों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में चालान पेश किया था ठोस साक्ष्यों के आधार पर दोषी करार मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत के समक्ष पुलिस कार्रवाई से जुड़े साक्ष्य और दस्तावेज प्रस्तुत किए गए। अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अंकित यादव और केवल देवांगन को दोषी पाया इसके बाद विशेष एनडीपीएस न्यायालय ने दोनों को 15-15 वर्ष के सश्रम कारावास और एक-एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई जुर्माना नहीं भरा तो एक साल और जेल अदालत के आदेश के मुताबिक, दोनों दोषियों को निर्धारित अर्थदंड की राशि भी जमा करनी होगी। 1 लाख रुपये का अर्थदंड नहीं चुकाने पर प्रत्येक दोषी को एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा करीब चार साल पुराने इस मामले में अदालत के फैसले के बाद नशीली कफ सिरप की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई में एक और महत्वपूर्ण न्यायिक फैसला सामने आया है।

## चंद्रा मौर्या चौक से निगम ने हटाया कमजोर स्वागत द्वार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 23 सितम्बर।** शहर में सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा प्रमुख मार्गों और चौक-चौराहों पर असुरक्षित एवं यातायात प्रभावित करने वाली संरचनाओं को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आयुक्त सुरुचि सिंह के निर्देश पर जोन क्रमांक-1 की टीम ने चंद्रा मौर्या चौक स्थित स्वागत द्वार को हटाया। जोन आयुक्त डी.के. कोसरिया के नेतृत्व में सहायक राजस्व अधिकारी शशांक शेखर एवं राजस्व टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। निगम अधिकारियों के अनुसार चंद्रा मौर्या चौक शहर के प्रमुख एवं व्यस्ततम मार्गों में शामिल है, जहां दिनभर बड़ी संख्या में वाहनों और राहगीरों की आवाजाही रहती है। चौक पर स्थापित स्वागत द्वार की लोहे की संरचना कमजोर हो चुकी थी और उसके सुरक्षित नहीं होने की स्थिति को देखते हुए उसे हटाया गया। अधिकारियों ने बताया कि प्रमुख चौक-चौराहों और व्यस्त मार्गों पर बड़ी अथवा कमजोर संरचनाएं यातायात को प्रभावित करने के साथ दुर्घटना का कारण बन सकती हैं। वहीं सड़क किनारे या मार्ग के ऊपर लगी प्रचारात्मक संरचनाओं से वाहन चालकों का ध्यान विचलित होने की भी आशंका रहती है। निगम द्वारा शहर के प्रमुख मार्गों पर यातायात को सुचारू बनाए रखने और नागरिकों को सुरक्षित एवं सुविधाजनक आवागमन उपलब्ध कराने के लिए ऐसी संरचनाओं की निगरानी और आवश्यक कार्रवाई जारी रखी जा रही है।

### अवैध बैल परिवहन,एक गिरफ्तार

**भिलाई, 23 सितम्बर (तछसं.)।** भिलाई बैल का अवैध परिवहन करने वाले को पुलिस ने पकड़ा है सुपेला पुलिस ने बताया कि वार्ड 57 निवासी प्रिंस कसेर ने लिखित में शिकायत किया था। जिसमें वाहनसीजी 06 जीजेड 4506 में चालक शरद यादव एवं परिचालक त्रिलोक पटेल द्वारा एक लाल रंग के बैल को छावनी से सुपेला होते हुए नागपुर की ओर लेकर जा रहे थे। नेहरू नगर भिलाई के पास पहुंचने पर लाल रंग का बैल वाहन में लदा हुआ दिखा बैल के परिवहन से जुड़े दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया ।

## 16 लाख की धोखाधड़ी के मामले में जुर्म दर्ज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 23 सितम्बर।** बजाज एवं आईडीएफसी बैंक से मोबाइल, एसी. मोटर साइकिल एवं अन्य सामान को फायनेस के माध्यम से खरीदी कराकर रकम को पटाने के नाम पर 16 लाख की धोखाधड़ी की है रिपोर्ट पर पुलिस मामले में आरोपी जसप्रीत उर्फ प्रिंस, भोजराज रॉय उर्फ भोजू के खिलाफ धारा 318 (4) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है स्मृतिनगर चौकी पुलिस ने बताया कि मनीष डहरवाल (32 साल) निवासी आर्य नगर चौहान किराना स्टोर के पास कोहका वेल्डिंग एवं फैब्रिकेशन का कार्य करता है उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि लगभग 3-4 माह पूर्व उसके मित्र भोजराज उर्फ भोजू के माध्यम से उसकी पहचान जसप्रीत सिंह उर्फ प्रिंस निवासी कुरुद रोड से हुई थी जान-पहचान होने के बाद जसप्रीत सिंह उर्फ प्रिंस प्रार्थी को विश्वास में लेकर बताया कि वह गोल्ड लोन संबंधी ऑफिस कार्य प्रारंभ कर रहा है। इसके लिए उसे एक लैपटाप की आवश्यकता है। उसने प्रार्थी को अपने नाम से लैपटॉप फाइनेंस करवा कर देने तथा मासिक किस्त वह स्वयं जमा करने की बात कही। इसके बाद अपने नाम से लैपटॉप फाइनेंस करवाकर उसे दे दिया। लैपटाप फाइनेंस करवाने के बाद जसप्रीत



सिंह उर्फ प्रिंस ने प्रारंभ में केवल 02 किश्तें जमा की इसके बाद उसने फाइनेंस की किश्ते जमा करना बंद कर दिया इसी संबंध में जानकारी लेने पर प्रार्थी को पता चला कि भोजराज उर्फ भोजू के माध्यम से परिचित हुए अन्य व्यक्तियों के साथ भी जसप्रीत सिंह उर्फ प्रिंस द्वारा इसी प्रकार की बात कर उनके नाम से वाहन एवं अन्य सामान फाइनेंस करवाया गया है तथा बाद में उनकी फाइनेंस की किश्तें जमा नहीं की गई हैं

## समाचार संक्षेप

### डीजी जेल ने किया खुली जेल का शुभारंभ



**भिलाई, 23 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जेल सुधार की दिशा में एक नई शुरुआत हुई है प्रदेश का पहला ओपन करेक्शनल इंस्टीट्यूशन यानी खुली जेल अब दुर्ग केंद्रीय जेल में शुरू हो गया है डीजी जेल हिमांशु गुप्ता ने इसका औपचारिक शुभारंभ किया इस मौके पर जेल अधीक्षक मनीष संभाकर समेत जेल विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और बंदी मौजूद रहे ओपन जेल में 30 बंदियों के रहने की व्यवस्था जेल की सबसे खास बात यह है कि यहां अच्छे आचरण और निर्धारित पात्रता वाले बंदियों को सामान्य जेल व्यवस्था से अलग काम करने का अवसर दिया जाएगा फिलहाल यहां 30 बंदियों के रहने की व्यवस्था की गई है इन में से चयनित बंदी सुबह निर्धारित काम के लिए जेल परिसर से बाहर जा सकेंगे और दिनभर काम करने के बाद शाम 6 बजे तक वापस जेल लौटना होगा यह खुली जेल परिसर के अंदर ही है और कैदी जेल परिसर के कैंटीन गौशाला और अन्य जगह पर काम कर सकेंगे दुर्ग जेल अधीक्षक मनीष संभाकर ने बताया कि शुरुआत में 9 बंदियों को काम के लिए बाहर जाने की अनुमति दी जाएगी यानी बंदियों को जेल की चारदीवारी के भीतर रखने के साथ-साथ उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में भी प्रयास किया जाएगा अच्छे आचरण वाले कैदियों को मिलेगा मौका मनीष संभाकर ने बताया कि इस व्यवस्था का उद्देश्य सिर्फ बंदियों को बाहर भेजना नहीं? बल्कि उनके अच्छे आचरण अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना है जेल प्रशासन का कहना है कि अच्छे आचरण वाले बंदियों का चयन कर उन्हें नियंत्रित व्यवस्था में काम करने का अवसर दिया जाएगा? कोई परिसर नहीं किया गया तैयार खास बात यह है कि ओपन जेल के लिए अलग से नया परिसर तैयार नहीं किया गया है बल्कि दुर्ग केंद्रीय जेल में पहले से मौजूद अधोसंरचना का उपयोग करते हुए यह व्यवस्था विकसित की गई है जेल प्रशासन को उम्मीद है कि यह पहल बंदियों को सुधार के साथ समाज में दोबारा स्थापित करने में मददगार सबित हो सकती है

### शिक्षा,साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मोहित कुमार का रोटरी क्लब ने किया सम्मान



**उतई, 23 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षक एवं रचनाकार मोहित कुमार शर्मा को रोटरी क्लब रायपुर द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में उन्हें उनकी विशिष्ट साहित्यिक एवं शैक्षणिक अभिरुचि के लिए सम्मानित किया गया। समारोह की उपस्थिति क्लब के अध्यक्ष डॉ. प्रीतालाल, सचिव एवं अन्य वरिष्ठ रोटेरियन पदाधिकारियों द्वारा बढ़ाई गई। शर्मा को पूर्व में प्रतिष्ठित मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण ज्ञानदीप के साथ-साथ खंड, जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर के कई महत्वपूर्ण पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर शब्द शिखर सम्मान 2026, नेहरू युवा केन्द्र युवा अवार्ड, सीप सम्मान, और सृजन संस्था द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया है।

### सिंटर प्लांट के सात कार्मिक कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित



**भिलाई, 23 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट में मुख्य महाप्रबंधक जगेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में सिंटर प्लांट-2 एवं 3 में उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन करने वाले सात कार्मिकों को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समारोह में नीलमाधव नायक, गोवर्धन, खुमान लाल साहू तथा सल्हाई मरांडी को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार सिंटर प्लांट-2 के प्रचालन अनुभाग से उदय कुमार राम, सीता राम यादव तथा दोमू चंद कपूर को कर्म शिरोमणि पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार विजेताओं को अधिकारियों द्वारा प्रवीणता प्रमाण-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान किए गए। इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रभारी राहुल बिजुरकर, महाप्रबंधक दामोदरन विजिथ, डी.एस. परिहार, एल.सी.पी. डोडी, महाप्रबंधक ए.के. बेडेकर एवं एस.सी. चनवरिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। उप महाप्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता, सहायक महाप्रबंधक ए.के. रॉय, उप प्रबंधक एम.एस. राव एवं जी. गौतमन भी उपस्थित रहे। संचालन उप प्रबंधक गिरीश कुमार मढ़रिया ने किया। आयोजन में हेमंत भुआर्या एवं दानेश्वर डडसेना ने सहयोग प्रदान किया।

### लद्दाख में विनय कुमार ने 11,155 फीट ऊंचाई पर पूरी की हाफ मैराथन



**भिलाई, 23 सितम्बर।** भिलाई इस्पात संयंत्र में प्रबंधक के पद पर कार्यरत विनय कुमार ने लद्दाख की दुर्गम एवं चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में आयोजित हाफ मैराथन में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने समुद्र तल से करीब 11,155 फीट की ऊंचाई पर 21.1 किलोमीटर की दौड़ सफलतापूर्वक पूरी की। कार्य के साथ शारीरिक फिटनेस के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने इस उपलब्धि को विशेष बनाया है। उनकी सफलता कार्य और फिटनेस के बीच संतुलन बनाते हुए चुनौतीपूर्ण लक्ष्यों को हासिल करने का उदाहरण प्रस्तुत करती है।

# महापौर ने चयनित गणेश समितियों को किये पुरस्कृत

राजनांदगांव ,23 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़)। नगर निगम द्वारा वर्ष 2025 में आयोजित गणेश पर्व प्रतियोगिता में चयनित समितियों को पुरूस्कार वितरण करने नगर निगम टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में महापौर श्री मधुसूदन यादव ने निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम सहित पार्षदों व नामांकित पार्षदों की उपस्थिति में समितियो को पुरूस्कार का चेक वितरण किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नगर निगम हर वर्ष गणेश पर्व में प्रतियोगिता आयोजित कर गणेश प्रतिमा तथा विसर्जन झाकी में चयनित समितियो को पुरूस्कृत करती है। उन्होंने कहा कि संस्कारधानी राजनांदगांव हॉकी और झाकी के लिए प्रसिद्ध है। जिसकी प्रसिद्धि आज भी कायम है, जिसका उदाहरण कि तमाम विपरित परिस्थितियो में भी इसकी गरिमा और व्यापकता में कोई कमी नही आई है। महापौर श्री यादव ने कहा कि इस वर्ष से पुरूस्कार राशि में वृद्धि की जा रही है। जिसके आधार पर अब गणेश प्रतिमा में तीन गुना से



अधिक की बढोतरी की जायेगी। उसी प्रकार विसर्जन झाकी के दोनो वर्ग में प्रथम, द्वितीय व तृतीय की राशि में लगभग 10 हजार रूपये की वृद्धि की जायेगी। उन्होंने सभी पुरूस्कार प्राप्त करने वाली समितियो को बधाई देकर और अच्छी झाकी का निर्माण कर परंपरा को कायम रखने की अपील की। गणेश पर्व प्रतियोगिता में चयनित गणेश समितियों में महापौर श्री यादव द्वारा पार्षदो के साथ गणेश प्रतियोगित वर्ष 2025 के सर्वश्रेष्ठ गणेश प्रतिमा में प्रथम श्री पाटीदार गणेश उत्सव समिति, जी.ई. रोड को 6 हजार रूपये का चेक, द्वितीय मित्र मंडल गणेश उत्सव समिति, सदर बाजार को 4 हजार रूपये का चेक व तृतीय लालबाग गणेश उत्सव समिति, दुर्गा मंदिर परिसर लालबाग को 3 हजार रूपये का चेक प्रदान किया गया। इसी प्रकार विसर्जन झाकी के अ वर्ग में प्रथम बाल समाज गणेश उत्सव समिति, गंज लाईन को 41 हजार रूपये का चेक, द्वितीय अष्ट विनायक मंडल, रामाधीन मार्ग को 21 हजार रूपये का चेक एवं तृतीय बस स्टैण्ड गणेश उत्सव समिति, पुराना बस स्टैण्ड को 11 हजार रूपये का चेक प्रदान किया गया। इसी प्रकार ब वर्ग में प्रथम महावीर मंडल, सदर बाजार को 31 हजार रूपये का चेक, द्वितीय तिरंगा मण्डल, अशोक स्तम्भ (कमल टाकीज) चैक को 18 हजार रूपये का चेक एवं तृतीय सिद्धी विनायक गणेश उत्सव समिति, हलवाई लाईन को 10 हजार रूपये का चेक प्रदान कर पुरूस्कृत किया गया। पुरूस्कार वितरण के दौरान समितियो द्वारा दिये गये सुझाव पर महापौर श्री यादव ने कहा कि अगले वर्ष गणेश पर्व के पूर्व समितियो के साथ बैठकर विचार विमर्श कर आयोजन के संबंध में रूप रेखा तय की जावेगी। पुरूस्कार वितरण में आभार व्यक्त करते हुए आयुक्त श्री मरकाम ने परंपरागत रूप से गणेश पर्व मनाने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य श्री संजीव कुमार मिश्रा ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### भंडारे से लेकर शिक्षा और सम्मान तक, सेवा के हर क्षेत्र में सक्रिय मां बमलेश्वरी सेवा समिति

**रायपुर,23 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** समाजसेवा को निरंतर सेवा-संकल्प के रूप में आगे बढ़ाते हुए मां बमलेश्वरी सेवा समिति द्वारा देवेंद्र नगर स्थित सिद्धिविनायक पार्क में आम नागरिकों की सुविधा के लिए बैठने हेतु कुर्सियों की स्थापना की गई। इस जनहितकारी सेवा कार्य का शुभारंभ अग्रवाल सभा के अध्यक्ष श्री विजय अग्रवाल जी द्वारा किया गया। समिति की इस पहल का उद्देश्य पार्क में आने वाले बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों एवं अन्य नागरिकों को बैठने की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना है।इस अवसर पर समिति के सदस्य गोपाल अग्रवाल, कृष्ण अग्रवाल,



रोहित अग्रवाल, मनोहर जिंदल, सुरेश अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, सुनील लाट एवं सुरेश चौधरी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।मां बमलेश्वरी सेवा समिति विगत कई वर्षों से सेवा और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय है। समिति द्वारा दोनों नवरात्रि के अवसर पर मां बमलेश्वरी धाम, डोंगरगढ़ में श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया जाता है। इसके साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में जरूरतमंद बच्चों की सहायता के लिए समय-समय पर स्कूलों में कंप्यूटर वितरण किया गया है। गर्मी के मौसम में आम नागरिकों की सुविधा के लिए प्याऊ की व्यवस्था सहित विभिन्न जनसेवा कार्य भी समिति द्वारा किए जाते रहे हैं।इसी सेवा श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए कुछ दिन पूर्व शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों के सम्मान एवं बच्चों को जलपान वितरण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। समिति का प्रयास है कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक सेवा, सहयोग और सुविधा पहुंचाई जाए तथा छोटे-बड़े हर अवसर को जनहित से जोड़कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई जाए।समिति के सदस्यों ने कहा कि सेवा किसी एक अवसर तक सीमित नहीं, बल्कि निरंतर चलने वाली सामाजिक जिम्मेदारी है। इसी भावना के साथ मां बमलेश्वरी सेवा समिति द्वारा आने वाले समय में भी शिक्षा, सामाजिक सेवा, नागरिक सुविधा एवं जरूरतमंदों की सहायता से जुड़े विभिन्न जनहितकारी कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे।इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने समिति के सेवा कार्यों को आगे भी निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन "बोलो मां बमलेश्वरी की जय!" के जयघोष के साथ हुआ।

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने दर्ज किया 99.31% क्लेम सेटलमेंट रेशियो

रायपुर/भोपाल, **,23 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही में 99.31% का क्लेम सेटलमेंट रेशियो दर्ज किया है। कंपनी के अनुसार, आधिकारिक आंकड़ों (फॉर्म एल-39 और एल-40) के आधार पर यह प्रमुख जीवन बीमा कंपनियों में सबसे अधिक है।वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही के दौरान कंपनी ने 414.08 करोड़ रुपए के व्यक्तिगत मृत्यु दावों का निपटान किया। इस दौरान प्रति मृत्यु दावे की औसत राशि करीब 15 लाख रुपए रही। कंपनी ने बताया कि बिना जांच वाले मामलों में अंतिम आवश्यक दस्तावेज प्राप्त होने के बाद क्लेम निपटाने में औसतन सिर्फ एक दिन का समय लगा।आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ- अंडरराइटिंग एंड रिटेल क्लेम्स, सारंग गोखले ने कहा कि कंपनी ग्राहकों और उनके परिवारों के लिए क्लेम प्रक्रिया को सरल, सुगम और समयबद्ध बनाने पर लगातार काम कर रही है। डिजिटल सुविधाओं के माध्यम से ग्राहक मोबाइल ऐप, व्हाट्सऐप, चैटबॉट और वेबसाइट से क्लेम दर्ज करने के साथ उसकी स्थिति भी ट्रैक कर सकते हैं।कंपनी के अनुसार, 'क्लेम फॉर श्योर' पहल के तहत पात्र दावों के लिए एक ही दिन में लगभग 75 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। कंपनी ने कहा कि डिजिटल प्रक्रियाओं को मजबूत करने का उद्देश्य जरूरत के समय परिवारों को तेजी से वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है।

### होंडा ने QC3, CB500 और अपडेटेड CB350 रेंज की कीमतें घोषित कीं

रायपुर/नई दिल्ली, **,23 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (HMSI) ने नई होंडा QC3, होंडा CB500 और रिफ्रेश्ड CB350 रेंज की कीमतों की घोषणा की है। कंपनी के अनुसार, ये मॉडल उसके मल्टी-पाथवे प्रोडक्ट स्ट्रैटेजी और 'मेक इन इंडिया' प्रतिबद्धता का हिस्सा हैं।होंडा QC3 की कीमत ₹1.35 लाख (एक्स-शोरूम, नई दिल्ली) रखी गई है। इसमें 145 किमी की सर्टिफाइड IDC रेंज, कनेक्टेड टेक्नोलॉजी और 32-लीटर स्टोरेज दिया गया है। इसे शुरुआत में दिल्ली, आगरा, कटक, सूरत और कोल्लम के चुनिंदा होंडा रेडविंग डीलरशिप पर उपलब्ध कराया जाएगा।वहीं, होंडा CB500 के एलॉय व्हील वेरिएंट की कीमत ₹2.75 लाख, स्पोक ट्यूबलेस वेरिएंट की ₹2.99 लाख और स्ट्राइप वाले स्पोक ट्यूबलेस वेरिएंट की ₹3.01 लाख (एक्स-शोरूम, बेंगलुरु) है। यह देशभर के होंडा बिगविंग डीलरशिप पर उपलब्ध होगी।रिफ्रेश्ड CB350, CB350RS और CB350C रेंज की कीमत ₹1.95 लाख से शुरू होती है। इनमें मुख्य रूप से कॉस्मेटिक रिफ्रेश दिए गए हैं, जबकि मैकेनिकल बदलाव नहीं किए गए हैं। इसकी डिलीवरी 21 सितंबर 2026 से शुरू हो गई है।

# वन विश्राम गृह में 100 पौधे रोपकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

नगरी, **,23 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** सेवा संकल्प अभियान 2026 को जनभागीदारी के माध्यम से प्रभावी और व्यापक स्वरूप देने के उद्देश्य से वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, धमतरी वनमंडल द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता पर केंद्रित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में अभियान के पहले दिन बुधवार को नगरी स्थित वन विश्राम गृह परिसर में जनप्रतिनिधियों एवं वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों की मौजूदगी में करीब 100 पौधों का रोपण किया गया।पौधरोपण के दौरान आम, सीताफल, कटहल, पारिजात, आंवला, अमरूद, गुलमोहर, काजू, जामुन सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाने और पौधों की देखभाल के प्रति जागरूक करते हुए प्रकृति संरक्षण में सामूहिक भागीदारी का संदेश दिया गया।कार्यक्रम में सिहावा विधायक अंबिका मरकाम, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, भाजपा महामंत्री रूपेंद्र साहू, मंडल अध्यक्ष राजेश नाथ गोसाईं, जनपद सभापति प्रेमलता नागवंशी, पिंकी ध्रुव, पार्षद चेलेश्वरी साहू एवं डिगेश्वरी साहू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। वन विभाग की ओर से उपमंडलाधिकारी संजय रौतिया, रेंजर किन्नू जोशी सहित वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।धमतरी वनमंडल द्वारा आयोजित यह तीन दिवसीय अभियान केवल पौधरोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वच्छता, जलस्त्रोतों के संरक्षण और पर्यावरण के प्रति नागरिकों में जिम्मेदारी की भावना विकसित करने पर भी केंद्रित है। विभाग का उद्देश्य जनभागीदारी के माध्यम से सेवा, स्वच्छता और प्रकृति संरक्षण को एक साझा अभियान का स्वरूप देना है।डीएफओ धमतरी कृष्ण जाधव ने जिलेवासियों से सेवा संकल्प अभियान से जुड़ने की अपील की।



उन्होंने कहा कि पौधरोपण, स्वच्छता और जलस्त्रोतों के संरक्षण जैसे छोटे-छोटे प्रयास सामूहिक रूप से पर्यावरण संरक्षण के बड़े जनअभियान का रूप ले सकते हैं। उन्होंने नागरिकों से अभियान की गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए स्वच्छ, हरित और पर्यावरण-संवेदनशील धमतरी के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया।

# कलेक्टर ने चरवाहे की व्यवस्था और दुर्घटना रोकने के प्रभावी उपाय करने के दिए निर्देश

**राजनांदगांव 23 सितम्बर।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में राष्ट्रीय राजमार्ग एवं प्रमुख मार्गों पर घुमंतु पशुओं के प्रबंधन और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्राम पंचायतों के सरपंच-सचिव, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, पुलिस विभाग, नगरीय निकाय तथा राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा कि सड़क पर पशुओं के विचरण से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रशासन, पुलिस और राष्ट्रीय राजमार्ग की टीम के साथ ग्राम पंचायतों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों और ग्राम पंचायतों की सहभागिता से ही इस समस्या का स्थायी समाधान संभव है। उन्होंने सभी सरपंच एवं सचिवों को अपने-अपने क्षेत्र में प्रभावी व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्राम पंचायतों को अपने उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए चरवाहे की व्यवस्था करने कहा, ताकि राष्ट्रीय राजमार्ग एवं प्रमुख सड़कों पर विचरण करने वाले पशुओं को तत्काल सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा सके। इसके लिए स्थानीय टेक्स संग्रहण तथा अन्य उपलब्ध संसाधनों का नियमानुसार उपयोग करने के निर्देश दिए गए।

# पर्युषण महापर्व के अष्टम दिवस पर हुई उत्तम त्याग धर्म की आराधना

रायपुर **,23 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** कचना स्थित अमलतास कैसल परिसर के 1008 श्री मुनि सुब्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर में चल रहे दशलक्षण महापर्व के अष्टम दिवस पर श्रद्धालुओं ने 'उत्तम त्याग धर्म' की भावपूर्ण आराधना की। प्रातःकाल नित्य अभिषेक, शांतिधारा एवं विधिवत पूजन के पश्चात दस लक्षण विधान संपन्न हुआ। मंदिर परिसर में दिनभर धार्मिक वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने भक्ति एवं संयम के साथ धर्माराधना की।जिन शासन की शोभा बढ़ा रहे एवं रायपुर में चौमासा कर रहे 108 श्री आगम सागर जी महाराज ससंघ के मंगल आशीर्वाद से अमलतास कैसल में पर्युषण महापर्व के दौरान व्रत एवं उपवास की साधना की पावन सरिता











बह रही है। श्रद्धालु अपनी क्षमता एवं संकल्प के अनुसार उपवास, व्रत एवं संयम की साधना कर आत्मकल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ रहे हैं। इसी क्रम में हर्षित जैन, अक्षत जैन, हिमांशु जैन, कुमारी अद्विका जैन एवं रीना जैन दस लक्षण व्रत की साधना में आनंदपूर्वक अग्रसर हैं . विदित हो कि श्रावकों द्वारा किए जा रहे दस लक्षण व्रत में बीना जल के निराहार रह कर उपवास किया जाता है. उनकी इस साधना से मंदिर परिसर में धर्म एवं तप की भावना को और बल मिल रहा है। उक्त जानकारी मंदिर के अध्यक्ष हिमांशु जैन ने दी।

मोह-ममता का त्याग ही आत्मशुद्धि का मार्ग - उत्तम त्याग धर्म की व्याख्या करते हुए भाई सुरेश मोदी ने कहा कि त्याग का अर्थ केवल भौतिक वस्तुओं को छोड़ देना नहीं है। वास्तविक त्याग तब होता है, जब मनुष्य अपने भीतर के मोह, ममता, लोभ, क्रोध, मान और अहंकार जैसे विकारों का त्याग करता है। बाहरी वस्तुओं का त्याग तभी सार्थक है, जब उसके साथ मन की आसक्तियों का भी क्षय हो। उन्होंने कहा कि जो त्याग मन को निर्मल करे, कषायों को शांत करे और आत्मा को परम शांति की ओर ले जाए, वही सच्चा त्याग धर्म है। मनुष्य को अपने जीवन में अनावश्यक संग्रह और आसक्ति से दूर रहते हुए संयम एवं संतोष को अपनाना चाहिए। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि दशलक्षण महापर्व के इस पावन अवसर पर प्रत्येक व्यक्ति अपने भीतर झांककर बुरे विचारों, अहंकार और अनावश्यक आसक्तियों का त्याग करने का संकल्प ले। यही आत्मशुद्धि का मार्ग है और यही उत्तम त्याग धर्म की वास्तविक भावना है।

# टाउन हाल में महापौर की मौजुदगी में स्वास्थ्य संबंधी स्थानीय नगरीय निकाय का उन्मुखीकरण कार्यशाला

राजनांदगांव **,23 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, जिला राजनांदगांव द्वारा नगर निगम के टाउन हाल में पार्षदों के लिए स्वास्थ्य विभाग से संबंधित गतिविधियों के बारे में उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन महापौर श्री मधुसूदन यादव की गरिमामय मौजुदगी में किया गया। उक्त कार्यशाला में आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम, निगम अध्ययक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह(पारस) वर्मा, स्वास्थ्य विभाग के चेयर मेन श्री शैंकी बग्गा सहित पार्षदों एवं नामांकित पार्षदों की उपस्थिति में डॉ. नेतराम नवरत्न, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला राजनांदगावं के मार्ग-दर्शन में स्वास्थ्य विभाग के जिला नोडल अधिकारी शहरी डॉ. अलप्ना लुनिया, जिला प्रबंधक शहरी डॉ. पूजा मेश्राम, द्वारा शहरी स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत शहर मे संचालित समस्त कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रोजेक्टर के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमो की जानकारी दी गयी। कार्यशाला में महापौर श्री मधुसुदन यादव द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में मिलने वाली सेवाएं के बारे में बताया गया एवं शहरी क्षेत्र में 03 शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के संचालन होने के बारे में जानकारी दी गई एवं सभी से अपील किया गया कि वहां जाकर निशुल्कः जांच कराने वार्डवासियो को प्रेरित करे। उन्होने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में सभी प्रकार की बिमारियों का निःशुल्क ईलाज किया जाता है। उन्होंने कहा कि शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों मे संस्थागत प्रसव, गुणवत्तापूर्ण प्रसव जॉच तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधित जॉच और ओपीडी में वृद्धि हुई है। नवीन स्वीकृत शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का उन्नयन कर स्वास्थ्य केन्द्रों को स्वच्छ रखना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केन्द्रों मे जाकर अपना बीपी एवं शुगर,टी.बी.,कुष्ठ,मलेरिया इत्यादि का निःशुल्क जॉच करवाना चाहिए व समस्त पार्षदों को अपने अपने क्षेत्रों में स्वास्थ्य संबंधित समस्त सर्वे कार्यो में सहयोग प्रदान करने के साथ साथ अपने-अपने वार्डो में 14 वर्ष उम्र की समस्त बालिकाओं को एच.पी.वी टीकाकरण में अनिवार्यतः सहयोग प्रदान कहा गया।
आयुक्त श्री जी.आर.मरकाम के द्वारा बताया गया कि शहर के मलिन, झुग्गी बस्तियों में माहमारी संबंधित जगह को चिन्हांकित कर इस पर निगरानी रखे एवं विशेष कार्ययाजना तैयार करने पार्षदों से चर्चा की जाए तथा उनसे भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियॉ आयोजन करने पर सहयोग देने हेतु कहा गया। इस कार्यशाला को सफल बनाने में उनका विशेष योगदान रहा। उक्त कार्यशाला में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया.

# कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी ने दी किसानों को दी गई समसामयिक सलाह

**राजनांदगांव 23सितम्बर ।** कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी राजनांदगांव द्वारा किसानों को धान की फसल में वर्तमान समय में दिखाई देने वाले प्रमुख कीट एवं रोगों की पहचान, उनके लक्षण तथा रासायनिक एवं समेकित नियंत्रण के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई है। कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुंजन झा तथा फार्म मैनेजर डॉ. आशीष गौरव शुक्ला ने बताया कि धान की फसल में तना छेदक, पत्ती लपेटक, भूरा माहू, गंधी बग एवं पैनिकल माइट जैसे प्रमुख कीट तथा जीवाणु जनित झुलसा, ब्लास्ट एवं शीथ ब्लाइट जैसे रोग फसल को नुकसान पहुंचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को फसल की नियमित निगरानी कर प्रारंभिक अवस्था में ही कीट एवं रोग की पहचान करने की सलाह दी है।
तना छेदक की पहचान डेड हार्ट एवं व्हाइट ईयर के लक्षणों से की जा सकती है। प्रारंभिक प्रकोप में प्रोफेनोफॉस 40 प्रतिशत + साइपरमेथ्रिन 4 प्रतिशत ईसी 400 मिलीलीटर प्रति एकड़ तथा अधिक प्रकोप की स्थिति में क्लोरेंट्रानिलिप्रोल 9.3 प्रतिशत + लैम्ब्डा-साइहेलोथ्रिन 4.6 प्रतिशत जेडसी 100 मिलीलीटर प्रति एकड़ का प्रयोग किया जा सकता है।पत्ती लपेटक पत्तियों के मुड़ने तथा पत्तियों पर सफेद धारियां दिखाई देना इसका प्रमुख लक्षण है। रासायनिक नियंत्रण के लिए प्रोफेनोफॉस 40 प्रतिशत + साइपरमेथ्रिन 4 प्रतिशत ईसी 400 मिलीलीटर प्रति एकड़ का उल्लेख किया गया है।

# तीज महोत्सव में वीणा सिंह का हुआ स्वागत

**राजनांदगांव,23 सितंबर।** जिला साहू संघ महिला प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित भव्य तीज महोत्सव में पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की धर्मपत्नी तथा समाज की



आशीर्वादक श्रीमती वीणा सिंह की गरिमामय उपस्थिति रही। उनके कार्यक्रम में पहुंचने से आयोजन स्थल पर उत्साह और उल्लास का वातावरण बन गया। महिला प्रकोष्ठ की पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने उनका आत्मीय स्वागत किया।इस अवसर पर राजगामी संपदा न्यास की अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू ने श्रीमती वीणा सिंह का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने तीज महोत्सव में उनकी उपस्थिति को समाज की महिलाओं के लिए प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं को अपनी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक मूल्यों से जोड़ने के साथ-साथ उन्हें अपनी प्रतिभा एवं व्यक्तित्व को अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान करते हैं। तीज महोत्सव के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सहभागिता करते हुए पर्व की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम में सामाजिक एकता, पारिवारिक संस्कार और महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न आयोजन भी आकर्षण का केंद्र रहे। महिलाओं ने गीत-संगीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में समाज की प्रतिभाओं एवं उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। आयोजन के माध्यम से महिला प्रकोष्ठ ने समाज में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देने तथा नई पीढ़ी को सामाजिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने का संदेश दिया। श्रीमती वीणा सिंह की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। उन्होंने उपस्थित महिलाओं एवं समाजजनों को तीज पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सामाजिक समरसता, परिवार में प्रेम एवं संस्कारों को मजबूत बनाए रखने का संदेश दिया।

# नशे के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के दिए निर्देश

राजनांदगांव 22 सितम्बर 2026। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए पात्र हितग्राहियों को समय पर योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने लंबित आवेदनों एवं प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करते हुए आवेदकों को समय-सीमा में राहत उपलब्ध कराने कहा। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा करते हुए योजना के अंतर्गत सोलर पैनल स्थापित होने के बावजूद स्मार्ट नेट मीटर नहीं लगने की स्थिति पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को ऐसे सभी छूटे हुए हितग्राहियों की पहचान कर उनके घरों में शीघ्र स्मार्ट नेट मीटर स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ समय पर मिलना सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने तथा लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसामान्य से जुड़े राजस्व प्रकरणों के निराकरण में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों की नियमित समीक्षा करते हुए समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने कहा। शासकीय भूमि पर किए जा रहे अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध लगातार कार्रवाई जारी रखने तथा अतिक्रमण पाए




जाने पर नियमानुसार सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने की कार्रवाई निरंतर जारी रखने कहा। कलेक्टर ने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को गिरदावरी कार्य की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने पटवारी एवं सर्वेयर द्वारा गिरदावरी का कार्य त्रुटिरहित एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराना सुनिश्चित करने कहा।

# आयोजन फूहड़ता के लिए तो किया नहीं गया था

राजनीति में किसी बड़े नेता का कोई आयोजन किया जाता है तो उसका मकसद भी मुद्दे को बड़ा व गंभीर बताना होता है। बड़े नेता के बड़े आयोजन में जब बड़े व गंभीर मुद्दे उठाए जाने हैं तो पूरा फोकस उस पर ही रहना चाहिए ताकि देश की जनता को संदेश जाए कि इस पार्टी का बड़ा नेता इन मुद्दों को गंभीर व बड़ा मानता है और वह चाहता है कि इस पर देश खूब चर्चा होनी चाहिए और समस्या के समाधान के लिए सामूहिक प्रयास भी होने चाहिए। लेकिन जब कभी भी किसी गंभीर मुद्दे पर आयोजित कार्यक्रम में गंभीर मुद्दों की जगह फूहड़ता पर फोकस ज्यादा हो जाता है तो गंभीर मुद्दे पर चर्चा करने के लिए आयोजन पर सवालिया निशान लग जाता है कि यह आयोजन युवाओं के गंभीर मुद्दों को उठाने के लिए किया गया था या फूहड़ता के प्रदर्शन के लिए किया गया था। जब मीडिया व सोशल मीडिया मे उस कार्यक्रम की चर्चा उठाए गए गंभीर मुद्दों की जगह फूहड़ता के लिए होती है तो देश के लोगों में तो यह धारणा बनना स्वाभाविक है कि बड़े नेता के आयोजन का मकसद गंभीर मुद्दों पर कम चर्चा व फूहड़ता के प्रदर्शन पर ज्यादा था। इस पर कुछ लोग कह सकते हैं कि भारतीय राजनीति फूहड़ होती जा रही है,कुछ लोग यह भी कह सकते हैं कि भारतीय राजनीति में कुछ नेता फूहड़ राजनीति कर रहे हैं।भारतीय राजनीति में फूहड़ता की चर्चा एक बार फिर से खूब हो रही है तो इस बार भी इसके केंद्र में राहुल गांधी का इंदौर में आयोजित गूंज कार्यक्रम है।यह कार्यक्रम छात्रों की समस्याओं को सामने लाने व उसे देश मे चर्चा का विषय बनाने के लिए किया गया था। इस कार्यक्रम में राहुल गांधी व आए छात्रों ने शिक्षा, भर्ती, परीक्षा,छात्रावास,रोजगार की समस्या को उठाया गया, मोदी सरकार से सवाल भी पूछे गए लेकिन कार्यक्रम में फूहड़ता का प्रदर्शन जिस तरह किया गया उससे गंभीर कार्यक्रम की मीडिया व सोशल मीडिया में चर्चा एक फूहड़ कार्यक्रम के रूप ज्यादा की गई। माना गया कि इस कार्यक्रम का मकसद तो मोदी का मजाक उड़ाने के साथ ही महिलाओं का अपमान करना भी था। एक कार्यक्रम जो गंभीर कार्यक्रम हो सकता था वह फूहड़ कार्यक्रम में तब बदल गया जब मंच पर मिमिक्री आर्टिस्ट पुलिकत मणि आए। राहुल गांधी को गले से लगाया और फूहड़ हंसी हंसते हुए कहते हैं कि मेरे दोस्त कैसे हैं आप,राहुल गांधी कहते हैं, मैं ठीक हूं,आप कैसे हैं,मणि जवाब देते हैं बहुत परेशान किया है दोस्त,बार बार मेरे दोस्त कहते हुए फूहड़ हंसी हंसते रहते हैं।फिर राहुल गांधी कहते हैं कि आप से मिलकर अच्छा लगा और मणि से कहते हैं कि आप बताइए,मणि फूहड़ता से हंसते हैं और दर्शकों की तरफ इशारा करते हुए कहते हैं कि मां को कुर्सी दो, मां,मां,मां, ।यह पं. बंगाल की एक रैली में बुजुर्ग महिला को खड़ी देखकर पीएम मोदी ने लोगों से कहा था कि उनको कुर्सी दो बैठने के लिए। पुलकित मणि इस बात का मजाक इंदौर में उड़ाया। यह राहुल गांधी के कार्यक्रम में कोई पहली बार पीएम का फूहड़ तरीके से नहीं उड़ाया गया था इससे पहले दिल्ली के कार्यक्रम में भी राहुल गांधी के कार्यक्रम मे इटली की पीएम का फूहड़ तरीके से मजाक उड़ाया गया था और दोनो बार राहुल गांधी इस बात नाराजगी जता सकते थे लेकिन वह दोनों पर जोरों से हंसते रहे यही बात देश के लोगों को बुरी लगी है कि राहुल गांधी गांधी परिवार का सदस्य व नेता प्रतिपक्ष होते हुए ऐसे फूहड़ मजाक पर जोरों से हंस कैसे सकते हैं। लगता तो ऐसा है कि दिल्ली के कार्यक्रम से कोई सबक लेने की जगह यह समझा गया है कि जब कांग्रेस व राहुल गांधी के कार्यक्रम में पीएम मोदी का मजाक उड़ाया जाता है तो उसके वीडियो खूब वायरल होते है,खूब पसंद किए जाते हैं। यही वजह है कि दिल्ली के कार्यक्रम के बाद इंदौर के कार्यक्रम में भी दिल्ली वाले कार्यक्रम की तरह फूहड़ता से पीएम मोदी की मिमिक्री कर उनका मजाक उड़ाया गया।इसके वीडियों भी खूब वायरल हुए और उसकी खूब चर्चा हुई लेकिन इससे नुकसान कांग्रेस व राहुल गांधी को क्या हुआ। इसे समझने और जानने का कांग्रेस के साथ ही राहुल गांधी भी तैयार नहीं है। सब यही मान रहे हैं,मानने का दिखावा कर रहे हैं कि राहुल गांधी का दिल्ली के बाद इंदौर का कार्यक्रम भी बहुत सफल रहा है।जेनजी के सबसे लोकप्रिय नेता राहुल गांधी है। जब भी कोई यह समझता है कि सच को छिपाया जा सकता है तो सच सौ तरीकों से सामने आ जाता है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को जेन जी का सबसे बड़ा व लोकप्रिय नेता बताने के लिए इंदौर में गूंज कार्यक्रम का आयोजन किया।सब मानकर चल रहे थे कि दिल्ली विवि चुनाव में कांग्रेस जीत रही है और कांग्रेस इंदौर के कार्यक्रम में इस बात का दावा कर सकेगी कि देखो दिल्ली विवि में एबीविपी को हराने के बात साफ हो जाती है देश का जेनजी कांग्रेस व राहुल गांधी के साथ है।यह सच नहीं है कि जेनजी कांग्रेस व राहुल गांधी के साथ है, इसलिए दिल्ली विवि चुनाव में एनएसयूआई बुरी तरह हार गई और यह बात पूरी तरह साफ हो गई कि राहुल गांधी देश में कितने भी कार्यक्रम कर लें लेकिन वह जेनजी के सबसे लोकप्रिय नेता नहीं बन सकते। क्योंकि एक सबूत तो दिल्ली विवि चुनाव हारना है तथा दूसरा सबूत उनके कार्यक्रम में जेनजी आ नहीं रहे हैं तो जेनजी की जगह कांग्रेस के संगठनों के युवाओं को जुटाया जा रहा है।पीएम मोदी की तरह कांग्रेस को राहुल गांधी का एक कार्यक्रम बुक माय शो के जरिए आयोजित करके देखना चाहिए।सच क्या है पता चल जाएगा।

## राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए उत्साह और पारिवारिक खुशियों से भरा रहेगा। कॉलेज से जुड़े किसी काम को लेकर भागदौड़ बनी रह सकती है, वहीं घर में किसी मांगलिक आयोजन की तैयारियों में भी आपकी व्यस्तता बढ़ेगी।

वृष आज आपके प्रयासों को सफलता का साथ मिलेगा। किसी को दिए हुए पैसे वापस मिलने से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और आप उस धन का उपयोग व्यापार को आगे बढ़ाने में कर सकते हैं।

मिथुन आज व्यापार में कम प्रयास के बावजूद अच्छा लाभ मिलने के संकेत हैं। कार्यक्षेत्र में आपको किसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी की कमान सौंपी जा सकती है, जिसे आप अपनी मेहनत और समझदारी से सफलतापूर्वक पूरा करेंगे।

कर्क आज कार्यक्षेत्र में आपकी जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं और ऑफिस में कोई बड़ा लक्ष्य आपको दिया जा सकता है। विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई का तरीका बदलना फायदेमंद रहेगा और इससे बेहतर परिणाम प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

सिंह आज का दिन उतार-चढ़ाव के बीच कई अच्छी संभावनाएं लेकर आएगा। किसी प्रतिष्ठित कंपनी से नौकरी का बड़ा प्रस्ताव मिल सकता है, वहीं व्यापारियों के लिए नई डील पक्की होने और नए ग्राहकों से जुड़ने के योग बनेंगे। ऑफिस में सहकर्मियों का सहयोग आपके काम को आसान करेगा।

कन्या आज आप पूरे उत्साह के साथ अपने कामों को आगे बढ़ाएंगे। आपकी वाणी और व्यवहार का असर लोगों पर पड़ेगा, इसलिए बातचीत में मधुरता और विनम्रता बनाए रखना आपके लिए विशेष लाभदायक रहेगा।

तुला आज आपके लिए राहत और उपलब्धियों का दिन रहेगा। कामकाज में लंबे समय से आ रही अड़चनें दूर होंगी और ऑफिस में आपके प्रयासों की प्रशंसा होगी। कोई नया प्रोजेक्ट मिलने से आपकी जिम्मेदारियां बढ़ेंगी.

वृश्चिक आज आपका आत्मविश्वास आपको कई महत्वपूर्ण कामों में आगे बढ़ाएगा। बिजली विभाग से जुड़े कर्मचारियों के लिए दिन अनुकूल रहेगा, जबकि व्यापार करने वाली महिलाओं को कारोबार में प्रगति के नए अवसर मिल सकते हैं।

धनु आज परिवार में सुख, शांति और समृद्धि का वातावरण बना रहेगा। दोस्तों के साथ कहीं घूमने, विशेषकर किसी खूबसूरत हिल स्टेशन की यात्रा की योजना बन सकती है। बड़े-बुजुर्गों की सलाह आपके लिए उपयोगी साबित होगी और आपके व्यवहार से वे प्रसन्न रहेंगे।

मकर आज आपकी तरक्की देखकर परिवार के लोग गर्व और खुशी महसूस करेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और नौकरीपेशा लोगों के लिए आय बढ़ने के अवसर बन सकते हैं।

कुम्भ आज परिस्थितियां काफी हद तक आपके पक्ष में रहेंगी। राजनीति से जुड़े लोगों को किसी भी महत्वपूर्ण निर्णय पर पहुंचने से पहले सभी पहलुओं पर अच्छी तरह विचार करना चाहिए। अविवाहित लोगों के लिए चल रही रिश्ते की बातचीत आगे बढ़ सकती है और बात पक्की होने की संभावना बन सकती है।

मीन आज का दिन आपको मानसिक रूप से संतोष और खुशी देने वाला रहेगा। कामकाजी माता-पिता बच्चों के लिए समय निकाल पाएंगे और उनके साथ खेलकर खूबसूरत पल बिताएंगे। गायन से जुड़े लोगों को किसी बड़े प्रोजेक्ट या एल्बम में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल सकता है।

## अभियान

# नशे के वैश्विक नेटवर्क पर निर्णायक प्रहार की तैयारी

**किशन सनमुखदास भावनानी**

वैश्विक स्तरपर आज नशाखोरी केवल किसी एक देश,राज्य या समाज की समस्या नहीं रह गई है, बल्कि यह वैश्विक सुरक्षा,सार्वजनिक स्वास्थ्य, युवा शक्ति, सामाजिक स्थिरता और अर्थव्यवस्था के सामने खड़ी बहुआयामी चुनौती बन चुकी है।मादक पदार्थों का अवैध व्यापार सीमाओं,समुद्री मार्गों और आधुनिक संचार साधनों को पार करते हुए अंतरराष्ट्रीय अपराध जगत से जुड़ रहा है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क्रि इसका प्रभाव केवल नशे का सेवन करने वाले व्यक्ति तकसीमित नहीं रहता,बल्कि परिवार,शिक्षा,रोजगार,कानून-व्यवस्था और सामाजिक विकास की पूरी संरचना को प्रभावित करता है।भारत ने इस चुनौती के विरुद्ध जन- जागरूकता से लेकर कठोर प्रवर्तन तक अनेक स्तरों पर प्रयास प्रारंभ किए हैं।इसी व्यापक रणनीति के बीच नई दिल्ली में 22 और 23 सितंबर 2026 को राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मादक पदार्थ विरोधी कार्यबल प्रमुखों का तीसरा राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू है।केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा उद्घाटित इस सम्मेलन में 36 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के कार्यबल प्रमुखों के साथ संबंधित सरकारी विभागों तथा अन्य हितधारकों के प्रतिनिधि शामिल होकर चर्चा कर रहे हैं।

साथियों, इस सम्मेलन की मूल भावना "संयुक्त संकल्प, साझा जिम्मेदारी" रखी गई है,जो अपने आप में इस समस्या की प्रकृति को स्पष्ट करती है।मादक पदार्थों का जाल किसी एक विभाग की कार्रवाई से समाप्त नहीं किया जा सकता।इसके लिए पुलिस, खुफिया तंत्र, सीमा सुरक्षा,वित्तीय जांच,स्वास्थ्य व्यवस्था,शिक्षा तंत्र, न्यायिक प्रक्रिया और स्थानीय प्रशासन के बीच लगातार समन्वय आवश्यक है। सरकार द्वारा जारी जानकारी के अनुसार सम्मेलन में मादक पदार्थ नियंत्रण के लिए 2026- 2029 के दृष्टि दस्तावेज में निर्धारित लक्ष्यों की प्रगति कीसमीक्षा की जा रही है। साथ ही मादक पदार्थों की आपूर्ति घटाने, मांग कम करने तथा इनके कारण होने वाली क्षति को कम करने की रणनीतियों पर भी विचार किया जा रहा है।

साथियों,नशे के विरुद्ध लड़ाई का पहला महत्वपूर्ण पक्ष जन-जागरूकता है।किसी भी समाज में यदि युवा पीढ़ी को नशे के दुष्परिणामों के प्रति समय रहते जागरूक किया जाए,परिवारों को संवेदनशील बनाया जाए और विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा दिया जाए तो नशे की मांग को कम करने में सहायता मिल सकती है। भारत में नशामुक्त भारत अभियान जैसे प्रयास इसी दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लेकिन केवल जागरूकता से समस्या का पूर्ण समाधान संभव नहीं है। यदि एक ओर समाज को नशे से दूर रहने का संदेश दिया जाए और दूसरी ओर अवैध तस्करी का नेटवर्क लगातार नई राहें खोजता रहे, तो समस्या का मूल स्रोत बना रहेगा।इसलिए मांग को कम करने के साथ आपूर्ति के स्रोत, तस्करी के मार्ग, वित्तीय नेटवर्क और संगठित आपराधिक संरचनाओं पर भी समान रूप से कार्रवाई आवश्यक है।

साथियों, यही कारण है कि नई दिल्ली सम्मेलन का ध्यान केवल पारंपरिक तस्करी तक सीमित नहीं है। सम्मेलन के तकनीकी सत्रों में मादक पदार्थ तस्करी के संगठित गिरोहों को समाप्त करने, कृत्रिम रूप से तैयार किए जाने वाले नशीले पदार्थों और गुप्त प्रयोगशालाओं से निपटने, अवैध खेती रोकने तथा अंधकारमय अंतरजाल और आभासी मुद्राओं के माध्यम से होने वाली तस्करी की जांच जैसे विषय शामिल हैं। यह बदलाव बताता है कि मादक पदार्थों का अपराध जगत भी तकनीकी साधनों का उपयोग कर रहा है और कानून-प्रवर्तन संस्थाओं को उसी गति से अपनी क्षमता विकसित करनी होगी।विशेष रूप से कृत्रिम नशीले पदार्थों का बढ़ता खतरा प्रशासन के लिए नई चुनौती प्रस्तुत करता है। पारंपरिक मादक पदार्थों की तुलना में कृत्रिम पदार्थों का निर्माण छोटे और छिपे हुए स्थानों पर भी किया जा सकता है। इनके निर्माण में प्रयुक्त रासायनिक पूर्ववर्ती पदार्थों की निगरानी इसलिए महत्वपूर्ण हो जाती है। यदि इन पदार्थों की वैध औद्योगिक आपूर्ति और अवैध उपयोग के बीच प्रभावी निगरानी तंत्र विकसित किया जाए,तो अवैध उत्पादन की श्रृंखला को प्रारंभिक स्तर पर ही बाधित किया जा सकता है। इसी दृष्टि से सम्मेलन में पूर्ववर्ती पदार्थों तथा कृत्रिम नशीले पदार्थों के नियंत्रण को अलग रणनीतिक स्तंभ के रूप में सटीकता से रखा गया है। साथियों,दूसरी बड़ी चुनौती अवैध खेती और ग्रामीण क्षेत्रों में विकसित होने वाले तस्करी तंत्र की है। केवल फसल नष्ट कर देना पर्याप्त नहीं हो सकता क्योंकि यदि किसान या स्थानीय समुदाय के सामने वैध और टिकाऊ आजीविका का विकल्प उपलब्ध न हो तो अवैध खेती किसी अन्य क्षेत्र में स्थानांतरित होने का जोखिम रहता है। इसलिए अवैध खेती रोकने के साथ वैकल्पिक फसलों, स्थानीय रोजगार और आर्थिक अवसरों को बढ़ावा देने की रणनीति भी आवश्यक है।इस सम्मेलन के तकनीकी विचार-विमर्श में अवैध खेती और वैकल्पिक फसलों को शामिल किया जाना इसी व्यापक दृष्टिकोण की ओर सटीकता से संकेत करता है।

साथियों,नशे के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क को कमजोर करने के लिए आर्थिक प्रहार भी महत्वपूर्ण है। तस्करी से अर्जित धन जब संपत्ति, व्यवसाय, हवाला व्यवस्था या अन्य वित्तीय माध्यमों में प्रवेश करता है, तब यह अपराध की अगली पीढ़ी को आर्थिक शक्ति प्रदान करता है।इसलिए केवल तस्करों की गिरफ्तारी के बजाय अवैध आय के स्रोत, धन के प्रवाह और अपराध से अर्जित संपत्तियों की पहचान तथा कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई पर भी ध्यान देना आवश्यक है।यहां प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है।

किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार या मिलीभगत के आरोप सामने आने पर कानून के अनुसार निष्पक्ष जांच और दोष सिद्ध होने पर उचित कार्रवाई व्यवस्था में विश्वास मजबूत कर सकती है।इसी संदर्भ में प्रशासनिक "शून्य सहनशीलता" का अर्थ केवल कठोर दंड नहीं, बल्कि कानून का समान, पारदर्शी और जवाबदेह अनुपालन होना चाहिए। मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान की सफलता इस बात पर भी निर्भर करती है कि पुलिस और प्रशासनिक तंत्र के भीतर सूचना किस गति से साझा होती है, सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी कितनी प्रभावी है, जांच कितनी वैज्ञानिक है और विभिन्न एजेंसियां एक-दूसरे के साथ किस स्तर पर समन्वय करती हैं। भारत में सभी राज्यों द्वारा मादक पदार्थ विरोधी कार्यबल गठित किए जाने की जानकारी पहले से सार्वजनिक है, जिससे राज्य स्तर पर समन्वित कार्रवाई के लिए संस्थागत आधार सटीकता से तैयार हुआ है। साथियों तकनीक इस लड़ाई का अगला निर्णायक क्षेत्र बनती जा रही है। सीमा क्षेत्रों में मानवरहित विमान, निगरानी प्रणालियां,आंकड़ा विश्लेषण, संचार निगरानी, वित्तीय लेन-देन की जांच और डिजिटल साक्ष्य का वैज्ञानिक विश्लेषण तस्करी के बदलते तरीकों को समझने में सहायता कर सकते हैं। लेकिन तकनीक तभी प्रभावी होगी जब उसके साथ प्रशिक्षित मानव संसाधन, स्पष्ट कानूनी प्रक्रिया और विभिन्न एजेंसियों के बीच वास्तविक समय में सूचना साझा करने की व्यवस्था भी हो। इसलिए क्षमता निर्माण और समन्वय को मादक पदार्थ नियंत्रण के रणनीतिक स्तंभों में शामिल करना महत्वपूर्ण है।

साथियों,इस पूरी रणनीति का तीसरा पक्ष उपचार और पुनर्वास है। नशे की गिरफ्त में आए व्यक्ति को केवल अपराधी के रूप में देखने के बजाय, जहां कानून और परिस्थितियां इसकी अनुमति दें,उपचार, परामर्श और पुनर्वास की व्यवस्था को भी मजबूत करना आवश्यक है। परिवारों को सहायता,युवाओं के लिए परामर्श, मानसिक -सामाजिक सहयोग, पुनर्वास के बाद रोजगार तथा समाज में पुनः सम्मानजनक वापसी जैसे उपाय मांग को दीर्घकाल में कम करने में योगदान दे सकते हैं। इसी कारण सम्मेलन में मांग में कमी और क्षति में कमी के साथ पुनर्वास से जुड़े विषयों को भी चर्चा का सटीकता से हिस्सा बनाया गया है। साथियों,अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के लिए यह चुनौती इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि मादक पदार्थों की तस्करी किसी एक सीमा पर समाप्त नहीं होती। एक देश में तैयार पदार्थ दूसरे देश के मार्ग से तीसरे देश के बाजार तक पहुंच सकता है। इसी प्रकार धन का प्रवाह अनेक देशों की वित्तीय प्रणालियों से होकर गुजर सकता है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय सहयोग, सूचना साझाकरण, संयुक्त जांच और सीमा-पार अपराध नेटवर्क के विरुद्ध समन्वित कार्रवाई की आवश्यकता बढ़ जाती है। भारत की रणनीति को घरेलू कानून-व्यवस्था के साथ अंतरराष्ट्रीय सहयोग के आयाम से भी जोड़ना आवश्यक होगा।नई दिल्ली में आयोजित यह सम्मेलन इसी व्यापक चुनौती के बीच नीति, प्रवर्तन और समन्वय के अगले चरण की दिशा निर्धारित करने का अवसर प्रदान कर रहा है। सम्मेलन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मादक पदार्थ विरोधी कार्यबल को सम्मानित किया जाना तथा केंद्रीय मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो की नई वेबसाइट का शुभारंभ किया जाना संस्थागत क्षमता और सार्वजनिक पहुंच बढ़ाने की दिशा में उठाए गए कदम हैं। लखनऊ और देहरादून में केंद्रीय मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो के नए क्षेत्रीय परिसरों की आधारशिला भी इसी अवसर पर सटीकता से रखी जा रही है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क्रि नशामुक्त समाज का निर्माण केवल गिरफ्तारी, जब्ती और दंड का विषय नहीं है।

# वयोवृद्ध बस की सवारी ...!

**डॉ .सूर्यकांत मिश्रा**



एक बार हम कुछ मित्रों ने तय किया कि हमेशा ट्रेन से यात्रा करते-करते मन ऊब गया है । इस बार कुछ सौ किलोमीटर की यात्रा क्यों न बस का आनंद लेते हुए की जाए ? सभी का मन आपस में मिल जाने के बाद हमने अपनी यात्रा शुरू की । जैसे ही बस अपने अड्डे पर आकर रुकी हम सब मित्रों ने एक साथ श्रद्धावनत उसे प्रणाम किया ! कारण यह की जिस बस में हम यात्रा करने वाले थे वह काफी वयोवृद्ध लग रही थी ! उसके शरीर पर अनुभव के निशान बता रहे थे कि , उसने हर राह पर यात्रा की है ! हमारे कुछ मित्रों ने बस की वृद्धावस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस बस में सफर न करना ही उचित है । कारण यह कि वे वृद्धावस्था में उसे किसी प्रकार का कष्ट नहीं देना चाहते थे । एक ने तो यहां तक अपनी धार्मिक प्रवृत्ति का उदाहरण दे डाला की यह बस तो , बस पूजा के योग्य है ! इस पर सवार कैसे हुआ जा सकता है ? दूसरे ने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा क्या यह बस हम सब के वजन को लेकर चल पाएगी ? कहीं बोझ तले एक बार बैठ गई तो फिर इसे उठाने सभी के कंधे ना टूट जाएं ? अभी हम लोगों के मन में बस को लेकर अलग-अलग विचार चल ही रहे थे कि एक व्यक्ति बस में चढ़ा । किसी ने बताया कि वह व्यक्ति बस कंपनी में खुद भी हिस्सेदार है । अब तो मानो हम लोगों को अदृश्य शक्ति प्राप्त हो गई हो । हमने उस व्यक्ति से पूछा - क्यों भाई साहब यह बस चलती भी है ? उन्होंने लाल-लाल आंखों से हमें घूरा और कहा - चलती क्यों नहीं है जी ! देखिएगा यह अभी हवा से बात करेगी और फर्राटा दौड़ में अन्य साथी बसों की बोलती बंद कर देगी । हमने कहा वही तो देखने की हमारी दिल्ली तमन्ना है । क्या यह अपने आप चलती है ? या इसे कोई और चलता है ? फिर उस हिस्सेदार की तमतमाई आंखें बरस पड़ी ! उसने कहा जैसे और बसें चलती हैं वैसे ही यह भी चलती , दौड़ती और रूकती है । गजब ! ऐसी वयोवृद्ध बस भी चलती और दौड़ती है ? हमारा कौतूहल कुछ ज्यादा ही उछाल मारने लगा था ! हमारे कुछ मित्र बस में बैठने को लेकर आगा - पीछा करने लगे । हमारे डॉक्टर मित्र ने हमें सांत्वना दी और कहा डरो मत , चलो बस काफी अनुभवी है । नई - नवेली बसों से कहीं अधिक विश्वसनीय है । यह हमें अपने बच्चों की तरह प्यार से अपनी गोद में बिठाकर चलेगी । अपने डॉक्टर मित्र की सांत्वना से मिले ताकत के बाद हम सब बस में सवार हो गए । बस अड्डे पर हमें जो छोड़ने अथवा विदा करने आए थे वह इस तरह निहार रहे थे मानो हमें अंतिम विदाई दे रहे हों ! उनकी आंखें कह रही थीं - आना जाना तो लगा ही रहता है , जो आया है वह एक दिन जाएगा भी ! फिर वह राजा हो , रंक हो या फिर हो फकीर ! आदमी को एक स्थान से कूच करने के लिए कोई ना कोई निमित्त चाहिए । हमारे सवार होते ही इंजन स्टार्ट हो गया । ऐसा लग रहा था जैसे वह हमारे चढ़ने का ही इंतजार कर रहा था । इंजन चालू होते ही हम सभी का पहला अनुभव एक दूसरे को निहारते हुए मानो कह रहा था -सारी बस ही इंजन है ! हम सब इंजन के भीतर बैठे हैं ! हमने देखा खिड़कियों पर कांच बहुत कम बचे थे । जो बचे थे , वह लटक रहे थे और कह रहे थे हमसे बचकर रहना , वरना यात्रा कहीं बीच में ही राम नाम ...न हो जाए ? मैं तो कुछ ऐसा सहमा कि तुरंत ही खिड़की से दूर हो गया ! बस चल रही थी । इंजन दौड़ रहा था । हमें ऐसा लग रहा था जैसे इंजन हमारी सीट के नीचे ही फिट हो ! बस ने चलना और दौड़ना शुरू कर दिया था । अब तो मैं इतिहास के पन्नों में खो गया । थोड़ी आंख बंद हुई तो विचार जाग उठे । मेरे विचार इस वक्त केवल बस की जवानी से लेकर अब तक की अवस्था पर उलझे हुए थे । वे कह रहे थे कि यह बस , ऐसी - वैसी और आजकल वाली बस नहीं है ! यह वह बस है , जो गांधी जी के असहयोग और सविनय अवज्ञा आंदोलन के समय अपनी भरी पूरी जवानी पर इठलाया करती थी । इसे हर प्रकार की ट्रेनिंग मिल चुकी थी । आज जब यह हमें लेकर दौड़ लगा रही थी , तब उसका हर हिस्सा दूसरे के साथ असहयोग कर रहा था ! सविनय अवज्ञा आंदोलन गुलामी के दिनों की याद दिला रहा था ! सीट का बस की बॉडी के साथ असहयोग आंदोलन चरम पर था ! कभी-कभी तो ऐसा भी लगने लगता था मानो सीट बॉडी को छोड़कर अलग निकल गई हो , और इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगा रही हो ! कुछ किलोमीटर की यात्रा ही हो पाई थी और हमें यह समझने में चुनौती का सामना करना पड़ रहा था कि सीट पर हम बैठे हैं या हम पर सीट सवार है ? अचानक बस जोर की आवाज के साथ रुक गई ! यह वैसा ही अनुभव था जैसे अंग्रेजो की बंदूक से गोली छूटने के बाद आंदोलन कारियों का सहम जाने के रूप में देखा जाता था ! जानकारी लेने बस से नीचे उतरे हमारे मित्र ने बताया टंकी में छेद हो गया है ! ड्राइवर ने उस डीजल को बाल्टी में भरा और बगल में रखकर उस पर पाइप डालकर धीरे-धीरे इंजन के हृदय में भेजने लगा ! मैं उम्मीद कर रहा था कि हम लोगों के साथ बस कंपनी का जो हिस्सेदार बैठा है वह इंजन को निकाल कर अपनी गोद में ले लेगा और उसे ठीक उसी प्रकार डीजल पिलायेगा जैसे एक मां अपने बच्चों को पुचकारते हुए दूध पिलाती है ! हुआ भी वही उस हिस्सेदार ने पतले पाइप को इंजन के मुंह पर ऐसे लगा दिया जैसे मां अपने बच्चों के मुंह पर दूध की शीशी लगाती है ! अब मेरा मन अनेक तरह से भटक और डर रहा था । मुझे ऐसा लग रहा था कि कहीं ब्रेक फेल न हो जाए ? स्टेयरिंग न टूट जाए ? बस चल रही थी या यह कहूं कि घसीट रही थी ! कहीं झील का नजारा दिखता तो मेरी रूह कांप जाती कि कहीं यह उसमे गोता न लगा दे ? अचानक फिर बस ठहर गई ! ऐसा लगा मानो कोई वृद्धा चलते-चलते थक कर बैठ गई हो ! मुझे ग्लानि होने लगी कि , हम इस पर लदकर चले आ रहे हैं ! यदि इसका प्राणांत हो गया तो ढलती सांझ में कहीं इसकी अंत्येष्टि न करनी पड़े ? हिस्सेदार साहब ने कुछ सुधारा और बस फिर धीरे-धीरे सरकने लगी ! उसकी दोनों आंखों की ज्योति जवाब दे रही थी ! अभी सूरज ढलने को था किंतु आगे पीछे से आने वाले वाहनों को देखकर बस एक किनारे हो जाती और उनसे कहती- लो ! निकल जाओ बेटी ! मेरी अब वह उम्र नहीं रही । मैंने तो अपने गंतव्य पर पहुंचने की उम्मीद ही छोड़ दी थी और प्रभु श्री हरि के भजनों में गुम हो गया था । मेरे पाठकों को यह बता दूं यह वह बस नहीं थी , जो मेरे अपने छत्तीसगढ़ में चलती है । यहां की बसों से उसका कोई नाता नहीं है ।

**व्यंग्य**

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लखपति दीदी पहल से निधि को मिली नई उड़ान

लगन, मेहनत और सही अवसर मिल जाए तो ग्रामीण महिलाएं अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के साथ आत्मनिर्भरता की नई मिसाल कायम कर सकती हैं। पेण्ड्रा विकासखंड के ग्राम अमरपुर की श्रीमती निधि तिवारी की कहानी इसी बदलाव की प्रेरक मिसाल है। पशुपालन और सब्जी बाड़ी के जरिए उन्होंने अपनी आय के नए स्रोत विकसित किए और अब उनकी वार्षिक आय करीब ढाई लाख रुपये तक पहुंच गई है। श्रीमती निधि तिवारी जून 2023 से दीप महिला स्व सहायता समूह से जुड़ी हैं और वर्तमान में समूह की अध्यक्ष हैं। स्व सहायता समूह से जुड़ने के महज तीन महीने बाद उन्होंने चक्रिय निधि (आरएफ) से प्राप्त 10 हजार रुपये की सहायता से जर्सी नस्ल की गाय खरीदी। उनकी गाय से प्रतिदिन लगभग 15 लीटर दूध का उत्पादन होता है, जिससे उन्हें नियमित आय का स्रोत मिला।

इसके छह महीने बाद निधि को सामुदायिक निवेश निधि (सीआईएफ) से 60 हजार रुपये की सहायता प्राप्त हुई। उन्होंने इस राशि में अपनी बचत और अन्य संसाधन जोड़कर सब्जी- बाड़ी का काम शुरू किया। इसके बाद उन्होंने मौसम के अनुसार अलग-अलग सब्जियों की खेती को अपनी आजीविका का महत्वपूर्ण आधार बनाया।

**टमाटर की खेती से बढ़ी आमदनी**-निधि तिवारी ने मार्च माह में अपने खेत में टमाटर की फसल लगाई। फसल तैयार होने के बाद उन्होंने टमाटर की बिक्री शुरू की। उन्हें लगभग 40 रुपये प्रति किलो की दर से टमाटर बिक्री करने से अच्छी आमदनी हो रही है। पशुपालन के साथ सब्जी उत्पादन ने उनकी आय को विविध बनाया और परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में मदद की। निधि बताती हैं कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' से जुड़ने के बाद उन्हें अपने काम को आगे बढ़ाने के लिए वित्तीय सहायता, समूह का सहयोग और नई दिशा मिली। उन्होंने कहा कि आज वे अपने परिवार की जरूरतों को पूरा करने के साथ अपने सपनों को भी आगे बढ़ा पा रही हैं। **महिला स्व सहायता समूहों से आजीविका को मिल रहा आधार**-निधि तिवारी का अनुभव उस व्यापक ग्रामीण आजीविका ढांचे से जुड़ा है, जिसमें स्व सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को वित्तीय समावेशन, कौशल, आजीविका और उद्यमिता के अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया जाता है। केंद्र सरकार का दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन इसी उद्देश्य से ग्रामीण महिलाओं को स्व सहायता समूहों से संगठित करता है। 'लखपति दीदी' पहल इसी मिशन का परिणाम है, जिसमें महिलाओं की टिकाऊ वार्षिक आय कम से कम एक लाख रुपये तक पहुंचाने पर जोर है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने ग्रामीण महिलाओं की आय और आर्थिक भागीदारी बढ़ाने के लिए स्व सहायता समूह आधारित आजीविका मॉडल, वित्तीय समावेशन और महिला उद्यमिता पर विशेष जोर दिया है।

**मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बिहान से महिलाओं को मिल रहा मंच**-छत्तीसगढ़ में 'बिहान' के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को स्व सहायता समूहों से जोड़कर आजीविका गतिविधियों के लिए अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने महिला



स्व सहायता समूहों और ग्रामीण महिला उद्यमिता को आत्मनिर्भरता से जोड़ने पर जोर दिया है। 2026 में आयोजित 'लखपति दीदी संवाद' में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने स्वावलंबन, उद्यमिता और नवाचार के माध्यम से महिलाओं के आगे बढ़ाने की बात कही थी।

**परिवार के सपनों को पूरा करने की राह पर निधि**-निधि तिवारी कहती हैं कि मेहनत के साथ यदि सही अवसर और सहयोग मिले तो गांव में रहकर भी परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया जा सकता है। स्व सहायता समूह से मिली सहायता ने उन्हें पशुपालन और सब्जी- बाड़ी को व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाने का अवसर दिया। आज दूध उत्पादन और टमाटर सहित मौसमी सब्जियों की खेती से होने वाली आय उनके परिवार के सपनों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। निधि तिवारी की कहानी बताती है कि स्व सहायता समूह, वित्तीय सहायता, स्थानीय संसाधनों और मेहनत के समन्वय से ग्रामीण महिलाएं अपनी आजीविका को मजबूत कर सकती हैं। पशुपालन से शुरू हुआ उनका सफर सब्जी बाड़ी तक पहुंचा और अब वे लखपति दीदी की पहचान के साथ अपने परिवार के लिए आर्थिक आत्मनिर्भरता की राह तैयार कर रही हैं।

बचेली के पुराना मार्केट क्षेत्र के

# अधूरे पुल के कारण लोगों को आवागमन में होती है परेशानी

विश्वजीत सरकार

**बचेली, 23 सितंबर।** बचेली के पुराना मार्केट क्षेत्र में निर्माणाधीन पुल तीन-चार वर्ष बीत जाने के बाद भी पूरी तरह तैयार नहीं हो सका है। हल्की बारिश के बाद पुल के आसपास सड़क पर पानी जमा होने से आवागमन प्रभावित होती हैं वहीं वाहनों की लंबी कतारें लग लग जाती हैं। जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।खनन क्षेत्र से जुड़े होने के कारण यह मार्ग पहले से ही बेहद व्यस्त रहता है। स्थानीय जानकारी के अनुसार बैलाडीला क्षेत्र में करीब 1600 भारी वाहन संचालित हैं। 10 ,12 एवं 14 चक्का ट्रकों के साथ हाईवा, डंपर, यात्री वाहन, दोपहिया वाहन और अन्य वाहनों की लगातार आवाजाही के बीच सड़क पर जलभराव और जाम की स्थिति से परेशानी और बढ़ जाती है।




### तीन-चार साल से अधूरा पुल

निर्माण पूरा नहीं होने से रोजाना गुजरने वाले हजारों लोगों और वाहन चालकों की परेशानी लगातार बनी हुई है।

### बारिश में जलभराव, सड़क पर जाम

जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से बारिश के बाद सड़क पर पानी जमा होता है और वाहनों की आवाजाही प्रभावित होती है।

### भारी वाहनों के कारण दुर्घटना का खतरा

ट्रक, हाईवा और अन्य भारी वाहनों के साथ दोपहिया व पैदल राहगीरों की आवाजाही होने से जाम की स्थिति में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ जाती है।इस मार्ग का उपयोग केवल भारी वाहनों द्वारा ही नहीं किया जाता, बल्कि स्थानीय ग्रामीण, मजदूर, ठेका श्रमिक, स्कूल के बच्चे, स्कूल स्टाफ और आम नागरिक भी इसी रास्ते से आवागमन करते हैं। ऐसे में सड़क और पुल की मौजूदा स्थिति आम लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि हर बारिश के साथ समस्या और गंभीर हो जाती है। वर्षों से पुल निर्माण अधूरा रहने के कारण लोगों में नाराजगी है और अब वे निर्माण कार्य जल्द पूरा होने तथा जल निकासी की स्थायी व्यवस्था की मांग कर रहे हैं।

### बड़ा सवाल

आखिर पुराना मार्केट पुल का निर्माण कब पूरा होगा?

बारिश और जाम की इस समस्या से लोगों को कब मिलेगी स्थायी राहत?

क्या जिम्मेदार विभाग अब भी किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है?

लोगों की मांग है कि पुल एवं सड़क निर्माण को जल्द पूरा कराया जाए और जल निकासी की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि भारी वाहनों के साथ आम राहगीरों का आवागमन भी सुरक्षित और सुगम हो सके।




## एक नजर

### उत्तम त्याग दशलक्षणम धर्म का अहम अंग



**सिमगा,23 सितंबर (तछसं.)।** सिमगा जैन धर्म में उत्तम त्याग धर्म दशलक्षण धर्म का एक महत्वपूर्ण अंग है। इसका अर्थ केवल वस्तुओं को छोड़ना नहीं, बल्कि मोह, लोभ, अहंकार और आसक्ति का त्याग करना भी है।उत्तम त्याग धर्म का अर्थ त्याग का अर्थ है–जो वस्तु या भावना आत्मा की उन्नति में बाधक हो, उसे छोड़ देना और अपनी शक्ति के अनुसार दूसरों के कल्याण में उपयोग करना।जैन धर्म में त्याग के दो प्रमुख रूप समझे जाते हैंद्रव्य त्याग - धन, वस्तु आदि का दान करना और आवश्यकता से अधिक संग्रह न करना। भाव त्याग - क्रोध, मान, माया, लोभ, राग-द्वेष और अहंकार जैसे बुरे भावों को छोड़ना।उत्तम त्याग की भावना जरूरतमंद की सहायता करना। ज्ञान और धर्म का प्रसार करना। अपनी वस्तुओं में अत्यधिक आसक्ति न रखना। दूसरों के प्रति करुणा और उदारता रखना। मन में राग-द्वेष और लोभ को कम करना।आत्मकल्याण के लिए मोह का त्याग करना।

सरल शब्दों में-जो वस्तु हमारे पास है, उसे केवल अपने सुख के लिए न रखकर उचित पात्र को देना और मन से लोभ-मोह को छोड़ना ही उत्तम त्याग धर्म है।दशलक्षण धर्म में उत्तम त्याग हमें परिग्रह और आसक्ति कम करके आत्मा की शुद्धि की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है।आज देवाधिदेव 1008 श्री शांतिनाथ भगवान का अभिषेक शांतिधारा करने का परम सौभाग्य जैन समाज सिमगा के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर श्री प्रदीप जैन और देवेंद्र गुड्डू जैन को मिला।साथ मे समाज के सभी सदस्य उपस्थित रहे।आज दशलक्षण महापर्व में उत्तम त्याग धर्म है।

### आयुष्मान भारत से साहो के गंभीर हृदय रोग का निशुल्क हुआ इलाज

**बीजापुर, 23 सितंबर (तछसं.)।** भैरमगढ़ विकासखंड के नेलसनार गांव की 22 वर्षीय साहो को गंभीर हृदय रोग के इलाज में आयुष्मान भारत योजना से बड़ी राहत मिली। सांस फूलने, थकान और कमजोरी की शिकायत के बाद जांच में उन्हें कंजेस्टिव हार्ट फेल्योर की जानकारी मिली थी।खेती-मजदूरी पर निर्भर परिवार के लिए महंगे इलाज का खर्च बड़ी चिंता थी। साहो के पास आयुष्मान भारत कार्ड होने के कारण उन्हें बस्तर स्थित एमपीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां जनरल मेडिसिन विभाग में उनका उपचार किया गया। साहो के इलाज में करीब 2 लाख 53 हजार रुपये खर्च हुए, जिसका भुगतान आयुष्मान भारत योजना के तहत किया गया। परिवार को इलाज के लिए अपनी ओर से राशि खर्च नहीं करनी पड़ी।समय पर उपचार मिलने के बाद साहो की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार हुआ और वह स्वस्थ होकर घर लौट गईं। परिवार का कहना है कि योजना के चलते उन्हें इलाज के लिए कर्ज लेने या जमीन-जायदाद गिरवी रखने जैसी स्थिति का सामना नहीं करना पड़ा। स्वास्थ्य विभाग ने पात्र नागरिकों से आयुष्मान कार्ड बनवाने और आवश्यकता पड़ने पर योजना के तहत उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लेने की अपील की है।



### किराना दुकान से शुरू हुआ सफर, मछली पालन और चिकन सेंटर तक पहुंची सुनीता

**बीजापुर, 23 सितंबर (तछसं.)।** सीमित संसाधनों के बावजूद मेहनत और हौसले से आगे बढ़ने वाली सुनीता कुम्मर आज अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में अहम भूमिका निभा रही हैं। कभी छोटे स्तर पर किराना दुकान से शुरुआत करने वाली सुनीता ने अब किराना दुकान, मछली पालन और चिकन सेंटर को अपनी आजीविका का साधन बना लिया है।सुनीता के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से जुड़ना उनके सफर में महत्वपूर्ण साबित हुआ। स्व सहायता समूह के माध्यम से उन्हें बचत, ऋण और आजीविका गतिविधियों की जानकारी एवं मार्गदर्शन मिला।

समूह के सहयोग से उन्होंने धीरे-धीरे अपनी आर्थिक गतिविधियों का विस्तार किया।सबसे पहले सुनीता ने गांव में किराना दुकान शुरू की। रोजमर्रा की जरूरत का सामान उपलब्ध कराने से उन्हें नियमित आमदनी मिलने लगी। इसके बाद उन्होंने उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए मछली पालन शुरू किया। मछली की बिक्री से उन्हें अतिरिक्त आय मिलने लगी।

## आशा राम कर्मा बने पत्रकार एकता महासंघ फाउंडेशन के दंतेवाड़ा जिला अध्यक्ष

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बचेली-दंतेवाड़ा, 23 सितंबर।** दक्षिण बस्तर के ग्रामीण अंचल ग्राम पंचायत दुगेली से पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने वाले आशा राम कर्मा को पत्रकार एकता महासंघ फाउंडेशन छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है। ग्रामीण परिवेश से निकलकर पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने वाले कर्मा के लिए यह जिम्मेदारी केवल एक पद नहीं, बल्कि जिले के पत्रकारों और आम लोगों की समस्याओं को सामने लाने की एक नई जिम्मेदारी के रूप में देखी जा रही है।

आशा राम कर्मा का कहना है कि ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की अनेक समस्याएं अक्सर उचित मंच तक नहीं पहुंच पातीं। ऐसे में पत्रकार का दायित्व केवल समाचार प्रकाशित करना नहीं, बल्कि जनसमस्याओं को तथ्यात्मक रूप से सामने लाकर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित करना भी है।



### शहर से गांव तक जनसमस्याओं पर नजर

दंतेवाड़ा जिले के शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पेयजल, रोजगार, मूलभूत सुविधाओं और विकास से जुड़े अनेक मुद्दे सामने आते हैं। आशा राम कर्मा का प्रयास रहेगा कि ऐसे मामलों को प्राथमिकता के साथ सामने लाया जाए और संबंधित विभागों तक उनकी जानकारी पहुंचाई जाए।उनका कहना है कि पत्रकारिता किसी व्यक्ति विशेष की आवाज नहीं, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों की बात रखने का माध्यम है। इसलिए जिले के गांवों, तहसीलों और दूरस्थ इलाकों से आने वाली समस्याओं को निष्पक्षता और तथ्यात्मकता के साथ समाचारों में स्थान दिया जाएगा।

### गरीब परिवार से निकलकर जिम्मेदारी तक का सफर

ग्राम पंचायत दुगेली जैसे ग्रामीण क्षेत्र से पत्रकारिता के क्षेत्र में आगे बढ़ना आसान नहीं रहा। सीमित संसाधनों और ग्रामीण परिस्थितियों के बीच लगातार मेहनत करते हुए आशा राम कर्मा ने स्थानीय मुद्दों को अपनी पत्रकारिता का महत्वपूर्ण विषय बनाया। इसी कारण उनके लिए जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी को एक नए दायित्व के रूप में देखा जा रहा है।कर्मा का कहना है कि वे पत्रकार एकता महासंघ फाउंडेशन के माध्यम से जिले के पत्रकारों के बीच बेहतर समन्वय, आपसी सहयोग और संगठनात्मक मजबूती के लिए कार्य करेंगे। साथ ही पत्रकारों की समस्याओं को उचित मंच तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

तहसील स्तर तक मजबूत होगी पत्रकारों की आवाज-दंतेवाड़ा जिले के विभिन्न तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत पत्रकारों को संगठन के साथ जोड़ने, उनकी समस्याओं को समझने तथा आवश्यकतानुसार संबंधित स्तर पर विषय उठाने पर भी जोर दिया जाएगा। पत्रकार एकता महासंघ फाउंडेशन के प्रदेश स्तरीय कार्यक्रमों में भी पत्रकारों के अधिकार, सम्मान और हितों से जुड़े विषयों पर चर्चा की जाती रही है। आशा राम कर्मा ने कहा कि आने वाले समय में संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने के साथ पत्रकार साथियों के बीच एकजुटता बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। उनका उद्देश्य रहेगा कि दंतेवाड़ा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की आवाज को मजबूती से सामने लाया जाए और जनहित के मुद्दों को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने में पत्रकारिता की भूमिका प्रभावी बनाई जाए।

### जनहित को प्राथमिकता

आशा राम कर्मा ने कहा कि पद मिलने के बाद उनकी जिम्मेदारी और बढ़ गई है। वे पत्रकारिता के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति की समस्या को सामने लाने, ग्रामीण क्षेत्रों की वास्तविक स्थिति को उजागर करने तथा विकास से जुड़े सकारात्मक कार्यों को भी प्रमुखता देने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन में सभी पत्रकार साथियों के सहयोग और मार्गदर्शन से जिले में पत्रकार एकता को मजबूत किया जाएगा तथा पत्रकारिता के माध्यम से जनहित, ग्रामीण विकास और सामाजिक जागरूकता के मुद्दों को निरंतर आगे बढ़ाया जाएगा।

## दसपुर में गणेश उत्सव के चलते भक्तिमय हुआ गांव का माहौल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दसपुर,23 सितंबर ।** दसपुर में गणेश उत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। गांव के विभिन्न मोहल्लों में भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है। गणेश चतुर्थी के अवसर पर बाजार चौक, आवास पारा,गुडरापारा साहू पारा बड़े पारा यादव पारा सहित अलग-अलग स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। गणेश प्रतिमा स्थापना के बाद से ही संबंधित स्थानों पर सुबह-शाम पूजा-अर्चना, आरती और भक्ति गीतों का आयोजन किया जा रहा है। बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु भगवान गणेश के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में गणेश उत्सव को लेकर उत्साह नजर आ रहा है। घर-घर और मोहल्लों में गूंज रही गणपति बप्पा की जयकारा दसपुर के अभिषेक मटियारा रवि श्रीवास्तव डॉक्टर तोरण अर्जुन साहू दीपक निषाद ने बताया गांव के विभिन्न मोहल्लों में गणेश प्रतिमा स्थापित होने से पूरे दसपुर का वातावरण भक्तिमय हो गया है। शाम के समय आरती के दौरान श्रद्धालु बड़ी संख्या में एकत्रित होकर भगवान श्री गणेश की आराधना कर रहे हैं। पूजा स्थलों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है तथा प्रतिमा के आसपास रोशनी और सजावट की गई है।

## महिला एवं बाल विकास विभाग ने महिलाओं को किया जागरूक




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा,23 सितंबर।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय औरठी में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए व्यवस्थापक डॉक्टर दिनेश कुमार उपाध्याय ने अतिथियों का परिचय कराया उद्बोधन की कड़ी में सखी वन स्टाफ सेंटर नया बस स्टैंड सिमगा से पधारे प्रफुल्ल सोनवानी ने कहा सखी वन स्टाफ सेंटर का मुख्य उद्देश्य घर के भीतर व बाहर किसी भी रूप में सभी आयु वर्ग की महिलाओं को एक ही छत के नीचे एकीकृत रूप से सभी प्रकार की सुविधा वह सहायता निशुल्क उपलब्ध कराना है यह सेंटर सभी के लिए 24 घंटे सेवा में उपलब्ध है इसके माध्यम से जरूरतमंद महिलाओं को आपातकालीन सहायता एवं बचाव सहायता विधि सहायता मनोवैज्ञानिक सलाह एवं मनोपचार के लिए समर्पित है कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए सखी वन स्टाफ केंद्र वार्ड क्रमांक 8 अविका बिहार सिमगा से उपस्थित श्रीमती मोहिनी साहू ने बताया कि इस केंद्र के माध्यम से दहेज प्रथा बाल विवाह जैसे पुरिया से बचाव है यदि कोई महिला संकट में है तो उन्हें 181 नंबर पर तुरंत संपर्क करना चाहिए यदि कहीं बाल विवाह कराया जा रहा हो बालश्रम कराया जा रहा हो या बच्चों के द्वारा भिक्षावृत्ति कराई जा रही हो तो तुरंत 1098 नंबर डायल करें किसी बच्चे की सुरक्षा खतरे में हो तो तत्काल 112 नंबर पर संपर्क कर सहयोग प्राप्त कर सकते हैं अतिथियों के द्वारा बताई जा रही बातों को छात्र-छात्राओं ने ध्यान से सुना इसके बाद प्रश्नोत्तरी के माध्यम से बच्चों की जानकारी को और कुख्यात किया गया कार्यक्रम के अंत में भास्कर कुमार साहू जी ने आभार प्रदर्शन किया इसमें माधुरी वंशकार वसुमति साहू आर आर तिर्की की नीरा वर्मा अर्चना यादव शुचित्रा मेश्राम खिलेश्वर साहू अश्वनी नागवंशी दुरपति यदु और गोलू निषाद विशेष रूप से उपस्थित थे।

## एनएमडीसी बचेली ने सीएसआर से ग्रामीण विकास और सांस्कृतिक सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बचेली, 22 सितंबर ।** एनएमडीसी, बचेली के सीएसआर विभाग द्वारा बचेली परियोजना के आसपास के ग्रामों के समग्र विकास एवं स्थानीय सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। इस पहल के तहत 22 सितंबर 2026 को 12 ग्राम पंचायतों को टेंट सामग्री, एलईडी टीवी एवं साउंड सिस्टम वितरित किए गए।



यह पहल 12 ग्राम पंचायतों के सरपंचों के अनुरोध पर की गई। सरपंचों ने बताया था कि ग्रामों में विभिन्न सांस्कृतिक एवं पारंपरिक कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं, लेकिन आवश्यक संसाधनों एवं उपकरणों की सीमित उपलब्धता के कारण आयोजनों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उपलब्ध कराई गई सामग्री से ग्राम पंचायतों को सामुदायिक, सांस्कृतिक एवं पारंपरिक कार्यक्रमों के बेहतर आयोजन में सुविधा मिलेगी। एलईडी टीवी के माध्यम से डिजिटल शिक्षा कार्यक्रमों एवं शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीण समुदाय तक पहुंचाने में भी सहायता मिलेगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल जागरूकता एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में योगदान मिलेगा।कार्यक्रम में श्री महेश नायर, महाप्रबंधक (मानव संसाधन), एनएमडीसी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्रीमती के. लक्ष्मी नागवेणी, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन); श्री जोसी थॉमस, उप महाप्रबंधक (सीएसआर) ; श्री एस. आर. डेहरिया, उप महाप्रबंधक (सिविल) तथा श्री सौरभ कुमार, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) भी उपस्थित रहे।

यह पहल एनएमडीसी की अपने परिचालन क्षेत्रों के आसपास समावेशी ग्रामीण विकास, डिजिटल सशक्तिकरण तथा स्थानीय संस्कृति एवं सामुदायिक परंपराओं के संरक्षण के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।कोल लेवी घोटाले के आरोपी सूर्यकांत तिवारी से जुड़ी भिलाई के जुनवानी स्थित ए-1 सूर्या रेजिडेंसी की एक संपत्ति पर आयकर विभाग ने कार्रवाई की है विभाग की टीम ने करीब 200 वर्गमीटर में फैले मकान को सील कर अपने कब्जे में ले लिया कार्रवाई के दौरान आयकर विभाग के अधिकारियों के साथ तहसीलदार और पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा बेनामी संपत्ति मामले में कार्रवाई आयकर विभाग ने इस संपत्ति को बेनामी संपत्ति से जुड़े मामले में कार्रवाई करते हुए सील किया है. मकान में पहले मनीष उपाध्याय रह रहे थे विभाग की ओर से पहले उन्हें नोटिस जारी किया गया था इसके बाद मकान को खाली करा लिया गया मुनादी कर मकान सील करने की कार्रवाई कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आयकर विभाग की टीम संपत्ति को सील करने पहुंची सुरक्षा के मद्देनजर मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था ।

## बेदरे में हथियारों का अंडरग्राउंड जखीरा बरामद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 23 सितंबर।** बीजापुर जिले में माओवादी गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे सर्चिंग और डिमाइनिंग अभियान के दौरान सुरक्षा बलों को लगातार सफलता मिल रही है। थाना बेदरे क्षेत्र के लंका पहाड़ी जंगल में सर्चिंग के दौरान जमीन के अंदर छिपाकर रखे गए माओवादी डंप से बड़ी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है।



लंका पहाड़ी के जंगल में मिला माओवादी डंप, SLR-INSAS से BGL सेल तक बरामद हुआ। सुरक्षा बलों ने डिमाइनिंग कार्रवाई के दौरान जंगल में संदिग्ध स्थान की जांच की। जमीन के अंदर छिपाकर रखे गए डंप से एक SLR/LMG रायफल, एक INSAS रायफल, एक .315 बोर बंदूक, दो BGL लॉन्चर, 17 BGL सेल और एक चाइना हैंड ग्रेनेड बरामद किया गया। इसके अलावा 49 स्क्रराउंड, 15 .315 बोर राउंड, 15 BGL कारतूस, चार SLR मैगजीन और एक .315 बोर मैगजीन समेत अन्य सामग्री व उपकरण भी सुरक्षा बलों के हाथ लगे हैं।

**सितंबर में लगातार मिल रहे माओवादी डंप**-पुलिस के मुताबिक सितंबर माह में बीजापुर जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की कार्रवाई के दौरान पूर्व से छिपाकर रखे गए माओवादी डंप बरामद किए गए हैं। बरामद सामग्री को विधिवत जब्त कर मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई और डंप से जुड़े लोगों की पतासाजी की जा रही है।

नॉन-इलेक्ट्रिकल वायर के सात बंडल, डेटोनेटर और ग्रेनेड बरामद किए गए। वहीं 1 सितंबर को भोपालपटनम थाना क्षेत्र के नीलमड़गु जंगल से 12 बोर देशी कट्टा, क्न्नरु लॉन्चर, आठ क्न्नरु सेल, 12 बोर के 10 जिंदा राउंड सहित अन्य सामग्री बरामद हुई थी।16 सितंबर को फरसेगढ़ थाना क्षेत्र के बड़ेआलवाड़ा जंगल से .315 बोर रायफल, 49 जिंदा राउंड, .303 के 25 राउंड, 12 बोर के 49 राउंड, करीब 8 किलो जिलेटिन, वॉकी-टॉकी और अन्य उपकरण बरामद हुए। 20 सितंबर को भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के आदवाड़ा जंगल से,K-47, .315 बोर हथियार, सिंगल शॉट बंदूक, पिस्टल, जिंदा कारतूस और मैगजीन बरामद किए गए।

**माहभर की कार्रवाई में कई हथियार बरामद**-DSP ऑप्स सिद्धार्थ सिंह चौहान के अनुसार ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि सितंबर माह में सुरक्षा बलों की अलग-अलग कार्रवाइयों में माओवादी डंप से एक LMG, एक AK-47, एक INSAS, दो .315 बोर, एक 12 बोर, तीन BGL लॉन्चर और दो पिस्टल सहित भारी मात्रा में विस्फोटक, कारतूस और अन्य माओवादी सामग्री बरामद की गई है।

## राज्य स्तरीय एथलेटिक्स में बीजापुर के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 23 सितंबर।** 26वीं राज्य स्तरीय शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बीजापुर जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई स्वर्ण और रजत पदक अपने नाम किए। धरमपुरा, जिला बस्तर (जगदलपुर) में 17 से 20 सितंबर तक आयोजित प्रतियोगिता में जिले के पुनेम पाकलु, संतोषी भंडारी और अंजली कारम ने अलग-अलग स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### पुनेम पाकलु ने जीता गोल्ड और सिल्वर

अंडर-14 बालक वर्ग में पुनेम पाकलु ने 600 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक और 400 मीटर दौड़ में रजत पदक हासिल किया।संतोषी ने तीन स्पर्धाओं में जीते स्वर्णअंडर-17 बालिका वर्ग में संतोषी भंडारी ने 400 मीटर, 800 मीटर और 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया।

### अंजली ने रिले में भी दिखाया दमखम

अंडर-19 बालिका वर्ग में अंजली कारम ने 100 मीटर, 4म100 मीटर रिले और 4म400 मीटर रिले में स्वर्ण पदक हासिल किए। खिलाड़ियों की सफलता पर कलेक्टर विश्वदीप और जिला शिक्षा अधिकारी राजेश पांडे ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

एपीसी मो. जाकिर खान, डी. सुब्बैया और एथलेटिक्स कोच संदीप कुमार गुप्ता ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इन खिलाड़ियों की उपलब्धि से जिले के अन्य युवा खिलाड़ियों को भी खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों ने सीखा हाथ धोने का सही तरीका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 23 सितंबर।** स्वच्छता ही सेवा एवं पोषण माह पखवाड़ा के तहत जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में हाथ धुलाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों, माताओं और समुदाय के लोगों को हाथों की स्वच्छता के महत्व की जानकारी दी गई।



आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बच्चों को हाथ धोने का सही तरीका बताया। उन्हें भोजन से पहले और शौचालय के उपयोग के बाद साबुन से हाथ धोने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही व्यक्तिगत स्वच्छता, पौष्टिक आहार और स्वस्थ जीवनशैली के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साह के साथ हाथ धुलाई गतिविधि में हिस्सा लिया। इस दौरान स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और बच्चों को स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने का संदेश दिया गया।

**एक नजर**



### सेवा संकल्प अभियान के तहत विद्यार्थियों को दिया कैरियर मार्गदर्शन

**रायगढ़, 23 सितम्बर।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चक्रधरनगर रायगढ़ में कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र के तत्वावधान में किया गया।कार्यक्रम में विद्यार्थियों को शिक्षा के बाद उपलब्ध विभिन्न कैरियर विकल्पों, रोजगार की संभावनाओं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। विद्यार्थियों को अपनी रुचि और क्षमता के अनुरूप कैरियर का चयन करने के लिए प्रेरित किया गया।इस दौरान विद्यार्थियों ने कैरियर से जुड़े विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भविष्य की पढ़ाई और रोजगार के अवसरों को लेकर सही दिशा प्रदान करना रहा।इस अवसर पर संबंधित अधिकारी, स्कूल के प्राचार्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थितथे।

### सेवा की कहानीः श्रमिक परिवारों को मिल रहा योजनाओं का सीधा लाभ



**रायगढ़, 23 सितम्बर।** शासन के निर्देशानुसार एवं जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद और पात्र हितग्राहियों तक सीधे पहुंचाया जा रहा है। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शिविरों और मैदानी स्तर पर हितग्राहियों की पहचान कर उन्हें संबंधित योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। इससे श्रमिक और ग्रामीण परिवारों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए अनावश्यक परेशानी नहीं उठानी पड़ रही है।इसी क्रम में लैलूंगा विकासखंड के ग्राम कोड़केल की पंजीकृत महिला श्रमिक देववंती सिदार को श्रम विभाग के भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल की मिनीमाता महतारी जतन योजना का लाभ मिला। प्रसव के बाद उनके आवेदन का त्वरित निराकरण करते हुए 20 हजार रुपए की सहायता राशि सीधे उनके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गई। सेवा की कहानी में देववंती सिदार ने बताया कि उन्हें योजना की जानकारी आसानी से मिली और आवेदन की प्रक्रिया भी सरल रही। राशि सीधे खाते में मिलने से उन्हें काफी राहत मिली। प्रसव के बाद यह राशि मेरे और मेरे नवजात शिशु के स्वास्थ्य और पोषण की देखभाल में बहुत बड़ा सहारा बनी है। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और सहायता आसानी से मिलना हम जैसे श्रमिक परिवारों के लिए बहुत उपयोगी है।

### सेवा संकल्प अभियानः आयुर्वेद दिवस पर निकली जागरूकता रैली



**रायगढ़, 23 सितम्बर।** सेवा संकल्प अभियान एवं 11वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर मंगलवार को आयुष विभागएवं मेडिकल कॉलेज ऑफ आयुर्वेद के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली सुबह 7 बजे जिला आयुष कार्यालय से शुरू होकर कमला नेहरू पार्क तक पहुंची। आयुष विभाग और मेडिकल कॉलेज के संयुक्त आयोजन का उद्देश्य आयुर्वेद एवं योग के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।कमला नेहरू पार्क में मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने 'स्वस्थ कल के लिए आयुर्वेद' थीम पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नाटक के जरिए आयुर्वेद के महत्व और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। पार्क में मौजूद लोगों ने छात्र-छात्राओं की प्रस्तुति की सराहना की।इसके बाद छात्र-छात्राओं ने योग का प्रदर्शन किया और नियमित योग को स्वस्थ जीवनशैली का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में करीब 150 लोगों ने सहभागिता की। इस अवसर पर आयुष विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य, शिक्षक और छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

### माँ भुवनेश्वरी प्राकट्य दिवस पर हवन का आयोजन

**रायपुर, 23 सितंबर।** पुरानी बस्ती स्थित शीतला माता मंदिर माँ धूमावती सिद्धपीठ दस महाविद्यापीठ में आज चतुर्थ महाविद्या माँ भुवनेश्वरी प्राकट्य दिवस जयंती के अवसर पर रात्रि 8 बजे माँ के भक्तों के आत्मकल्याण निमित्त पीठाधीश्वर महाराज नीरज सैनी पुजारी द्वारा हवन पूजन, अनुष्ठान, महायज्ञ किया जायेगा। साथ ही माँ भुवनेश्वरी मंत्र दीक्षा भी दी जायेगी।

### आठवीं संध्या में मायरा ने दी कथक की प्रस्तुति

**रायगढ़, 22 सितम्बर।** 41वें चक्रधर समारोह की आठवीं संध्या में रायगढ़ की युवा कथक कलाकार मायरा श्रीवास्तव ने कथक की प्रस्तुति दी। कक्षा 9वीं में अध्ययनरत मायरा पिछले तीन वर्षों से गुरु पूजा जैन से रायगढ़ घराने की कथक शैली का प्रशिक्षण ले रही हैं।माइरा ने अपनी प्रस्तुति में कथक की मुद्राओं और भाव-भंगिमाओं के साथ नृत्य प्रस्तुत किया। मंच पर उनके आत्मविश्वास और भावपूर्ण प्रस्तुति को दर्शकों ने सराहा।मायरा को रस बनारस, मधुगुंजन रायगढ़ और प्रणवम बिलासपुर में प्रथम पुरस्कार मिल चुका है। पढ़ाई के साथ वे लगातार कथक का अभ्यास कर रही हैं ।

# जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 23 सितम्बर।** अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चक्रधर समारोह के अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का 21 सितंबर को समापन हुआ। 19 से 21 सितंबर तक आयोजित प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिला वर्ग की कुल 25 टीमों ने हिस्सा लिया। इनमें 14 पुरुष और 11 महिला टीमें शामिल रहीं। तीन दिनों तक चले मुकाबलों में खिलाड़ियों ने खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना का प्रदर्शन किया।

पुरुष वर्ग में खरसिया जनपद, कबड्डी संघ, नगर निगम रायगढ़, तमनार जनपद, बरमकेला जनपद, धरमजयगढ़ जनपद, लैलूंगा जनपद, पुसौर जनपद, घरघोड़ा जनपद, रायगढ़ जनपद, सारंगढ़ जनपद, राजा चक्रधर, जिंदल फाउंडेशन तथा पुलिस विभाग की टीमों ने हिस्सा लिया। महिला वर्ग में अडानी फाउंडेशन, रायगढ़ जनपद, जिंदल फाउंडेशन रायगढ़, पुसौर जनपद, खरसिया जनपद, लैलूंगा जनपद, तमनार जनपद, घरघोड़ा जनपद, धरमजयगढ़ जनपद, जिंदल फाउंडेशन तमनार तथा नगर निगम रायगढ़ की टीमें शामिल रहीं।

पुरुष वर्ग में तमनार जनपद प्रथम, धरमजयगढ़ जनपद द्वितीय, खरसिया जनपद तृतीय और कबड्डी संघ की टीम चतुर्थ स्थान पर रही। महिला वर्ग में अडानी फाउंडेशन प्रथम, जिंदल फाउंडेशन द्वितीय, लैलूंगा जनपद तृतीय और धरमजयगढ़ जनपद चतुर्थ स्थान पर रहा।दोनों वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त टीम को 51 हजार रुपए, द्वितीय को 31 हजार रुपए तथा तृतीय और चतुर्थ स्थान प्राप्त टीमों को 10-10 हजार रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की गई।पुरुष वर्ग में धरमजयगढ़ के यशवंत कमलवंशी को बेस्ट कैचर, तमनार के जागृत पटेल को बेस्ट रेडर और तमनार के आशीष सिदार को ऑलराउंडर का पुरस्कार मिला। महिला वर्ग में प्राची को बेस्ट कैचर, रीना को बेस्ट रेडर और भूमिका को ऑलराउंडर का पुरस्कार दिया गया।

समापन समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिखा रविन्द्र गबेल ने कहा कि खेल में जीत और हार दोनों होती हैं। जो टीम इस बार जीत नहीं पाई, उसे निराश होने की जरूरत नहीं है। खिलाड़ियों को अपनी कमियों को पहचानकर लगातार अभ्यास करना चाहिए और अगली प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के साथ आगे बढ़ने का अवसर देते हैं।जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री दीपक सिदार ने कहा कि कबड्डी केवल शारीरिक ताकत का खेल नहीं है, बल्कि इसमें रणनीति, अनुशासन, धैर्य और टीम भावना भी महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि मैदान में उतरकर पूरी मेहनत और खेल भावना के साथ मुकाबला करना अपने आप में महत्वपूर्ण है। उन्होंने विजेता टीमों को बधाई देते हुए अन्य टीमों से भी आगे बेहतर तैयारी के साथ लौटने का आह्वान किया।

जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुषमा खलखो ने कहा कि जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। कबड्डी प्रतियोगिता जैसे आयोजन इन प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को जीत से उत्साहित और हार से सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। नियमित अभ्यास और अनुशासन से खिलाड़ी जिला स्तर से आगे राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना सकते हैं।

# तीज मिलन समारोह में बड़ी संख्या में महिलाओं ने शामिल होकर पर्व की खुशियां साझा की



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 23 सितंबर।** ब्राह्मण महिला समाज प्रकोष्ठ, तहसील छुरा की ओर से आयोजित तीज मिलन एवं संगठनात्मक बैठक में संस्कृति, परंपरा और महिला सहभागिता का खूबसूरत संगम देखने को मिला। तीज गीत, भजन, सामूहिक सुआ नृत्य एवं सम्बलपुरीया

नृत्य की प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में उत्साह का माहौल रहा। कार्यक्रम में समाज की महिलाओं ने बड़ी संख्या में शामिल होकर तीज पर्व की खुशियां साझा कीं।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कमला सारसवत रहीं। अध्यक्षता अरुणा मेहता ने की तथा विशेष अतिथि के रूप में सरस तिवारी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम जी के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पण के साथ किया गया। संगठनात्मक बैठक में महिला प्रकोष्ठ की वर्तमान गतिविधियों, सदस्यता अभियान, संगठन को तहसील स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने, आगामी सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों तथा सेवा कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। महिलाओं ने समाजहित के कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने और संगठन की गतिविधियों को आगे बढ़ाने पर विचार साझा किए।

इसके बाद तीज मिलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। महिलाओं ने तीज गीत, भजन, पारंपरिक नृत्य, सामूहिक सुआ नृत्य एवं संभलपुरीया नृत्य की प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में रंग जमा दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के दौरान महिलाओं ने उत्साहपूर्वक तालियां बजाकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

#### कुर्सी दौड़ में सीमा, सिक्का चम्मच में पूजा प्रथम

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न मनोरंजक एवं बौद्धिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कुर्सी दौड़ में सीमा तिवारी ने प्रथम तथा बबली तिवारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सिक्का-चम्मच प्रतियोगिता में पूजा तिवारी प्रथम और शशि शर्मा द्वितीय रहीं। तीज क्वीन प्रतियोगिता में पूजा तिवारी विजेता रहीं। सामाजिक चर्चा में दीपाली सारसवत तथा भाषण प्रतियोगिता में अदिति पांडेय का चयन किया गया। प्रतियोगिताओं में चयनित एवं विजेता प्रतिभागियों को श्रीफल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे से मिलकर तीज पर्व की शुभकामनाएं दीं। आयोजन के माध्यम से महिलाओं को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने के साथ आपसी मेल-जोल बढ़ाने का अवसर मिला। कार्यक्रम में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से आयोजन उत्साहपूर्ण रहा।कार्यक्रम का सफल संचालन महामंत्री लीना दुबे एवं योगेश्वरी दुबे ने किया। अंत में ब्राह्मण महिला समाज प्रकोष्ठ की अध्यक्ष पुष्पा तिवारी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वाली सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों तथा कार्यक्रम में शामिल हुईं आगंतुक महिलाओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने सभी को तीज पर्व की शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी इसी तरह सामाजिक एवं संगठनात्मक

### वासंती वैष्णव एवं शिष्य-शिष्याओं ने कथक में जीवंत की रायगढ़ घराने की परंपरा

**रायगढ़, 23 सितम्बर।** 41वें चक्रधर समारोह की 8वीं संगीत संध्या में कथक विदुषी श्रीमती वासंती वैष्णव एवं उनके शिष्य-शिष्याओं ने शानदार कथक प्रस्तुति से रायगढ़ घराने की समृद्ध परंपरा को मंच पर जीवंत कर दिया। लय, ताल, भाव और नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।रायगढ़ घराने के प्रसिद्ध कथक साधक पंडित फिरतु महाराज की पुत्री एवं प्रमुख शिष्या वासंती वैष्णव ने बाल्यकाल से ही कथक की शिक्षा प्राप्त की। पंडित राममूर्ति वैष्णव एवं पंडित सुनील वैष्णव से भी उन्होंने कथक की बारीकियां सीखीं। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाली वासंती वैष्णव को कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए वर्ष 2014 में छत्तीसगढ़ शासन के चक्रधर सम्मान से सम्मानित किया गया है। वासंती वैष्णव ने अपने शिष्य-शिष्याओं ज्योतिश्री वैष्णव, सृष्टि गर्ग, ओजस्विता रॉयल, साँईश्री इजारदार, अनन्या श्रीवास, प्रिंसी तिवारी, प्रभ्नूर कौर सलूजा, सिया छत्रे एवं स्वप्निल बोरकर के साथ ठाकुर वेदमणि सिंह की कालजयी रचना 'गंगा अवतरण' से प्रस्तुति का शुभारंभ किया। इसके बाद कलाकारों ने विशुद्ध रायगढ़ घराने की शैली में विलास पारण, कृष्ण लास्य त्रोतकम, कड़क बिजली, नृत्य कौशल का परिचय दिया।

## समाचार संक्षेप

### आईएसबीएम विश्वविद्यालय में नेशनल फार्मेसी वीक के द्वितीय दिवस क्विज प्रतियोगिता आयोजित



**छुरा, 23 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आईएसबीएम विश्वविद्यालय में विश्व फार्मासिस्ट दिवस एवं नेशनल फार्मेसी वीक 2026 के अंतर्गत द्वितीय दिवस पर विद्यार्थियों के एंटी माइक्रोबियल रजिस्टेंस के रोकथाम विषय पर ज्ञान, त्वरित निर्णय क्षमता एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में फार्मेसी एवं स्वास्थ्य विज्ञान से संबंधित विभिन्न विषयों पर आधारित प्रश्न पूछे गए। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतियोगिता में भाग लेते हुए अपनी ज्ञान एवं प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा एवं टीम भावना देखने को मिली।स्कूल आफ फार्मेसी से क्विज प्रतियोगिता में मिथिलेश साहू, रेयान खान एवं चिरंजीत की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अमिताभ बहादुर, रसना महलदार एवं वेदराज जगत की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।अल्फा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी क्विज प्रतियोगिता में खोमन, अराधना, सरोजनी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं खुशहाल, नमेश ,एवं चेमन लाल की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय की ओर से प्रशस्ति-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकगण ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें फार्मेसी के क्षेत्र में निरंतर अध्ययन, अनुसंधान एवं नवाचार के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम स्कूल आफ फार्मेसी, श्री राजेन्द्र कुमार साहू एवं अल्फा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी श्री युगल किशोर राजपूत के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। नेशनल फार्मेसी वीक के अंतर्गत आयोजित यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों के शैक्षणिक ज्ञान को व्यवहारिक एवं प्रतिस्पर्धात्मक मंच प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रही। आईक्यूएसी डायरेक्टर अकादमिक अधिष्ठाता डॉ एन. कुमार स्वामी एवं छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ ओमप्रकाश साहू ने सभी प्रतिभागियों एवं विजेता टीमों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

### जिले में 1 से 16 अक्टूबर तक लगेंगे सेवा संकल्प शिविर

**रायगढ़, 23 सितम्बर ।** शासन के निर्देशानुसार जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के सभी विकासखंडों और नगरीय निकायों में 01 से 16 अक्टूबर तक सेवा संकल्प शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में शासन की 26 प्रमुख हितग्राहीमूलक योजनाओं से पात्र नागरिकों को लाभान्वित किया जाएगा।जिला पंचायत सीईओ श्री अभिजीत बबन पठारे ने बताया कि शिविरों से पहले 25 सितंबर से आवेदन संकलन का कार्य शुरू किया जाएगा। प्राप्त आवेदनों का निराकरण संबंधित विभागों द्वारा किया जाएगा। शिविर के दिन आवेदकों को उनके आवेदन की स्थिति और निराकरण की जानकारी मौके पर ही दी जाएगी। इससे लोगों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए बार-बार कार्यालय जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।इन स्थानों पर होंगे शिविर-1 अक्टूबर को धरमजयगढ़ विधानसभा अंतर्गत जनपद पंचायत घरघोड़ा का शिविर माध्यमिक शाला अमलीडीह में होगा। 2 अक्टूबर को लैलूंगा विधानसभा के जनपद पंचायत तमनार का शिविर हाईस्कूल मैदान देवगढ़ में, 3 अक्टूबर को खरसिया विधानसभा के जनपद पंचायत खरसिया का शिविर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय मुरा में तथा 4 अक्टूबर को रायगढ़ विधानसभा के जनपद पंचायत रायगढ़ का शिविर स्कूल प्रांगण जुर्डा में आयोजित होगा। इसी तरह 5 अक्टूबर को जनपद पंचायत धरमजयगढ़ का शिविर खेलभाठा दर्रीडीह, 6 अक्टूबर को जनपद पंचायत लैलूंगा का शिविर हाईस्कूल प्रांगण नारायणपुर, 7 अक्टूबर को नगर पालिका परिषद खरसिया का शिविर नगर पालिका परिसर, 8 अक्टूबर को जनपद पंचायत पुसौर का शिविर ग्राम पंचायत बाघाडोला में होगा।9 अक्टूबर को नगर पंचायत धरमजयगढ़, 10 अक्टूबर को नगर पंचायत लैलूंगा, 11 अक्टूबर को जनपद पंचायत पुसौर का शिविर मंगल भवन तिलगी, 12 अक्टूबर को नगर पालिक निगम रायगढ़ का शिविर निगम कार्यालय परिसर में होगा।13 अक्टूबर को नगर पंचायत घरघोड़ा, 14 अक्टूबर को नगर पंचायत तमनार, 15 अक्टूबर को जनपद पंचायत खरसिया-2 का शिविर हाईस्कूल परिसर खम्हार तथा 16 अक्टूबर को नगर पंचायत पुसौर का शिविर नगर पंचायत कार्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा।

### जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनीं लोगों की समस्याएं



**रायगढ़, 23 सितम्बर।** जिला कलेक्ट्रेट परिसर में सोमवार को आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की मांगों और समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने आवेदकों से उनकी समस्याओं की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार परीक्षण कर समय-सीमा में शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जनदर्शन में रायगढ़ निवासी अशोक अग्रवाल ने अटल आवास, कोतरा रोड स्थित लिफ्ट की मरम्मत कराने के संबंध में आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि लिफ्ट पिछले करीब 6-7 माह से खराब है, जिसके कारण वहां निवासरत लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को कई मंजिल सीढ़ियों से चढ़ना-उतरना पड़ रहा है। उन्होंने लिफ्ट की शीघ्र मरम्मत कराने का आग्रह किया।इसी प्रकार ग्राम लिबरा के ग्रामीणों ने अपने रहवासी क्षेत्र को आबादी क्षेत्र घोषित कर आबादी पट्टा प्रदान करने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत लिबरा के कुधरीपारा मोहल्ले में वे और उनके पूर्वज पिछले 60-70 वर्षों से निवास करते आ रहे हैं, लेकिन अब तक क्षेत्र को आबादी क्षेत्र घोषित नहीं किया गया है।

# सुपेला में शराब बिक्री पर 30 हजार रुपए जुर्माना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भखारा, 23 सितंबर।** गांव में सामाजिक अनुशासन और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए ग्राम विकास समिति सुपेला ने शराब बिक्री,सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने, जुआ-ताश तथा दुकानों में पानी पाउच और डिस्पोजल की बिक्री पर सख्ती का निर्णय लिया है। ग्राम विकास समिति के पदाधिकारी व ग्रामीणों ने इन सभी निर्णयों को सर्वसम्मति से पारित किया।

ग्राम विकास समिति के निर्णय के अनुसार शराब बेचते हुए पकड़े जाने पर 30 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया जाएगा। वहीं शराब बेचने वाले की सूचना देने वाले व्यक्ति को 10 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा। सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीते पकड़े जाने पर 5 हजार रुपए का अर्थदंड और पकड़वाने वाले को 2 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा। इसी तरह दुकानों में पानी पाउच एवं डिस्पोजल बेचने पर 5 हजार रुपए का अर्थदंड निर्धारित किया गया है। इसकी सूचना देकर कार्रवाई करवाने वाले व्यक्ति को 2 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा। गांव में ताश और जुआ खेलने पर भी प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया है।

उक्त निर्णय पर ग्राम विकास समिति अध्यक्ष दिग्विजयसिंह ने कहा कि समिति का उद्देश्य गांव में शांतिपूर्ण और स्वच्छ वातावरण बनाए रखना है। सभी ग्रामीणों से निर्णय का पालन करने और गांव के हित में सहयोग करने की अपील की गई है।

सचिव कन्हैया लाल साहू ने कहा कि समिति द्वारा लिए गए निर्णय गांव के सभी लोगों की सहमति से लिए गए हैं। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर निर्धारित अर्थदंड लगाया जाएगा तथा सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखते हुए नियमानुसार इनाम दिया जाएगा।

सरपंच चेतन लाल देवांगन ने कहा कि गांव की शांति व्यवस्था बनाने व नशामुक्त गांव बनाने की ओर एक अच्छा पहल है इससे आसपास के गांव भी जागरूक होंगे।

बैठक में समिति के उपाध्यक्ष खिलावन साहू,कोषाध्यक्ष दयालु राम साहू,संरक्षक कृष्णदयाल साहू,सोनऊ राम देवांगन,अनिरुद्ध देवांगन,हितेंद्र साहू,मोहित यादव,ढाकेश्वर साहू,परमानन्द साहू,तेजराम साहू,शत्रुहन लाल देवांगन,ललित सेन,दशेलाल देवांगन,कामता देवांगन, गुमान यादव,गौतम देवांगन, रामनारायण साहू,भानुप्रताप साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# संयुक्त खदान मजदूर संघ ने मांगों को लेकर मोर्चा खोला,ज्ञापन सौंपा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दल्लीराजहरा, 23 सितंबर।** लौह अयस्क खदान समूह राजहरा में कार्यरत नियमित एवं ठेका श्रमिकों की लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर संयुक्त खदान मजदूर संघ (केंद्रीय) ने मोर्चा खोल दिया है। संघ के अध्यक्ष कमलजीत सिंह मान ने मुख्य महाप्रबंधक, लौह अयस्क खदान समूह राजहरा को 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए जल्द निराकरण की मांग की है।

ज्ञापन में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि प्रबंधन द्वारा नियमित एवं ठेका श्रमिकों को न्याय नहीं दिया गया, तो समस्त कर्मचारी आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस पत्र की प्रतिलिपि ई.डी. पर्सनल भिलाई स्टील प्लांट एवं ई.डी. माइंस भिलाई स्टील प्लांट को भी सौंपी गई है।

संघ ने अपने ज्ञापन में लिखा है कि पिछले दो-तीन वर्षों से लगातार प्रबंधन को मांगों से अवगत कराया जा रहा है, लेकिन ठेका श्रमिकों के मामले में ठेकेदारों द्वारा मनमानी की जा रही है। मजदूरों के वेतन, प्रोविडेंट फंड, बोनस एवं अन्य भुगतानों की निगरानी स्वयं मुख्य नियोक्ता भिलाई स्टील प्लांट को करनी चाहिए, जो नहीं हो रही है। इससे कर्मचारियों में भारी आक्रोश है।

**क्या हैं 10 प्रमुख मांगें**-1. 39 माह के एरियर्स का भुगतान करोः- नियमित कर्मचारियों का वेतन समझौता 2022 में हुआ था। उस समय प्रबंधन ने आश्वासन दिया था कि जनवरी 2017 से 39 माह का बकाया एरियर्स जल्द दिया जाएगा, लेकिन आज तक भुगतान नहीं हुआ। एन.जे.सी.एस. कमेटी की बैठक बुलाकर शीघ्र भुगतान किया जाए।

2. राजहरा माइंस अस्पताल की हालत सुधारो- अस्पताल की स्थिति दयनीय हो गई है। डॉक्टरों और स्टाफ की भारी कमी है। माह में एक बार भिलाई से विशेषज्ञ डॉक्टर आते हैं, इसे बढ़ाकर माह में चार बार किया जाए। सभी जांचों की व्यवस्था राजहरा में ही हो और विशेषज्ञ डॉक्टरों की स्थायी नियुक्ति की जाए।3. टाउनशिप आवास नीति अलग बनाओ- राजहरा माइंस टाउनशिप के आवास आबंटन की पॉलिसी भिलाई टाउनशिप से अलग बनाई जाए। माइंस टाउनशिप की स्थिति अलग है, एक साल बाद अधिकांश आवास खाली हो जाएंगे, जिससे टाउनशिप अव्यवस्थित और कर्मचारी असुरक्षित हो जाएंगे। आवास रखरखाव का कार्य भी बहुत धीमा है, शिकायतों का निराकरण समय पर हो।4. PF कटौती 25 हजार की सीमा पर करो- खदान समूह में लगभग 3500 ठेका श्रमिक कार्यरत हैं। भविष्य निधि की वेतन सीमा 15,000 से बढ़ाकर 25,000 रुपये कर दी गई है, इसलिए PF कटौती 12% नई सीमा के आधार पर की जाए। पहले 15,000 के आधार पर हुई कटौती की जांच के लिए समिति बनाई जाए, क्योंकि BSP द्वारा ठेकेदारों को वास्तविक न्यूनतम वेतन के आधार पर ही 12% का भुगतान किया जाता था। 5. महामाया खदान में मूलभूत सुविधा दो-महामाया खदान की स्थिति गंभीर है। राजहरा से महामाया जाने का रास्ता जर्जर है। खदान के अंदर रेस्ट शेल्टर, साफ पानी और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं। सुरक्षा नियमों का पालन नहीं हो रहा, जिससे आए दिन हादसे की आशंका बनी रहती है।

6. 5 लाख तक का मेडिक्लेम दो- ठेका श्रमिकों की श्वस्ठ्ठ की राशि करोड़ों में जमा हो चुकी है। OPD की व्यवस्था तो है, लेकिन सभी ठेका श्रमिकों एवं उनके परिवार के लिए 5 लाख रुपये तक की मेडिक्लेम सुविधा दी जाए, ताकि वे कहीं भी इलाज करा सकें।7. बंद पड़े कार्यों के मजदूरों को रोजगार दो- दल्ली यंत्रीकृत खदान में हितकसा डेम एवं स्क्क-1 (स्लाइम बेनिफिशियल यूनिट-1) का कार्य स्क्क-2 चालू होने से बंद कर दिया गया। प्रबंधन ने आश्वासन दिया था कि मजदूरों को SBU-2 में शिफ्ट किया जाएगा, जब तक शिफ्ट नहीं होते तब तक हितकसा डेम का काम चालू रहेगा, पर दोनों जगह का काम बंद हो चुका है। कुमार कार्गो का काम भी बंद है, जिससे औद्योगिक अशांति फैल सकती है। 8. DAV स्कूल का मेंटेनेंस और फीस बराबर करो- DAV स्कूल के सम्पूर्ण भवन का मेजर मेंटेनेंस कराकर क्लास में नए फर्नीचर की व्यवस्था की जाए। ठेका श्रमिकों के बच्चों की फीस नियमित कर्मचारियों के बच्चों की फीस के बराबर की जाए। 9. महामाया क्षेत्र में DAV इंग्लिश मीडियम स्कूल खोलो-महामाया आदिवासी अंचल है, आसपास कोई इंग्लिश मीडियम स्कूल नहीं है। जैसे राजहरा, नंदिनी और रावघाट में DAV स्कूल की व्यवस्था है, वैसे ही ष्टस्क्रफंड से महामाया क्षेत्र के बच्चों के लिए भी DAV इंग्लिश मीडियम स्कूल खोला जाए।10. प्रमोशन पॉलिसी स्पष्ट करोः- प्रबंधन द्वारा प्रमोशन पॉलिसी को लेकर बैठक तो की गई, लेकिन उसमें विसंगतियां हैं। माइंस की प्रमोशन पॉलिसी को यूनियनों की बैठक बुलाकर स्पष्ट किया जाए।

## एक नजर

### मेहनत को मिला सरकार का साथ,नौनिहाल छात्रवृत्ति से बच्चों के सपनों को मिली उड़ान

**बलौदाबाजार-भाटापारा, 23 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना श्रमिक परिवारों के बच्चों की पढ़ाई को आर्थिक संबल देने के साथ उनमें आगे बढ़ने का आत्मविश्वास भी पैदा कर रही है। मेहनत-मजदूरी कर परिवार चलाने वाले माता-पिता के लिए बच्चों की बेहतर शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य का सपना कई चुनौतियों के बीच भी प्राथमिकता रहता है। ऐसे में शासन की यह योजना उनके लिए महत्वपूर्ण सहारा बन रही है।



जिले के पलारी विकासखंड के ग्राम छेरकापुर की निवासी रतिबाई गोंड भी इस योजना का लाभ लेकर इसके सकारात्मक प्रभाव को महसूस कर रही हैं। उनका कहना है कि नौनिहाल छात्रवृत्ति से उनके बच्चों की पढ़ाई में आर्थिक मदद मिल रही है। इससे बच्चों का उत्साह बढ़ा है और वे मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। रतिबाई बताती हैं कि उनके बच्चों को छात्रवृत्ति मिलते देखकर आसपास के दूसरे बच्चे भी प्रेरित हो रहे हैं। उनमें भी पढ़ाई के प्रति उत्साह बढ़ा है और वे आगे चलकर छात्रवृत्ति प्राप्त करने के लिए मेहनत से पढ़ाई करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

### गुंडाधूर एवं महाराजा प्रवीरचंद्र भंजदेव सम्मान के लिए 30 सितंबर तक आवेदन

**बलौदाबाजार-भाटापारा, 23 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2026-27 हेतु गुंडाधूर सम्मान एवं महाराजा प्रवीरचंद्र भंजदेव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।इच्छुक खिलाडी निर्धारित प्रारूप में 30 सितंबर 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। दोनों सम्मान के लिए आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। अधिक जानकारी हेतु विभागीय वेबसाइट http://sportsyw.cg.gov.in/ पर जाकर अवलोकन कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त अथवा अन्य माध्यम से भेजे गए आवेदन मान्य नहीं होंगे। गुंडाधूर सम्मान के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में वरिष्ठ वर्ग की राष्ट्रीय चौंपियनशिप अथवा राष्ट्रीय खेलों में छत्तीसगढ़ की ओर से भाग लेकर स्वर्ण, रजत या कांस्य पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी पात्र होंगे। इसके अतिरिक्त ऐसे खिलाड़ी भी पात्र होंगे, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व किया हो।

### नगर भवन पलारी में 42 दिव्यांगजनों को नि:शुल्क सहायक उपकरण वितरित

**बलौदाबाजार-भाटापारा, 23 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर भवन पलारी में 42 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग, कैलिपर्स, स्प्लिंट ऑन द स्पॉट चिन्हांकित किए दिव्यांगजनों को आवश्यक उपकरण वितरण एवं फ़िटिंग कर सामग्री प्रदान की गई। इसके साथ ही सहायक उपकरणों हेतु मोट्राइज्ड ट्रायसायकल, ट्रायसायकल, व्हील चेयर आदि के लिए प्रदाय किये जाने हेतु चिन्हांकन एवं मुल्याकंन भी किया गया। शिविर मे कुल 187 दिव्यांगजनों का पंजीयन किया गया, जिनमें से 104 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदाय किये जाने हेतु पंजीयन एवं 118 हितग्राहियों का युडीआईडी कार्ड के लिए पंजीयन किया गया। सभी दिव्यांगजनों के लिए आय प्रमाण पत्र ,जाति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, चिकित्सा सूविधा एवं अन्य सुविधा एक ही जगह एक ही शिविर में एक साथ प्रदान की गई। जनपद अध्यक्ष पलारी सविता यादव के द्वारा नशामुक्ति अभियान के तहत नशामुक्ति हेतु शपथ दिलाई गई। आगामी शिविर 23 सितम्बर को जनपद पंचायत सभाकक्ष सिमगा, 24 सितम्बर को कसडोल विकासखण्ड अंतर्गत स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल कसडोल एवं 25 सितम्बर को बलौदाबाजार विकासखण्ड अंतर्गत जनपद पंचायत सभाकक्ष बलौदाबाजार में आयोजित की जायेगी।

### कभी थी झिझक, आज अपने काम पर है गर्व, मणिकंचन केंद्र ने बदली सरिता की जिंदगी

**बलौदाबाजार-भाटापारा, 23 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** यह कहानी एक ऐसे बदलाव की है, जिसने न केवल स्वच्छता और कचरा प्रबंधन की सोच को बदला है बल्कि सरिता नवरत्न जैसी महिलाओं के जीवन में भी नई उम्मीद, आत्मविश्वास और सम्मान का भाव पैदा किया है। नगर पालिका परिषद बलौदाबाज़ार में मणि-कंचन केंद्र में स्वच्छता दीदी के रूप में काम करने वाली सरिता को आज अपने काम पर गर्व है। वह कहती हैं कि शहर को स्वच्छ रखने में अपना योगदान देना उनके लिए सम्मान की बात है। शुरुआत में इस काम को लेकर उन्हें थोड़ी झिझक होती थी, लेकिन धीरे-धीरे जब उन्होंने कचरा प्रबंधन की पूरी प्रक्रिया को समझा, तो उनके मन में अपने काम के प्रति सम्मान और गर्व बढ़ता गया। सरिता के लिए अब यह महज रोज़गार नहीं, बल्कि शहर को स्वच्छ और बेहतर बनाने में अपनी भागीदारी निभाने का माध्यम है। उनका कहना है कि आज उन्हें अपने काम पर गर्व महसूस होता है और यही भावना उन्हें हर दिन पूरे समर्पण के साथ काम करने की प्रेरणा देती है।

# रसेला-खरखरा मार्ग पर नाकाबंदी कर तीन लोगों से चमकीले पत्थर बरामद

## जेबों में कागज में लपेटकर रखे थे कथित बहुमूल्य खनिज, बाइक-मोबाइल समेत करीब 1.43 लाख का माल जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 23 सितम्बर।** रसेला-खरखरा मार्ग पर संदिग्ध रूप से मोटरसाइकिल से गुजर रहे तीन लोगों को पुलिस ने नाकाबंदी कर पकड़ा। सूत्रों के अनुसार तलाशी के दौरान तीनों के पास से कागज में लिपटे छोटे-बड़े चमकीले पत्थर बरामद हुए हैं, जिन्हें कथित तौर पर बहुमूल्य खनिज पदार्थ बताया जा रहा है। पुलिस ने मोटरसाइकिल और तीन मोबाइल फोन समेत करीब 1 लाख 43 हजार रुपये का सामान जब्त किया है।

सूत्रों के मुताबिक, 22 सितंबर 2026 को पुलिस को सूचना मिली थी कि पल्सर मोटरसाइकिल क्रमांक छ्त04 त्त्रा 5325 में तीन व्यक्ति रसेला-खरखरा मार्ग से संदिग्ध रूप से बहुमूल्य खनिज पदार्थ लेकर जा रहे हैं। सूचना के बाद पुलिस टीम ने रसेला-खरखरा मार्ग के देवरी धामनडीह तिराहा मोड़ के पास नाकाबंदी की।

कुछ देर बाद बताए गए हुलिए के अनुसार पल्सर मोटरसाइकिल पर तीन व्यक्ति आते दिखाई दिए। पुलिस ने वाहन रोककर पूछताछ की। सूत्रों के अनुसार मोटरसाइकिल चालक ने अपना नाम लिलेश्वर नायक, उम्र 26 वर्ष, निवासी मेड़की डबरी, थाना छुरा बताया। उसके साथ हेमकुमार यादव, उम्र 65 वर्ष, निवासी ग्राम सड़क परसुली, थाना गरियाबंद तथा पुरण नायक, उम्र 33 वर्ष, निवासी मेड़की डबरी, थाना छुरा होना बताया गया।

**तीनों की अलग-अलग तलाशी में मिले चमकीले पत्थर :** सूत्रों के अनुसार पुलिस द्वारा तीनों की अलग-अलग तलाशी लेने पर लिलेश्वर नायक की जींस की जेब से सफेद कागज में लिपटे छोटे-बड़े चमकीले पत्थर मिले। इसी तरह हेमकुमार यादव और पुरण नायक के पास से भी कागज में लिपटे चमकीले पत्थर बरामद किए गए। बताया जा रहा है कि तीनों के संयुक्त कब्जे से कुल 8 नग कथित बहुमूल्य खनिज पदार्थ बरामद हुए, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 40 हजार रुपये आंकी गई है।



### वैध कागजात नहीं मिलने की बात

सूत्रों के अनुसार पूछताछ के दौरान आरोपियों से बरामद खनिज पदार्थ के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इसके बाद पुलिस ने कथित अवैध खनिज परिवहन के मामले में कार्रवाई आगे बढ़ाई। बताया जा रहा है कि मामले में बीएनएस की धारा 303(2), 3(5) तथा माइनिंग एक्ट की धारा 21(4) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। साथ ही आरोपियों के खिलाफवैधानिक प्रक्रिया के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया गया। हालांकि बरामद चमकीले पत्थरों की वास्तविक प्रकृति और उनकी खनिज संबंधी स्थिति की अंतिम पुष्टि संबंधित जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। फिलहाल पुलिस कार्रवाई के बाद मामले की जांच जारी है।

**मोबाइल और बाइक भी पुलिस के कब्जे में:** कार्रवाई के दौरान तीन मोबाइल फोन भी जब्त किए जाने की जानकारी सामने आई है। सूत्रों के मुताबिक आरोपियों के पास से ओप्पो, लावा और विवो कंपनी के मोबाइल मिले हैं, जिनकी कुल अनुमानित कीमत करीब 13 हजार रुपये बताई जा रही है। वहीं कथित खनिज पदार्थ के परिवहन में इस्तेमाल की जा रही पल्सर मोटरसाइकिल क्रमांक छ्त04 त्त्रा 5325 को भी पुलिस ने जब्त किया है। बाइक की अनुमानित कीमत करीब 90 हजार रुपये बताई जा रही है। इस प्रकार खनिज पदार्थ, बाइक और मोबाइल सहित जब्त सामान की कुल अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 43 हजार रुपये बताई जा रही है।

## समाचार संक्षेप

### सेन समाज में आक्रोश, मुख्यमंत्री के नाम जिलाधीश को सौंपा ज्ञापन

#### मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने की तैयारी

**रायपुर, 23 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक बोर्ड मडल (व्याँपम) के पिछले दिनों रविवार को होने वाले परीक्षा में प्रश्न पत्र में सेन समाज के संबोधन को दुर्व्यवहारित करते हुए अपमानजनक शब्द का लिखित में प्रयोग किया गया है,जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ सेन समाज में जन आक्रोश व्याप्त है जिसमें छत्तीसगढ़ की राजधानी में पूरे प्रदेश के पदाधिकारी एवं जिला के पदाधिकारी के साथ प्रांत अध्यक्ष पुनीत राम सेन जी के नेतृत्व में नाम को विलोपित कर तथा आगामी दिनों में इस प्रकार की घटना की पुनर्विवृत्ति ना हो,, इस विषय में मुख्यमंत्री जी के नाम जिलाधीश को उनके नाम पर ज्ञापन सौंप कर विशेष रूप से चर्चा की तथा आगामी दिनों में की पुनरावृत्ति ना हो एसके विषय में चर्चा की गई एवं इस प्रकार का अपमानजनक शब्दों का विलोपित नहीं होने पर आगामी दिनों में जल्दी से जल्दी जिलेवार उग्र आंदोलन करने की तैयारी जा रही है,रायपुर राजधानी में जिलाधीश को ज्ञापन सौंपने प्रांत अध्यक्ष पुनीत राम सेन रायपुर जिला के अध्यक्ष डॉ मनोज ठाकुर, प्रदेश से आए हुए पदाधिकारी रूपेश ठाकुर, दिलीप सेन विनोद सेन लक्ष्मी नारायण सुशील कौशिक, अनिल सेन विजेंद्र सेन, आशुतोष श्रीवास दिनेश सेन द्वारका प्रसाद श्रीवास नारायण प्रसाद सेन राज्य श्रीवास,राजू श्रीवास,, नोहर लाल सेन, जगदीश प्रसाद ठाकुर,पवन ठाकुर, द्वारका प्रसाद ठाकुर,अजय ठाकुर भोलाराम सेन, परमेश्वर सेन उदय ठाकुर, रमेश श्रीवास,राजाराम सेन दिलीप सेन,लोकेश सेन पोषण लाल सेन,सहित समुचित छत्तीसगढ़ प्रदेश के पदाधिकारी गण एवं रायपुर जिला के पदाधिकारी संयुक्त रूप से जिलाधीश डॉक्टर गौरव सिंह जी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोपा, ऊक्त जानकारी रायपुर जिला के अध्यक्ष डॉ मनोज ठाकुर ने दी।



# बाल चौपाल में उठी मांग, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के प्रयास से अब होगा निर्माण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 23 सितम्बर।** गत दिवस तिल्दा-नेवरा विकासखंड के ग्राम सिनोधा स्थित सपेरा बस्ती में आयोजित बाल चौपाल में ग्रामवासियों एवं बच्चों ने मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी विभिन्न निर्माण कार्यों की मांग राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा के समक्ष रखी थी।

बाल चौपाल में सामने आई इन मांगों पर आयोग ने तत्परता से पहल की। इसी का परिणाम है कि लगभग ढाई महीने बाद डॉ. वर्णिका शर्मा स्वयं सपेरा बस्ती पहुंचीं और प्रस्तावित विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। उन्होंने निर्माण कार्य प्रारंभ होने पर बस्तीवासियों एवं बच्चों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती स्वाति वर्मा, ग्राम सरपंच, नगर पालिका पार्षद एवं भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष रानी सौरभ जैन, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा सपेरा बस्ती की महिलाएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण नागरिक उपस्थित रहे। बाल चौपाल में बच्चों एवं ग्रामीणों द्वारा रखी गई मांगों पर कार्रवाई होने से बस्तीवासियों में खुशी का माहौल रहा। जनहित से जुड़े इन विकास कार्यों को क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।



# सपेरा बस्ती में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 23 सितम्बर।** ग्राम पंचायत सिनोधा की सपेरा बस्ती में VB-G RAM G योजना के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। बस्ती की स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शुरू किए जा रहे इन विकास कार्यों को क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।





इस अवसर पर राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष श्रीमती वर्णिका शर्मा , ग्राम पंचायत सिनोधा की सरपंच श्रीमती सरिता नरेंद्र डोंडे एवं पार्षद श्रीमती रानी जैन , नरेंद्र शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस अवसर पर श्रीमती स्वाति वर्मा, सभापति जिला पंचायत रायपुर एवं महामंत्री भाजपा महिला मोर्चा रायपुर ग्रामीण ने कहा कि सरकार की योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होता है, जब उनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति और जरूरतमंद बस्तियों तक पहुंचे। सपेरा बस्ती में प्रारंभ हो रहे विकास कार्य इसी दिशा में एक सार्थक कदम हैं।विकास केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उसका प्रत्यक्ष लाभ आमजन के जीवन में दिखाई देना चाहिए। भूमिपूजन विकास की शुरुआत है, जबकि कार्य का पूर्ण होना और उसका लाभ लोगों तक पहुंचना ही उसकी वास्तविक सफलता है।

राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष श्रीमती वर्णिका शर्मा ने कहा कि योजना का सही उपयोग, स्थानीय नेतृत्व की सक्रियता और जनहित को प्राथमिकता देना ही धरातल पर विकास की वास्तविक पहचान है। जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नेतृत्व के समन्वय से विकास योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने का प्रयास क्षेत्र की आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन से ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को नई गति प्रदान कर रही है। सेवा, विकास और जनहित को प्राथमिकता देते हुए क्षेत्र के प्रत्येक जरूरतमंद तक विकास का लाभ पहुंचाना ही हमारा संकल्प है।


## नाम परिवर्तन

**प्रारूप (एक)**

मैं गीता बाई (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) पिता भैयालाल निवासी-ग्राम - पोस्ट बागरेकसा थाना बोरतलाव, तहसील ला.ब.नगर जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) ने अपना नाम गीता बाई GEETA BAI पिता भैयालाल BHAIYYALAL (पुराना नाम) से बदल कर लता मेश्राम LATA MESHRAM पति फकीरचंद मेश्राम FAKIRCHAND MESHRAM (नया नाम) रख लिया हैं ।

गीता बाई
हस्ता. (पुराने नाम से)

## नाम परिवर्तन

**प्रारूप (एक)**

मैं शकुन (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) पिता गैंदलाल निवासी ग्राम- ढारा पोस्ट ढ़ारा थाना चौकी- मोहारा तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) ने अपना नाम शकुन SHAKUN पिता गैंदलाल GAINDLAL (पुराना नाम) से बदल कर हेमलता वर्मा HEMLATA VERMA पति ओमलाल वर्मा OMLAL VERMA (नया नाम) रख लिया हैं।

शकुन
हस्ता. (पुराने नाम से)

## नाम परिवर्तन

**प्रारूप (एक)**

मैं हेमिन (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) पिता सुरजलाल निवासी-ग्राम - पिपरिया पोस्ट मुरमुंदा थाना-तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) ने अपना नाम हेमिन HEMIN पिता सुरजलाल SURAJLAL (पुराना नाम) से बदल कर कविता शत्रुघन कुलदीप KAVITA SHTRUGHAN KULDEEP पति शत्रुघन' कुलदीप SHTRUGHAN KULDEEP (नया नाम) रख लिया हैं।

हेमीन
हस्ता. (पुराने नाम से)

## नाम परिवर्तन

**प्रारूप (एक)**

मैं बिमला बाई (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) पिता भागचंद निवासी-ग्राम - पोस्ट-थाना बागनदी, तहसील ला. ब. नगर जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) ने अपना नाम बिमला बाई BIMALA BAI पिता भागचंद BHAGCHAND (पुराना नाम) से बदल कर किरण देशमुख KIRAN DESHMUKH पति मेघराज देशमुख MEGHRAJ DESHMUKH (नया नाम) रख लिया हैं।

बिमला बाई
हस्ता. (पुराने नाम से)

## नाम परिवर्तन

**प्रारूप (एक)**

मैं सुनिता (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) पिता बुधराम निवासी-राजीव नगर वार्ड नं. 32, लखोली राजनांदगांव तहसील-जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) ने अपना नाम दुर्गा साहू DURGA SAHU पिता बुधराम BUDHRAM (पुराना नाम) से बदल कर दुर्गा साहू DURGA SAHU पति धनेश राम साहू DHANESH RAM SAHU (नया नाम) रख लिया हैं।

सुनीता
हस्ता. (पुराने नाम से)

## कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक/1947/न.पा./रा.वि./2026-27
तिल्दा-नेवरा, दिनांक-22/09/26

### ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती दिप्ती गुप्ता पति श्री हर्ष कुमार गुप्ता वार्ड क्र. 03 पं. श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्र श्री कृष्णा लाईफ स्टाईल कालोनी वार्ड क्र. 03 वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का रजिस्ट्री पेपर एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्र. 03 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं है। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 22/09/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुहर

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
तिल्दा-नेवरा

## कार्यालय नगरपालिका परिषद् दन्तेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

क्रमांक/1079/तक0/न.पा.परि./2026-27 दन्तेवाड़ा, दिनांक: 21/09/2026

### वाहन पार्किंग हेतु रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) सूचना

कार्यालय नगरपालिका परिषद दन्तेवाड़ा क्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्थानों पर वाहन पार्किंग (हाई स्कूल ग्राउण्ड, देवभोग होटल के पिछे, बस स्टैण्ड, आश्रय स्थल के पास एवं अन्य स्थानों में) के संचालन हेतु अपनी-अपनी रूचि की अभिव्यक्ति सील बंद लिफाफे में पंजीकृत डाक के माध्यम से कार्यालय नगर पालिका परिषद दन्तेवाड़ा के राजस्व शाखा में दिनांक 06.10.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं, जोकि रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) प्रस्तुतकर्ता/प्रतिनिधि के साथ राशि रूपये 10000.00 (दस हजार रूपये मात्र) का एफडी.आर./डी.डी. जो कि मुख्य नगर पालिका परिषद दन्तेवाड़ा के पक्ष में देय होगा संलग्न करना होगा। प्राप्त रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) को दिनांक 06.10.2026 को अपरान्ह 4.00 बजे खोला जावेगा।

अतः उक्त रूचि की अभिव्यक्ति की विस्तृत जानकारी कार्यालय नगरपालिका परिषद दन्तेवाड़ा के राजस्व शाखा से प्राप्त कर सकते हैं। रूचि की अभिव्यक्ति का फार्म कार्यालय नगर पालिका परिषद् दंतेवाड़ा से प्राप्त किया जा सकता है और वही फार्म मान्य होगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् दन्तेवाड़ा
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

## MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR
Zone-10
Email:- rmczone10@gmail.com

**e-Procurement Tender Notice Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

**1st call**

**NIT NO:- 26** **RAIPUR DATED 21-09-2026**

Online bids are invited for the following works up to 08-10-2026 at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work/Description of work | Probable amount of contract |
|---|---|---|---|
| 01 | 199953 | रानी दुर्गावती वार्ड क्र. 49 अंतर्गत तेज कुमार बजाज जी के घर से मुख्य मार्ग तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। (विकास शुल्क मद) | 16.79 Lakh |
| 02 | 199955 | डा. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्र.52 अंतर्गत अमलीडीह महात्मा गांधी नगर में नाली कव्हर करने का कार्य। (सामान्य मद) | 12.57 Lakh |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 22-09-2026, 17.30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal NIT Deatails and other documents.

**NOTE:-**

1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

**ZONE COMMISSIONER**
**ZONE-10**
**MUNICIPAL CORPORATION**
**RAIPUR (C.G.)**


### सेवा संकल्प अभियान : अंगदान का संकल्प लेने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

# सभी कार्यक्रमों का बेहतर आयोजन सुनिश्चित हो:जायसवाल

■ प्रभारी मंत्री ने सेवा संकल्प अभियान की तैयारी के लिए ली समीक्षा बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 23 सितम्बर।** जिले के प्रभारी एवं स्वस्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मंगलवार को जिला प्रवास के दौरान संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष मे सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान अंगदान का संकल्प लेने वाले 5 दानदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया और उन्हें प्रेरणास्त्रोत बताया। अंगदान संकल्प लेने वालों मे जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल,फिरतराम साहू, पुष्पा साहू,भाटापारा से वेदराम आनंद एवं रेशमा बाई शामिल हैं।

प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल ने 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026 तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान को अति महत्वपूर्ण बताते हुए सभी कार्यक्रमो का बेहतर आयोजन सुनिश्चित करने एवं अधिक से अधिक जनसहभागिता हेतु आवश्यक निर्देश एवं मार्गदर्शन दिये। उन्होंने आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम का जिले मे बेहतर आयोजन की सराहना की और आगामी सभी कार्यक्रम को गरिमापूर्ण आयोजन की बात कही।

बैठक मे आगामी सभी कार्यक्रमों की तैयारी के सम्बन्ध मे विस्तृत समीक्षा की।उन्होंने मेरे सपनों का भारत कार्यक्रम अंतर्गत विद्यालय स्तर से ब्लॉक एवं जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिये विद्यार्थियों की संख्या निर्धारण करने कहा। आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम अंतर्गत अंगाबाड़ी कार्यकर्त्ता,सहायिका मितानिन का सम्मान,गर्भवती माताओ व बच्चों का हेल्थ चेक -अप एवं खेलकूद आयोजित करने के निर्देश दिये।सेवा की कहानी अंतर्गत लाभार्थियों की सफलता की कहानी सभी मीडिया प्लेटफार्म मे जारी करने, सेवा मेरा योगदान अंतर्गत स्वच्छता अभियान गांव,शहरों,नदी,घाट,तालाब आदि की सफाई जनसहभागिता से करें। उन्होंने सेवा सेतु शिविर के सम्बन्ध मे कहा कि सभी ब्लॉक मे एक- एक चिहांकित गांव मे आयोजित करना है जिसमें जिला स्तरीय अधिकारियो की टीम मौजूद रहेंगी। शिविर मे मेगा हेल्थ कैम्प का विशेष रूप से आयोजन किया जाए। शिविर का उद्देश्य आने वाले आवेदको को लाभार्थी बनाकर वापस भेजने का हो। उनके समस्याओ का तत्काल निराकरण होना चाहिए।

## एक नजर

### 30 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रायपुर/अभनपुर, 23 सितम्बर।** अभनपुर थाना क्षेत्र के बकतरा गांव में 30 वर्षीय युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी सामने आने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान हीरा सेन पिता लेखराम सेन (30 वर्ष), निवासी बकतरा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की सूचना मिलते ही अभनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना के कारणों की जानकारी जुटा रही है।

### रायपुर में अचानक बरसे बादल



**रायपुर, 23 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। दोपहर के समय आसमान में बादल छाने के बाद झमाझम बारिश शुरू हो गई, जिससे शहर के कई इलाकों में मौसम सुहाना हो गया। अचानक हुई बारिश के चलते सड़क पर आने-जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश के दौरान वाहन चालकों को भी सावधानी के साथ सफर करना पड़ा। मौसम में आए इस बदलाव से तापमान में भी राहत महसूस की गई। हालांकि, बारिश कितनी देर तक जारी रहेगी और शहर के किन इलाकों में इसका ज्यादा असर है, इसे लेकर स्थानीय मौसम अपडेट पर नजर बनी हुई है।

### संडे स्कूल रिट्रीट एवं रैली 2 को

**रायपुर, 23 सितम्बर।** राजधानी के सेंट पॉल्स कैथेड्रल 2 अक्टूबर 2026 को एक दिवसीय 'संडे स्कूल रिट्रीट एवं रैली' का भव्य आयोजन कर रहा है। यह कार्यक्रम सेंट पॉल्स कैथेड्रल परिसर में प्रातः 09 से शाम 05 बजे तक आयोजित होगा। प्रेस बीटर-इन-चार्ज रेव्ह. सुशील मसीह, संडे स्कूल अधीक्षक प्रीति यादव, सचिव जेवियर जे. विक्टर ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में आत्मिक उन्नति, नैतिक मूल्यों और मसीही शिक्षा को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9:00 बजे आकर्षक बैनर रैली के साथ होगी। इसके बाद पंजीयन व नाश्ते के उपरांत आराधना, मुख्य वक्ता का स्वागत, बाइबिल पठन और आत्मिक संदेश का सत्र आयोजित होगा। दोपहर में भोजन अवकाश के बाद मसीही गीतों पर आधारित एकल व युगल गान तथा बाइबिल की घटनाओं पर आधारित नाटिकाओं (झलकियाँ) की मनमोहक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। शाम को पुरस्कार वितरण व आशीष वचन के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

### एलजी इंडिया का शानदार परफॉरमेंस




**रायपुर, 23 सितम्बर।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने आज सेमी-ऑटोमैटिक वाशिंग मशीन की अपनी नई रेंज लॉन्च करने की घोषणा की। इसे शानदार वाशिंग परफॉरमेंस, स्मार्ट सुविधा, बेहतरीन टिकाऊपन और आकर्षक प्रीमियम डिज़ाइन के साथ तैयार किया गया है। 8 द्मद्द से 12 द्मद्द क्षमता वाले 15 मॉडल्स में उपलब्ध, यह नई रेंज भारतीय ग्राहकों को उनके परिवार के आकार, कपड़े धोने की ज़रूरतों और डिज़ाइन की पसंद के अनुसार कई शानदार विकल्प प्रदान करती है। दुनिया भर के 10 से अधिक देशों को लक्षित करते हुए सेमी-ऑटोमैटिक वाशिंग मशीन का निर्यात 2027 से शुरू होने वाला है। इस लॉन्च के साथ, एलजी सेमी-ऑटोमैटिक वाशिंग मशीन कैटेगरी से जुड़ी उम्मीदों को फिर से परिभाषित कर रहा है। यह कपड़ों में डिटर्जेंट रह जाने, लिंट (रोएं), जिद्दी दाग, धीरे सूखने और कमज़ोर ढक्कन जैसी रोज़मर्रा की समस्याओं को दूर करती है। व्यावहारिक इनोवेशन और स्टाइलिश डिज़ाइन का यह बेहतरीन संगम कपड़े धोने की प्रक्रिया को आसान, तेज़ और अधिक प्रभावी बनाता है। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड के होम अप्लायंसेज सॉल्यूशन सेल्स डिवीजन के प्रमुख, यंग मिन ह्वांग ने कहा, नई सेमी-ऑटोमैटिक वाशिंग मशीन रेंज उन ग्राहकों के लिए डिज़ाइन की गई है जो रोज़मर्रा के कपड़े धोने की प्रक्रिया से अधिक की उम्मीद करते हैं।

# भाठागांव में सब्जी बाजार हटाने पहुंची टीम का विरोध

## विवाद के बाद निगम कर्मचारियों से मारपीट

**रायपुर, 23 सितम्बर।** भाठागांव इलाके में सब्जी बाजार हटाने की कार्रवाई नगर निगम की टीम को भारी पड़ गई। बाजार हटाने को लेकर मौके पर मौजूद लोगों और निगम कर्मचारियों के बीच विवाद हो गया। मामला बढ़ने के बाद दोनों पक्षों में हाथापाई की स्थिति बन गई। घटना में नगर निगम के करीब 4 से 5 कर्मचारियों के घायल होने की जानकारी है। एक पुलिस जवान के भी चोटिल होने की बात सामने आई है।

**कार्रवाई के दौरान शुरू हुआ विवाद :** बताया जा रहा है कि नगर निगम की टीम भाठागांव में लगे सब्जी बाजार को हटाने के लिए पहुंची थी। टीम की कार्रवाई शुरू होने के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने इसका विरोध किया। इसी दौरान निगम कर्मचारियों और लोगों के बीच बहस होने लगी। कुछ ही देर में कहासुनी बढ़ गई और मामला मारपीट तक पहुंच गया। अचानक हुए हंगामे से मौके पर मौजूद लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई।

**कई निगम कर्मचारियों को लगी चोट:** मारपीट की घटना में नगर निगम के करीब 4 से 5 कर्मचारियों के घायल होने की सूचना है। घायलों को किस तरह की चोटें आई हैं, इसे लेकर विस्तृत जानकारी सामने आना बाकी है। वहीं, विवाद के दौरान मौके पर तैनात एक पुलिस जवान के भी चोटिल होने की जानकारी सामने आई है।

**पुलिस ने मौके पर पहुंचकर संभाली स्थिति :** हंगामे की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। कुछ समय के लिए इलाके में तनाव का माहौल रहा। पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों को शांत कराया और घटनाक्रम की जानकारी जुटाई। घटना के बाद नगर निगम के कर्मचारी शिकायत लेकर पुरानी बस्ती थाने पहुंचे। शिकायत के आधार पर पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई की तैयारी कर रही है। नगर निगम डिप्टी कमिश्नर (राजस्व एवं बाजार) श्रीमती अंजलि शर्मा की मौजूदगी में राजस्व उप निरीक्षक आकाश झा ने पुरानी बस्ती थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।



### आरोपियों की पहचान में जुटी पुलिस

पुलिस अब घटना से जुड़े लोगों की पहचान करने के साथ पूरे विवाद की वजह की जांच कर रही है। शिकायत, मौके पर मौजूद लोगों के बयान और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल बाजार हटाने की कार्रवाई के दौरान हुए विवाद ने भाठागांव इलाके में सुरक्षा और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

# विधायक सुनील सोनी ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**रायपुर, 23 सितम्बर।** रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने नगर निगम जोन 4 कार्यालय पहुंचकर रायपुर दक्षिण विधायक निधि के स्वीकृत विकास कार्यों की समीक्षा की और अब तक निर्देशानुसार रायपुर दक्षिण विधायक निधि के स्वीकृत विकास कार्य दक्षिण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रायपुर नगर निगम जोन 4 के अंतर्गत वार्डो में प्रारम्भ नहीं किये जाने पर जोन 4 के सम्बंधित अधिकारियों की इसमें सुस्त कार्यप्रणाली पर गहन नाराजगी व्यक्त करते हुए जमकर फटकार लगायी और अगले 15 दिनों के भीतर नियमानुसार निविदा सभी स्वीकृत विकास कार्य करवाने दक्षिण विधायक निधि के नवीन विकास कार्य प्रारम्भ करवाने नियमों के अंतर्गत निविदा बुलवाकर कार्रवाई करने और सभी स्वीकृत नए विकास कार्यों को प्राथमिकता से प्रारम्भ करने के सख्त निर्देश नगर निगम जोन 4 जोन कमिश्नर डॉ दिव्या चंद्रवंशी और कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह को दिए.

रायपुर दक्षिण विधायक ने नगर निगम जोन 4 क्षेत्र अंतर्गत राजधानी शहर रायपुर के मध्य क्षेत्र के वार्डो की वर्तमान सफाई व्यवस्था को लचर बताया और सफाई व्यवस्था सभी वार्डो में तत्काल सुधारने का कार्य वार्डो में पार्षदों के साथ घूमकर और जनता के मध्य जाकर जनसमस्याएं सुनकर उनका त्वरित निराकरण करवाकर किया जाना सुनिश्चित करने सभी जोन अधिकारियों को कड़ाई के साथ निर्देशित किया.

रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने वार्डो में पाईप लाइन सुधार और केबल डालने के नाम पर बार - बार सड़कों को खोदा जाना तत्काल बंद करवाकर सुव्यवस्थित योजना बनाकर कार्य करवाना सुनिश्चित करने निर्देशित किया. रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी के नगर निगम जोन 4 कार्यालय पहुंचने पर बुके देकर पार्षदों और अधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया.

रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी द्वारा ली गयी समीक्षा बैठक में नगर निगम जोन 4 जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा, एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा, अमर गिदवानी, श्रीमती संजना हियाल, पार्षद अजय साहू, कार्यपालन अभियंता जल नर सिंह फरेन्द्र, सहायक अभियंता दीपक देवांगन सहित नगर निगम जोन 4 के अन्य सम्बंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति रही.



# सघन टिकट जांच अभियान में 43,710 मामलों में 3.13 करोड़ का जुर्माना

**रायपुर, 23 सितम्बर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा बिना टिकट एवं अनियमित टिकट पर यात्रा करने वाले यात्रियों के साथ-साथ बिना उचित प्राधिकार अथवा निर्धारित नियमों के विरुद्ध सामान/लगेज ले जाने वाले यात्रियों के विरुद्ध भी लगातार सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। यात्रियों को उचित टिकट के साथ यात्रा करने के प्रति जागरूक करने तथा रेलवे राजस्व की सुरक्षा के उद्देश्य से बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर मंडलों में विशेष एवं नियमित टिकट जांच अभियान संचालित किए जा रहे हैं।

1 सितम्बर 2026 से 20 सितम्बर 2026 तक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों मंडलों में चलाए गए टिकट जांच अभियानों के दौरान कुल 43, 710 मामलों में कार्रवाई की गई तथा रेलवे द्वारा ?3, 13, 15, 499/- की आय अर्जित की गई। टिकट जांच के दौरान बिना टिकट, अनियमित टिकट एवं बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्रियों के विरुद्ध रेलवे नियमों के अनुसार कार्रवाई की गई। टिकट जांच दलों द्वारा प्रमुख स्टेशनों के साथ-साथ विभिन्न ट्रेनों में भी नियमित रूप से जांच की जा रही है।

### उत्कृष्ट टिकट चेकिंग प्रदर्शन करने वाले 9 रेलकर्मियों का सम्मान

**रायपुर, 23 सितम्बर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल में टिकट चेकिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों के उत्साहवर्धन एवं उनके उत्कृष्ट कार्य की सराहना के उद्देश्य से आज मंडल रेल प्रबंधक, रायपुर दयानंद द्वारा अगस्त 2026 में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले टिकट चेकिंग कर्मचारियों को प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ सुस्कर विपुल विलासराव, सहायक वाणिज्य प्रबंधक अविनाश कुमार आनंद सहित सम्बंधित कर्मचारी उपस्थित रहे। मंडल रेल प्रबंधक, रायपुर द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनके समर्पण एवं कार्य के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की गई। यह पहल टिकट चेकिंग स्टाफके मनोबल को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें आगामी महीनों में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। टिकट चेकिंग कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे प्रभावी टिकट जांच कार्य से न केवल रेल राजस्व में वृद्धि होती है, बल्कि यात्रियों को उचित टिकट के साथ यात्रा करने के लिए भी प्रोत्साहन मिलता है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करने से अन्य कर्मचारियों में भी स्वस्थ प्रतिस्पर्धा एवं बेहतर प्रदर्शन की भावना को बढ़ावा मिलेगा।

# गणेश जी की विसर्जन झांकी में डीजे का विरोध

**रायपुर, 23 सितम्बर।** राजधानी रायपुर में गणेश प्रतिमा विसर्जन की झांकी को लेकर तैयारियां चल रही हैं, लेकिन झांकी के रूट को लेकर स्थानीय लोगों और व्यापारियों की चिंता सामने आई है। 27 सितंबर रविवार को निकलने वाली गणेश विसर्जन झांकी का रूट जयस्तंभ चौक, मालवीय रोड, सदर बाजार और सत्ती बाजार से होकर गुजरना है। इसी बीच झांकी के दौरान डीजे और धुमाल बजाने को लेकर कुछ इलाकों में पोस्टर चस्पा किए गए हैं।

पोस्टरों में संबंधित क्षेत्र में डीजे और धुमाल नहीं बजाने की चेतावनी दी गई है। पोस्टर में दावा किया गया है कि शक्ति बाजार और चौक के आसपास छ्छ्ह-धुमाल प्रतिबंधित रहेंगे। साथ ही चेतावनी दी गई है कि निर्देशों का पालन नहीं करने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और इसे सार्वजनिक उपद्रव के तौर पर लिया जाएगा।

**व्यापारियों ने कलेक्टर और कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन :** व्यापारियों का कहना है कि गणेश झांकी के रूट और उससे होने वाली संभावित परेशानी को लेकर सदर बाजार के व्यापारियों ने पहले ही रायपुर कलेक्टर और निगम कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा है। व्यापारियों के मुताबिक, उनकी मांग पर अभी तक प्रशासन की ओर से कोई स्पष्ट निर्णय सामने नहीं आया है।




व्यापारियों का कहना है कि वे गणेश झांकी या धार्मिक आयोजन के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन बढ़ती आबादी, यातायात के दबाव और कुछ स्थानों पर सड़क की कम चौड़ाई को देखते हुए झांकी के रूट और व्यवस्थाओं पर प्रशासन को विचार करना चाहिए। मालू के मुताबिक, इस संबंध में कलेक्टर और कमिश्नर को ज्ञापन दिया गया है और स्थानीय थाना प्रभारी से भी ऐसी व्यवस्था बनाने का अनुरोध किया गया है, जिससे झांकी के दौरान आम लोगों, श्रद्धालुओं और व्यापारियों को परेशानी न हो।

### 'आस्था का सम्मान, लेकिन संकरे रास्तों पर व्यवस्था जरूरी'

सराफव्यापारी हरख मालू ने कहा कि गणेश झांकी धार्मिक आस्था का प्रतीक है और व्यापारी किसी भी तरह से आस्था पर रोक या प्रतिबंध नहीं चाहते। उनका कहना है कि शहर की आबादी बढ़ने के साथ यातायात का दबाव भी बढ़ा है और झांकी के प्रस्तावित रूट में कुछ मार्ग काफी संकरे हैं। उन्होंने झांकी को मालवीय रोड से सीधे बूढ़ा तालाब की ओर डायवर्ट करने का सुझाव दिया। उनका कहना है कि यदि किसी स्थान पर पंडाल लगाकर स्वागत करना है तो वैकल्पिक मार्ग पर भी ऐसी व्यवस्था की जा सकती है।

**तेज आवाज वाले डीजे को लेकर भी व्यापारियों की आपत्तिः** सराफ व्यापारी परमित त्यागी ने झांकी के दौरान तेज आवाज में छ्छ्ह और धुमाल बजाने को लेकर आपत्ति जताई। उनका कहना है कि कई बार बहुत तेज आवाज में साउंड सिस्टम चलाया जाता है, जिससे विशेषकर बुजुर्ग लोगों को परेशानी होती है। त्यागी ने एक पूर्व जुलूस के दौरान तेज साउंड से एक बुजुर्ग की तबीयत बिगड़ने का दावा भी किया। हालांकि, इस दावे की स्वतंत्र पुष्टि उपलब्ध जानकारी में नहीं है।

# नगर निगम के 25 सेवानिवृत्त वरिष्ठ अभियंताओं का सम्मान

**रायपुर, 23 सितम्बर।** संगी मितान सेवा समिति रायपुर द्वारा अभियंता दिवस के अवसर पर आज रायपुर नगर निगम के मुख्यालय भवन महात्मा गांधी सदन के चतुर्थ तल नगर निगम सामान्य सभा सभागार में रायपुर नगर पालिक निगम के सेवानिवृत्त 25 वरिष्ठ अभियंताओ का शॉल, श्रीफल स्मृति चिन्ह देकर मंच पर सम्मानित किया गया। इनमें सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता यूके घलेन्द्र, सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता सर्वश्री राकेश गुप्ता, हेमंत शर्मा, बद्री चंद्राकर, संतोष पाण्डेय, सेवानिवृत्त कार्यपालन अभियंता सर्वश्री एस.पी. त्रिपाठी, हरेन्द्र कुमार साहू, हेमंत सोलंकी, रघुमणी प्रधान, संजय शर्मा, राकेश अवधिया, विमल शर्मा, सहायक अभियंता राजनारायण पटेल, विनोद चतुर्वेदी, उपअभियंता ललित वर्मा, योगेन्द्र वर्मा एवं अन्य सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। संगी मितान सेवा समिति रायपुर की ओर से सेवानिवृत्त वरिष्ठ अभियंताओं का सम्मान नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौड, नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी एवं आयुक्त संबित मिश्रा ने किया एवं सेवानिवृत्त वरिष्ठ अभियंताओं का सुखमय सुदीर्घ, स्वस्थ, समृद्ध जीवन हेतु हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संगी मितान सेवा समिति रायपुर के अध्यक्ष नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय के कार्यपालन अभियंता निशीकांत वर्मा सहित अन्य अभियंता पदाधिकारीगण की मंच पर उपस्थिति रही।




# कृषि विश्वविद्यालय में 28 से 30 सितंबर तक यूथ इनोवेशन

**रायपुर, 23 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ के युवाओं में नवचार, उद्यमिता विकास एवं प्रौद्योगिकी के व्यवसायीकरण को बढ़ावा देने के लिए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा 28 से 30 सितंबर 2026 तक छत्तीसगढ़ यूथ इनोवेशन एवं एंटरप्रेन्योरशिप कॉन्क्लेव 2026 का आयोजन कृषि मंडपम इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर में किया जाएगा। राज्य में उद्यमिता एवं स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने वाले इस यूथ कॉन्क्लेव में प्रदेश भर से लगभग एक हजार से अधिक नवोन्मेषी युवा उद्यमियों के शामिल होने की उम्मीद है। इस तीन दिवसीय यूथ कॉन्क्लेव 2026 का उद्घाटन 28 सितम्बर को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रामेन डेका करेंगे तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, कृषि मंत्री रामविचार नेताम और वित्त मंत्री ओ.पी. चैधरी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। यूथ कॉन्क्लेव के दौरान युवा नेतृत्व वाले उद्यमों और संस्थागत नवाचारों को प्रदर्शित करने वाली नवाचार एवं स्टार्टअप प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी तथा शीर्ष तीन स्टार्टअप्स को पुरस्कृत किया जाएगा। यूथ कॉन्क्लेव में शामिल होने के इच्छुक युवा छात्र एवं उद्यमी 25 सितम्बर 2026 तक पंजीयन करवा सकते हैं। यूथ कॉन्क्लेव 2026 में नवाचार अनुसंधान, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, स्टार्टअप एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण राज्य स्तरीय पहल है। कॉन्क्लेव के माध्यम से प्रदेश के युवाओं, विद्यार्थियों, शोधार्थियों, नवाचारकर्ताओं, स्टार्टअप्स, उद्यमियों, निवेशकों, उद्योग प्रतिनिधियों, इनक्यूबेटर्स, शिक्षाविदों तथा विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारियों को एक साझा मंच उपलब्ध कराया जाएगा। इस मंच के माध्यम से नवीन विचारों, अनुसंधान एवं तकनीकी नवाचारों को व्यावसायिक अवसरों एवं सफल उद्यमों में परिवर्तित करने के साथ-साथ राज्य में एक सुदृढ़ एवं आत्मनिर्भर स्टार्टअप इकोसिस्टम विकसित करने में सहायता प्राप्त होगी। कार्यक्रम के दौरान तकनीकी सत्र, विशेषज्ञों का व्याख्यान, स्टार्टअप प्रदर्शनी, स्टार्टअप पिचिंग, निवेशक/स्टार्टअप संवाद, नीति संवाद, मेंटरशिप एवं इनक्यूबेशन सत्र तथा उत्कृष्ट नवाचारों एवं स्टार्टअप्स को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।




# विधायक पुरन्दर मिश्रा की पदयात्रा सप्ताह 25 सितंबर से



**रायपुर, 23 सितम्बर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्ष के सेवा संकल्प को साकार करने तथा जनसेवा और जनजागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पुरन्दर मिश्रा के नेतृत्व में 25 सितंबर से 2 अक्टूबर 2026 तक पदयात्रा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। आठ दिनों तक चलने वाले इस अभियान में नशामुक्ति, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और जनसमस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने जैसे विषयों को लेकर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। आज दोपहर भाजपा कार्यालय में प्रेसवार्ता में विधायक पुरंदर मिश्रा ने बाताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती 25 सितंबर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाला यह अभियान सेवा, संकल्प और जनभागीदारी की भावना को समर्पित रहेगा।

**27 वर्षों से पदयात्रा के माध्यम से जनजागरण का संकल्प :** विधायक पुरन्दर मिश्रा ने कहा कि पदयात्रा उनके लिए केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनसेवा और जनजागरण का निरंतर संकल्प है। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने गृह ग्राम सराईपाली दुर्गापाली से पदयात्रा की शुरुआत की थी और पिछले 27 वर्षों से लगातार पदयात्रा के माध्यम से समाज में जनजागरूकता का संदेश पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि पदयात्रा के माध्यम से लोगों से सीधे संवाद स्थापित करना, उनकी समस्याओं को समझना और समाजहित के विषयों पर जागरूकता पैदा करना उनके सार्वजनिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है।

### मंत्रालयीन कर्मचारी संघ ने मुख्य सचिव को सौंपा ज्ञापन

# केंद्र के समान 60 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की मांग

**रायपुर, 23 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ मंत्रालयीन कर्मचारी संघ ने राज्य के शासकीय कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्र सरकार के समान 60 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने और देय तिथि से एरियर का भुगतान करने की मांग की है। इस संबंध में संघ के अध्यक्ष चन्द्रकांत पाण्डेय ने मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन को ज्ञापन सौंपकर आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया है।

कर्मचारी संघ ने ज्ञापन में कहा है कि भारत सरकार के व्यय विभाग द्वारा केंद्रीय शासकीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 01 जुलाई 2025 से वृद्धि कर इसे 58 प्रतिशत किया गया था। इसके पश्चात 01 जनवरी 2026 से पुनः 2 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 60 प्रतिशत किया गया है। वहीं छत्तीसगढ़ शासन के वित्त विभाग ने 01 जनवरी 2026 से राज्य के शासकीय सेवकों के लिए 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता स्वीकृत किया है। इस प्रकार वर्तमान में केंद्रीय कर्मचारियों एवं छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत का अंतर बना हुआ है।

संघ का कहना है कि महंगाई भत्ता कर्मचारियों एवं पेंशनरों की क्रय शक्ति पर मुद्रास्फीति के प्रभाव को संतुलित करने के उद्देश्य से प्रदान किया जाता है। वर्तमान में दैनिक उपयोग की वस्तुओं, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, परिवहन सहित अन्य आवश्यक व्ययों में वृद्धि के कारण कर्मचारियों एवं पेंशनरों पर आर्थिक भार बढ़ रहा है। ऐसी स्थिति में केंद्र एवं राज्य के महंगाई भत्ते की दर में अंतर से राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।



ज्ञापन में कहा गया है कि राज्य के शासकीय कर्मचारी एवं अधिकारी भी केंद्र सरकार के कर्मचारियों की तरह अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए राज्य की प्रशासनिक एवं विकासात्मक व्यवस्था को संचालित कर रहे हैं, इसलिए महंगाई भत्ते की दर में समानता स्थापित किया जाना कर्मचारियों एवं पेंशनरों के हित में होगा। संघ ने मुख्य सचिव से मांग की है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कर्मचारियों एवं पेंशनरों के लिए वर्तमान 58 प्रतिशत महंगाई भत्ते को बढ़ाकर 60 प्रतिशत किया जाए और बढ़े हुए महंगाई भत्ते का लाभ 01 जनवरी 2026 से देय तिथि के आधार पर एरियर सहित प्रदान किया जाए।

# टैक्स ऑडिट और आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि दो महीने बढ़ाने की मांग

**रायपुर, 23 सितम्बर।** कैट के नेशनल वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, वाइस चेयरमेन सुरिन्दर सिंह, जीवत बजाज, प्रदेश महामंत्री अवनीत सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष विजय पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, वासु माखीजा, राम मंधान, भरत जैन, राकेश ओचवानी एवं शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि व्यापारियों के शीर्ष संगठन कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने माननीय केंद्रीय वित्त मंत्री एवं अध्यक्ष, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड को एक औपचारिक ज्ञापन भेजकर आकलन वर्ष 2026-27 (वित्तीय वर्ष 2025-26) के लिए टैक्स ऑडिट रिपोर्ट और आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि को 2 महीने आगे बढ़ाने का पुरजोर आग्रह किया है। कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी ने बताया कि आयकर पोर्टल की तकनीकी कमियों, यूटिलिटीज के देर से जारी होने और ञ्जष्टस/ञ्जष्टस्र डेटा के मिलान में आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों के कारण देश भर के व्यापारी और कर सलाहकार भारी दबाव में हैं। त्योहारी सीजन अक्टूबर और नवंबर के दौरान नवरात्रि, दशहरा और दिवाली जैसे प्रमुख त्योहार हैं, जो व्यापारियों के लिए साल का सबसे व्यस्त व्यावसायिक समय होता है।



कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26